सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-205 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 04 जनवरी 2024

21 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# ईरान में दो ब्लास्ट

## 103 की मौत, 170 घायल

### रिमोट कंट्रोल से ब्लास्ट

- सूटकेस में था बम
- पूर्व जनरल की चौथी बरसी पर जुटे थे लोग



**तेहरान**

ईरान में पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास बुधवार को दो सिलसिलेवार धमाके हुए. इन धमाकों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 103 हो गई है जबकि 170 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ये धमाके पूर्व ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए।

ये धमाके सुलेमानी की चौथी बरसी पर हो रहे एक समारोह को निशाना बनाकर किए गए थे। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने इन धमाकों को आतंकवादी हमला करार दिया है। कहा जा रहा है कि ये धमाके ऐसे वक्त हुए जब ईरान के सहयोगी और हमास के नंबर दो सालेह अल-अरौरी बेरूत ड्रोन हमले में मारे गए. ईरान में ये धमाके करमान शहर में साहेब अल-ज़मान मस्जिद के पास हुए, जहां सुलेमानी की कब्र स्थित है और उनकी मौत की चौथी बरसी पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। करमान में स्थानीय मीडिया ने अल अरबिया टीवी को बताया कि बुधवार को पहला विस्फोट एक सूटकेस में रखे बम के कारण हुआ था। इसे रिमोट से ब्लास्ट किया गया था. दूसरे धमाके को लेकर तस्वीर साफ नहीं है. कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक जब सुरक्षा बल मौके पर पहुंचने लगे तो भीड़ में विस्फोट हो गया. यह आत्मघाती हमला या दूर से किया गया दूसरा विस्फोट हो सकता है. दोनों धमाकों के बीच 10 सेकेंड का अंतर था. पहला विस्फोट सुलेमानी की कब्र से 700 मीटर दूर हुआ. दूसरा धमाका सुरक्षा जांच चौकी के पास हुआ।

मुख्यमंत्री योगी ने एमएसएमई इकाइयों को वितरित किया 51 हजार करोड़ का ऋण

# उद्यमियों के चेहरे पर आज खिल रही मुस्कान

- रोजगार के लिए पलायन नहीं करना होगा: मुख्यमंत्री
- वोकल फॉर लोकल अभियान पर सबसे पहले मोहर लगाने वाला राज्य है यूपी
- हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट हो जारी



सीएम योगी ने ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों को चेक और टूल किट वितरित किया

**लखनऊ**

आज उत्तर प्रदेश की प्रगति देखकर हर देशवासी खुश है, जबकि दुनिया अचंभित है क्योंकि वर्ष 2017 से पहले यहां निराशा, हताशा और अराजकता का माहौल था। हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुके हैं। इन पौने सात वर्षों में प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। वहीं प्रदेश सर्वाधिक ग्रोथ रेट और आर्थिक विकास दर के साथ देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह टीमवर्क का ही परिणाम है क्योंकि जब हम सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करते हैं तो उसके परिणाम इसी रूप में हम सभी के सामने आते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने प्लेज योजना के तहत मथुरा, अमरोहा, सीतापुर और मेरठ के प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की। साथ ही सहारनपुर, मुरादाबाद और संभल में ओडीओपी के तीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसके अलावा कौशाम्बी की सीएफसी टीम को स्वीकृति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के एक दर्जन लाभार्थियों को चेक और टूल किट वितरित किया। वहीं मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ई रिक्शा की चाबी सौंपी।

> सीएम योगी ने कहा कि हमें कॉफी टेबल बुक तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट भी जारी होना चाहिये। इसको लेकर प्रयास होने चाहिये क्योंकि यह हमें वैश्विक पहचान दिलाएगा। इतना ही नहीं हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग भी होनी चाहिए ताकि अच्छे उत्पादन की जानकारी की जा सके। उसे पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी से जोड़कर विश्व फलक पर पहचान दिलाएंगे।

## चार सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट न की जाए सार्वजनिक

**वाराणसी**



ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए या नहीं, इस पर बुधवार को जिला जज की अदालत से आदेश नहीं आया। मामले पर जिला जज ने सभी पक्षों को सुनकर गुरुवार को आदेश देने का फैसला लिया है। एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए। क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

## सड़कों पर लौटीं बसें, यात्रियों को राहत

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल तो मंगलवार रात समाप्त हो गई मगर उसका असर बुधवार को दोपहर तक रहा। जिन पेट्रोल पंपों पर मंगलवार को डीजल पेट्रोल समाप्त हो गया था उनमें से ज्यादातर पर दोपहर तक डिपो से पेट्रोल और डीजल के टैंकर नहीं पहुंच पाए। ऐसे में लोगों दूसरे दिन भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार दोपहर तक हजरतगंज के तलवार पेट्रोल पंप सहित शहर के कई पेट्रोल पंप खाली रहे। पेट्रोल पंप की प्रतिनिधि ने बताया कि पेट्रोल मंगलवार शाम को समाप्त हे गया था और डीजल बुधवार सुबह समाप्त हो गया। डिपो से टैंकर दोपहर बाद आया। ऐसे में शाम से पेट्रोल की बिक्री शुरू हो सकी।

## न्यूज डायरी

### बारिश ने बढ़ाई गलन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में बुधवार को बारिश हुई। कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होने से अचानक सर्दी बढ़ गई। पहले ही ठंडी हवा और कोहरे के बीच बढ़ती गलन से लोग परेशान थे, अब बारिश देख लोग ठंड बढ़ने का अंदेशा जता रहे। मौसम विभाग का कहना है कि बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में बरसात के आसार तो दिखाई दे रहे थे, पर अचानक से विकसित हुए सिस्टम ने लखनऊ समेत आसपास बरसात करा दी।

### याचिका सुनवाई योग्य नहीं

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार छह लोगों में से एक नीलम आजाद की तत्काल रिहाई की मांग याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि वह पहले ही निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि आरोपी को अपनी पसंद के कानूनी व्यवसायी द्वारा बचाव की अनुमति देने से इनकार करना रिहाई का आधार नहीं हो सकता है, क्योंकि अनुच्छेद 22 के तहत उसके मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं किया गया है।

# आस्था पर प्रहार कर रहे विपक्षी दल: पीएम मोदी



**त्रिशूर**

- पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन को लिया आड़े हाथ

केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने रोड शो के बाद भाजपा के महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और वाम दलों पर जमकर हमला बोला हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पर देरी की थी, जबकि भाजपा ने कानून लाकर महिलाओं को सशक्त बनाया हैं।

पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है। इंडी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी दल राज्य के विकास और प्रगति को बाधित कर रहा हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की केरल में जीत होगी। महिला सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, अभिनेत्री शोभना, गायिका वैकोम विजयलक्ष्मी और महिला कार्यकर्ताओं के साथ मंच साझा किया। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों से ही देश प्रगति करता हैं। इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी दल राज्य के विकास में बाधा डाल रहे हैं।









# मां जानकी रसोई के 4 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ संपन्न




अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में रोडवेज बस स्टैंड के पास मां जानकी रसोई के 4 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ संपन्न।नगर के समाज समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया मां जानकी रसोई का संचालन 4 वर्ष पूर्व बहुत छोटे स्तर पर प्रारंभ हुआ था।आज 4 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर लगभग 351 कन्याओं को प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया है।इस समय सैकड़ो लोग भोजन करने मां जानकी रसोई आते हैं।रसोई के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान लगभग 82 हजार जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया था। संचालन प्रारंभ होने से अब तक वर्ष के 365 दिन में कोई भी छुट्टी जानकी रसोई में नहीं हुई होली दीवाली जैसे विशेष त्योहारों में भी स्टाफ न आने पर रसोई के सहयोगियों के सहयोग से श्रमदान कर भोजन बनाकर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। रसोई में दिव्यांग नेत्रहीन जैसे लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जानकी रसोई के साथ जानकी एंबुलेंस एवं जानकी प्रयास जान बचाइए मजहब नहीं ब्लड ग्रुप का भी संचालन चल रहा है। 4 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत कन्या भोज में क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा कन्हैया, दुर्गा मेहरोत्रा, एसडीएम अवनीश कुमार, तहसीलदार नीलम तिवारी, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकार अरुण कुमार, इंस्पेक्टर अंबर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला,पंडित चंद्रभाल, प्रदीप वर्मा, देवेंद्र उर्फ बबलू वर्मा, संजीव मल्होत्रा, दिनेश सक्सेना ठाकुर, मनोज गुप्ता, धीरेश सिंह, सभासद राम सिंह राठौर, आशीष रस्तोगी, नरेंद्र यादव, उदय प्रताप, शालू सिंह, पुनीत, रेखा मेहरोत्रा, सुशीला वर्मा, बबली, गुड़िया, लक्ष्मी देवी, शिवपूजन, आकाश, आदित्य, गांधी, धर्मेंद्र, अनूप सक्सेना, शिवम सिंह, करन राठौर, विकास, अमन, नीरज, नन्हे, योगी, ध्रुव गुप्ता, रामनिवास, पप्पू,अनिल, डाक्टर सुनील सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशे में धुत युवकों ने युवक को मारी गोली, युवक की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** सेठ घाट रोड पर शराब पीने का विरोध करने पर नशे में धुत युवकों ने हरियाणा के कैथल के गांव सिरटा निवासी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक नामजद समेत तीन आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है कैथल सदर थाना के गांव सिरटा निवासी बलराम पुत्र रंजीत (43) शहर में सेठ घाट रोड पर बन रहे पंप पर काम करने आया था। बताया जा रहा है कि बलराम पंप के पास ही रहता था देर रात तीन युवक शराब की बोतल लेकर पंप के पास बैठकर शराब पीने लगे बलराम ने उन्हें शराब पीने से रोका तो युवकों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से उसकी मौत हो गई। हत्या की सूचना मिली तो रात करीब 11=30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में एक नामजद समेत तीन आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपी का नाम शिवम है।

# डीएम के निर्देश पर सभी एसडीएम ने किया मंडी समितियां का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सभी मंडी समितियो में फलों, सब्जियों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने और बाजार भाव पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर बुधवार की अल सुबह सभी उप जिलाधिकारियो ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों संग अपने-अपने तहसील क्षेत्र की मंडी समितियां का औचक निरीक्षण कर फल-सब्जियों के दामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फल एवं सब्जी के थोक और खुदरा विक्रेताओं से संवाद किया। बुधवार की सुबह एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंची, जहां उन्होंने मंडी सचिव के साथ फल एवं सब्जी मंडी का भ्रमण कर फल एवं सब्जी विक्रेताओं से संवाद किया।

इस दौरान एसडीएम ने मंडी सचिव को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



गोलागोकर्णनाथ की मंडी समिति में एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने पहुंचकर विक्रेताओं से संवाद किया और मंडी समिति के सचिव को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने मंडी समिति मोहम्मदी, एसडीएम अश्विनी सिंह ने तहसील निघासन की मंडी समिति तिकुनिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय ने मंडी समिति मैगलगंज सहित अन्य एसडीएम ने भी अपने क्षेत्र में पड़ने वाली मंडी समितियां का औचक निरीक्षण कर फल-सब्जियों के दामों का जायजा लिया। डीएम के निर्देश पर जिले की मंडी सचिवों द्वारा मंडियों की सतत निगरानी की जा रही है।

## एसडीएम-सीओ ने किया पंपों का निरीक्षण

**लखीमपुर।** एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने सीओ (सदर) सुबोध जायसवाल के साथ शहर के सभी पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पंपों पर पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता मिली। वही जन सामान्य भी अपने वाहनों में सामान्य तरीके से अपनी आवश्यकता के अनुरूप डीजल पेट्रोल लेते नजर आए। इसके उपरांत एसडीएम, सीओ ने उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के लखीमपुर डिपो (रोडवेज बस स्टेशन) पर एआरएम रोडवेज मुकेश मल्होत्रा की मौजूदगी में चालक-परिचालकों से संवाद किया। इस दौरान प्रतिदिन की भांति सामान्य तरीके से रोडवेज की बसें अपने गंतव्य के लिए रवाना होती मिली।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 01/24 धारा 2ख(17)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहम्मद फारुक पुत्र याकूब को मुखबिर की सूचना पर मिर्जापुर मोड़ थाना ईसानगर जनपद खीरी के पास से 01 अदद अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध तमंचा-कारतूस बरामदगी के संबंध में थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 10/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने टीम गठित कर की छापेमारी, आहरित किये नमूने

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती शिप्रा द्वारा टीम गठित कर खाद बिक्रि केन्द्रों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही की गई। जिसके क्रम मे 17 खाद एवं रसायन बिक्री केन्द्रो का निरिक्षण कर उर्वरक नमूने आहरित किए गये। शिप्रा ने बताया कि कीटनाशी रसायन का नमूना कृषको से वार्ता कर उनकी उपस्थिति में थायोमेथाल्सम 12.6 प्रतिशत लैम्डा साइहैलोथ्रीन 9.5 प्रतिशत जेडसी का नमूना आहरित किया गया। साथ ही विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि संस्तुत रसायन एवं संस्तुत मात्रा में ही कृषको को बिल पर कीटनाशी रसायन की बिक्री करें। निरिक्षण के दौरान विक्रय केन्द्र बन्द कर चले गये विक्रेता का नोटिस जारी किया गया। विक्रय केन्द्र बन्द कर विक्रेता राधे किसान सेवा केन्द्र पहाड़पुर, कृषि सेवा किसान केन्द्र बसेड़ा, बाला जी बीज एवं खाद भण्डार तल्हेड़ी बुजुर्ग को नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कृषकों से आग्रह किया कि अपनी फसल के लिए किसी भी प्रकार की कीटनाशी रसायन क्रय करने से पहले ब्लाक पर कृषि रक्षा ईकाई पर कार्यरत कर्मचारी से कीट एवं रोग के लक्षण बता कर जानकारी करके ही बिल पर दवा क्रय कर संस्तुत मात्रा में ही प्रयोग करें।

## वन गुर्जरों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** वन गुर्जरो की विभिन्न समस्याओ को लेकर सपा विधायक उमर अली खान के नेतृत्व मे वन गुर्जर आज प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग से मिले और अपनी समस्यओ से अवगत कराया। सपा विधायक उमर अली खान ने कहा कि आज वन गुर्जरो को जीवन यापन के लिए काफी समस्याओ को सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि आज भी वन गुर्जर आदि मानवो की तरह जीवन जीने को मजबूर है। परन्तु आज तक इनके बारे मे किसी ने भी कुछ सोचा नही। वन गुर्जरो की विभिन्न समस्याओ को लेकर विधान सभा मे भी उनकी समस्यओ को बताकर समाधान करने की मांग की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आज वन गुर्जरो की विभिन्न समस्याओ को प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग को अवगत कराया गया और उनकी समस्याओ के समाधान की मांग की गई। गुलाम नबी ने सरकार से मांग की कि सरकार वन गुर्जरों के परिवारो को रहने के लिए जगह बनाये। ज्ञापन सौंपने वालों में कई वन गुर्जर शामिल रहे।

## सदर बाजार कोतवाली व थाना चिलकाना प्रभारी लाइन हाजिर

**सहारनपुर।** कानून व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा ने सात थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेर बदल कर सदर बाजार कोतवाली प्रवेश सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि थाना सदर बाजार के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र शर्मा को थाना सदर बाजार की कमान सौंपी गयी है। जबकि थाना सदर बाजार प्रभारी प्रवेश सिह को पुलिस लाईन भेजा गया है। इसके अलावा थाना नानौता प्रभारी त्रिभुवन सिंह को थाना नागल, चौकी प्रभारी चुन्हैटी थाना रामपुर मनिहारान अमित कुमार को थाना नानौता का प्रभारी बनाया गया है।

# जिले के पहले मुफ्ती बनकर लौटे सिराजुद्दीन कादरी

अवधनामा संवाददाता

**डलमऊ, रायबरेली।** रायबरेली में अहले सुन्नत व जमाअत के इलाकाई ऐतबार से सबसे पहले मुफ्ती बन कर लौटे मुफ्ती सिराजुद्दीन कादरी साहब का जामा मस्जिद बड़ा घोसियाना रायबरेली में



हज़रत हाफ़िज़ रियाज़ अहमद साहब की सरपरस्ती और जामा मस्जिद के खतीब वा इमाम हज़रत क़ारी मौलाना मुहम्मद शमीम साहब क़िब्ला की क़यादत में बड़े ही गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया गया। वहीं दूसरी ओर आल इंडिया उलमा वा मशाइख बोर्ड रायबरेली के अध्यक्ष हज़रत हाफ़िज़ मोबीन अशरफी साहब के नेतृत्व में भी हज़रत का गर्म जोशी के साथ फूल माला पहनकर इस्तक़बाल किया गया और घोसी समाज के जिलाध्यक्ष मुश्ताक घोसी साहब के आवास पर इस्तकबालिया प्रोग्राम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ख़िताब करते हुए हज़रत हाफ़िज़ मोबीन अशरफी साहब ने कहा कि ये पूरे जिले के लिये बहुत खुशी की बात है कि हमारे ज़िले में अपना मुकामी मुफ्ती हो गया और सिर्फ मुफ्ती ही नहीं बल्कि हाफ़िज़,क़ारी,मौलाना, आलिम,फाज़िल और मुफ्ती होने के साथ साथ रूहेलखंड यूनिवर्सिटी से यूजी पीजी की पढ़ाई भी मुकम्मल की ऐसा आलिम मिलना इस दौर में मुश्किल है । बताते चले कि मुफ्ती सिराजुद्दीन मुख्य रूप से डलमऊ तहसील क्षेत्र के एक छोटे से गांव सन्तपुर के मूल निवासी हैं और एक किसान परिवार से हैं, हज़रत हाफ़िज़ रियाज़ साहब ने कहा कि मुफ्ती साहब को इब्तिदाई तालीम मैंने ही दी है और फिर बरेली शरीफ़ में जामिया मंज़रे इस्लाम में एडमिशन भी कराया। आखिर में मुफ्ती सिराजुद्दीन ने सभी हज़रात की मुहब्बतों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मुझ पर सबसे बड़ा एहसान हाफ़िज़ रियाज़ साहब का है कि जिन्होंने इब्तिदा से इंतहा तक मेरी रहनुमाई की और बरेली शरीफ़ में अपने ख़र्च से मेरा एडमिशन कराया जो आज मैं इस काबिल बना हूँ । इस मौके पर मुख्य रूप से रज़ा एकेडमी के ऑनर मैथ और इंग्लिश के जादूगर किस्मत अली ,मुन्ना घोसी,उस्मान घोसी, मुश्ताक घोसी, इम्तियाज भाई, मतीन खान, मो.असगर,मुख्तार अहमद भीमगंज समेत कस्बा डलमऊ और रायबरेली जिले से सैकड़ों अहले सुन्नत व जमाअत के लोगों ने बड़ी ही गर्म जोशी और अकीदत से गुलपोशी की। सबने कहा कि रायबरेली की अवामे अहले सुन्नत के लिए बहुत सआदत और खुशी की बात है कि अब उनको फतवा लेने के लिए इलाहाबाद और लखनऊ के चक्कर नही लगाने होंगे अब उनको मुस्तनद मोअक्कर कोहना मश्क़ मुफ्ती मिल गया।

# शोभा यात्रा निकाल अक्षत कलशो को स्थापित किया



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महानगर में आज अयोध्या से आये अक्षत कलशों को शोभा यात्रा निकाल कर स्थापित किया गया।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने इस अवसर पर कहा कि अयोध्याधाम में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर से आशीर्वाद के रूप में यह अक्षत कलश प्राप्त हुए हैं यह हम सभी का सौभाग्य है। शीघ्र ही घर घर अक्षत वितरण किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व के हिन्दू अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि लगभग 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है जिसके साक्षी बनने का सौभाग्य हमे प्राप्त हो रहा है। इस दिन को देखने के लिए असंख्य लोगों ने बलिदान दिया।

माँ जगदंबा मंदिर, श्री राम शाम मंदिर, सीताराम मंदिर, भगवान वाल्मीकि मंदिर, श्री काली माता मंदिर, श्री पातलेश्वर मंदिर में अक्षत कलश स्थापित किये गए।

शोभायात्रा के दौरान अक्षत कलश पर स्थानीय निवासियों ने पुष्प वर्षा कर धारण किया और जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान महिला मंडल ने भजन गाये। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से महंत सुमित भारद्वाज, पंडित दाताराम, पंडित नीतीश, पंडित मुदित भारद्वाज, अवनीश, अजय खटाना, प्रशांत सेनी, रंजू नरूला, पूजा मखीजा, सोनिया, रमन, नीलम, स्नेह गुंबर, आशा गुंबर, अशोक छाबड़ा, मनमोहन सूद, दीपक जाटव, गुलशन शर्मा, मनोज कपूर, पुनीत धीर, जयशंकर शर्मा आदि शामिल रहे।

# इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन फरवरी तक पूरा करें: ग़ज़ल भारद्वाज

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ ग़ज़ल भारद्वाज ने बुधवार की सुबह स्मार्ट सिटी अंतर्गत निर्माणाधीन तीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया और गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाते हुए फरवरी तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का कार्य पूरा होते ही इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा सहारनपुर पहुंच जायेगा। स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज बुधवार की सुबह मानकमऊ पहुंची और निर्माणाधीन इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण करते हुए कार्य योजना की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस के अधिकारियों से मेंटीनेंस शेड, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन व चार्जिंग स्टेशन के सम्बंध में मैप के माध्यम से पूरा विवरण जानने के साथ ही बिजली कनेक्शन, व चार्जर के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने चार्जिंग स्टेशन पर एक समय में बसों की क्षमता के बारे में भी पूछा। कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया गया है। चार्जर किस टाइप का लगाया जायेगा, इसकी जानकारी लखनऊ से मिलने के बाद ही उसकी खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन चार्जिंग स्टेशन 25 बसों की क्षमता का बनाया जा रहा है। परिसर में छह चार्जर लगाये जायेंगे। एक चार्जर से दो बसे चार्ज हो सकेगी। इस प्रकार एक साथ 12 बसे चार्ज की जा सकेंगी और 13 बसे चार्जिंग के लिए प्रतीक्षारत खड़ी रह सकती है। उन्होंने बताया कि एक बस की चार्जिंग में करीब एक घंटे का समय लगेगा। नगरायुक्त ने कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाते हुए 15 फरवरी तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द उसका लोकार्पण कराते हुए शहर के लोगों को ई-बस सेवा उपलब्ध करायी जा सके। इसके अलावा स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त ने मानकमऊ के नया बांस मौहल्ले में स्मार्ट सिटी के तहत बनायी गयी सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पानी निकासी के लिए नाला निर्माण की भी जानकारी ली। क्षेत्रीय पार्षद समीर ने बताया कि सड़क निर्माण तो पूर्ण हो गया है लेकिन नाला निर्माण न होने से पानी निकासी में अभी परेशानी आ रही है। इस पर नगरायुक्त ने कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को नाला निर्माण कार्य तुरंत शुरु करने के साथ ही उसके ढाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि नाले में कही भी पानी का ठहराव न हो।

बाद में स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त ने राकेश सिनेमा के निकट पुराने सब्जी मण्डी स्थल पर स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणाधीन सौ दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन मार्किट के चारों ओर सड़क निर्माण के साथ पानी निकासी के लिए नालियों का भी निर्माण किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माणाधीन मार्किट में वर्षाकाल में जल भराव न हो इसका ध्यान रखते हुए कार्य में तेजी लाने और फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नदी पटरी से मार्किट की ओर जाने वाले प्रवेश स्थल पर एंट्री गेट के निर्माण का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त ने निर्माणाधीन मार्किट के निकट नव निर्मित शौचालय का संचालन कराने और उसके आसपास साफ सफाई कराने के निर्देश भी नगर स्वास्थय अधिकारी को दिए। उन्होंने आसपास के दुकानदारों से भी सुझाव लिए।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते दो अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले एक आरोपी को थाना मण्डी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम ने आने जाने वाली महिलाओ पर अश्लील फब्तिया कस रहे अभियुक्त 22 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र सोम कुमार निवासी श्यामपुरी गली न.- 2 थाना मण्डी को चौकी क्षेत्र कटहरा प्रथम में गांधी कालौनी के तिराहे थाना मण्डी से गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सौलंकी, हैड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल रविन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल शिवानी व मीनाक्षी शामिल रही।

इसके अलावा इसी थाना पुलिस ने तुषार पुत्र लाखन निवासी श्यामपुरी बगीची को महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते हुए धोबी घाट से श्यामपुरी जाने वाले रास्ते के मोड़ से आज गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफमुकदमा पंजीकृत किया गया।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाला वांछित आरोपी दबोचा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के वांछित चल रहे आरोपी थाना नागल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गौरतलब रहे कि 13 दिसम्बर को एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध मे थाना नागल पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना में नाबालिग लडकी को भगाने वाला अभियुक्त मनोज पुत्र रूप सिंह निवासी हरेवाली थाना शेरपुर जिला बिजनौर का नाम प्रकाश मे आया था। थाना नागल पुलिस ने आज अभियुक्त मनोज पुत्र रूप सिंह निवासी हरेवाली थाना शेरपुर जिला बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को पूर्व मे ही बरामद कर पीडिता के बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे 376 भादवि पाक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी, उपनिरीक्षक असगर अली व कांस्टेबल रणपाल सिंह शामिल रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में गरीबों को बांटे कम्बल

**सहारनपुर।** सर्दी से बचाव को आज महापौर डॉ.अजय सिंह ने निराश्रित गरीब लोगों को कम्बल बांटे और केन्द्र सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया।

आज गलीरा चौक पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान नमो ऐप के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने को ऐप डाउनलोड कराया गया। इस अवसर पर निराश्रित गरीब लोगों की सहायता को महापौर डॉ.अजय सिंह ने कम्बल वितरित कर कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जनता तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है, ताकि आमजन योजनाओं का लाभ ले सकें। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि जनपद में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तहसील दिवस में प्रतिभाग करेंगे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करेंगे। शेष तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी जिसमें संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि 06 जनवरी 2024 को तहसील नकुड़ में उनकी अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 20 जनवरी को सहारनपुर में, 03 फरवरी को बेहट में, 17 फरवरी को रामपुर मनिहारान में, 02 मार्च को देवबन्द में, 16 मार्च को नकुड़ में, 06 अप्रैल को सहारनपुर में, 20 अप्रैल को बेहट में, 04 मई को रामपुर मनिहारान में, 18 मई को देवबन्द में, 01 जून को नकुड़ तथा 15 जून को सहारनपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में 06 जनवरी को देवबन्द में, 20 जनवरी को नकुड में, 03 फरवरी को सहारनपुर में, 17 फरवरी को बेहट में, 02 मार्च को रामपुर मनिहारान में, 16 मार्च को देवबन्द में, 06 अप्रैल को नकुड़ में, 20 अप्रैल को सहारनपुर में, 04 मई को बेहट में, 18 मई को रामपुर मनिहारान में, 01 जून को देवबन्द तथा 15 जून को नकुड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में 06 जनवरी को रामपुर मनिहारान में, 20 जनवरी को देवबन्द में, 03 फरवरी को नकुड में, 17 फरवरी को सहारनपुर में, 02 मार्च को बेहट में, 16 मार्च को रामपुर मनिहारान में, 06 अप्रैल को देवबन्द में, 20 अप्रैल को नकुड में, 04 मई को सहारनपुर में, 18 मई को बेहट में, 01 जून को रामपुर मनिहारान तथा 15 जून को देवबन्द में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

# गणतंत्र दिवस थीम पर महिलाओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** वैश्य महिला अग्र समिति की बैठक में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति को इलाज के लिए 21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी।

आज दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में वैश्य अग्र महिला समिति द्वारा गणतंत्र दिवस की थीम को लेकर एक बैठक का आयेजन किया गया। संयोजिका सरू अग्रवाल व अंशु गुप्ता ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर गणतंत्र दिवस थीम पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रश्नमंच, लघु नाटिका व नृत्य गायन प्रमुख रहे। जिसमें सभी महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर नृत्य भी किया।

इस अवसर पर समिति की ओर से एक गरीब व्यक्ति को उपचार हेतु सदस्यों द्वारा एकत्रित 21 हजार रूपये की धनराशि सहायता के रूप में प्रदान की गई और शीघ्र ही एक गरीब कन्या के विवाह हेतु सामान दिये जाने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रितु, अंजलि, मीनाक्षी, प्रतिमा, नेहा, अंशु, ममता, सीमा, अलका आदि सदस्य मौजूद रही।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का दो माह का वेतन भुगतान न होने पर प्रदर्शन किया



**कानपुर नगर अवधनामा संवाददाता।** कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का 2 माह का वेतन भुगतान न होने पर प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के दरमियान नगर आयुक्त महोदय द्वारा संघ का प्रतिनिधिमंडल के पांच सदस्यों को बुलाकर वार्ता किया और अस्वस्थ किया आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भेज दिया जाएगा और केयरटेकर विभाग के निकाले गए 10 कर्मचारी में जो काम करने वाले हैं उनको पुनः वापस किया जाएगा शेष मांगों के संबंध में सोमवार को दिनांक 8 जनवरी 2024 को समस्त अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। आश्वासन के साथ कर्मचारियों ने प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा किया और नव वर्ष की बधाई नगर आयुक्त महोदय को दिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से देवीदीन भाऊ, रमाकांत मिश्रा, नीलू निगम, मुन्ना हजारिया, मुन्ना पहलवान,नरेंद्र खन्ना, मणिलाल भारती, शिव शंकर मिश्रा, नीरज, संजय मिश्रा, हिमांशु निग,म वकील मसूद, संजय हजारिया, विमल, लल्लू दे दिया है आदि लोक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सपा व्यापार सभा में प्रदीप प्रदेश सचिव घोषित

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** 2024 लोकसभा के चुनाव की तैयारी को लेकर



समाजवादी पार्टी के किदवई नगर विधानसभा के सक्रिय सदस्य की कार्य कुशलता को देखते हुए समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कानपुर निवासी प्रदीप तिवारी को प्रदेश सचिव घोषित किया है। नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव प्रदीप तिवारी ने कहा की आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ताकत देने का काम करूंगा। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया।

## घर की साफसफाई कर दीया जलाने की अपील

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा अगामी 22 जनवरी



को अयोध्या में श्रीरामलला जी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। भगवान राम के अयोध्या आगमन के समय जिस प्रकार दीपावली का त्योहार मनाया जाता है, उसी प्रकार प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन प्रत्येक शहरवासी से अपने घर की साफ- सफाई कर दीया जलाने की अपील की। महापौर के दिशा निर्देशन में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हेतु 4 से 22 जनवरी तक श्री रामलला जी के आयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा हेतु आवश्यक तैयारियॉ के लिए प्रत्येक पार्षद को 5100 दीये तेल, बत्ती सहित दिये जायेंगे, जो अपने क्षेत्र के मन्दिरों, मलिन बस्तियों एवं गरीबों को वितरण करेंगे। प्रत्येक वार्ड के प्रमख मन्दिरों को सजाया जायेगा। 4 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन 01 घंटे बाजारों पदयात्रा निकाली जायेगी, जिसमें भगवा झंडा के साथ, सफाई, ढोल, मंजीरा के साथ गायन भी होगा। 2 जनवरी को पूज्य धर्मगुरूओं से वार्ता में 22 जनवरी को पनकी, जागेश्वर, वनखंडेश्वर, सिद्धनाथ मंदिरों एवं गुमटी गुरूद्वारा को सजाया जायेगा। एलईडी पर प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण होगा, साथ ही क्राइस्ट चर्च, ग्वालटोली चर्च, कैण्ट चर्च को सजाये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी है।

## कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बने अखिल कुमार

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के गठन के बाद 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिल कुमार पांचवे कानपुर के पुलिस कमिश्नर बने है, जिनकी नाम तेज तर्रार अधिकारियो में गिना जाता है और उन्हे शासन से कई मैडल प्रदान किए चुके है। 2005 में अखिल कुमार ने कुख्यात डकैत निर्भय गुर्जर का एनकाउंटर किया गया साथ ही एक बडे कारोबारी के पुत्र के अपहरण के प्रकरण का खुलासा किया था कानपुर के नए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एक तेज-तर्रार अधिकारी है तथा वह 2010 में डीआईजी मेरठ पद पर रह चुके है। उन्हे कार्यो पर शासन द्वारा उन्हे कई बार मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। उन्होने उत्तर प्रदेश के लखनऊ सहित गाजियाबाद, कन्नौज, अमरोहा तथा गाजियाबाद में एसपी, एसएसपी के रूप में कार्य किया है।

# डीटीओ ने जनप्रतिनिधियों से क्षयरोगियों को गोद लेने का किया आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** सेहत सभी के लिए जरूरी है। किसी भी प्रकार की बीमारी इंसान को कमजोर बना देती है। ऐसी ही टीबी एक गंभीर बीमारी है जिसके हो जाने पर इंसान की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। लेकिन यदि लक्षण दिखने पर और जांच में टीबी की पुष्टि होने पर इसका नियमित और सम्पूर्ण उपचार कराया जाए तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है।

सरकार की ओर से टीबी मरीजों को उपचार के दौरान हर माह 500 रुपये भी दिये जाते हैं। सरकार की इस मुहिम में शामिल होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएँ। यह कहना है सांसद सत्यदेव पचौरी का। मुख्य अतिथि के तौर पर वह बुधवार को सभागार, विकास भवन में जिला क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जनप्रतिनिधियों की संवेदीकरण बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ आलोक रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र मैथानी, विधायक गोविन्द नगर, महेश त्रिवेदी, विधायक किदवईनगर व नीलिमा कटियार, विधायक कल्याणपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ आरपी मिश्रा ने सभाकक्ष में सभी को टीबी मुक्त भारत बनाने और टीबी मरीजों से किसी प्रकार का भेदभाव न रखने के संबंध में शपथ दिलाई। संवेदीकरण में क्षयरोग के लक्षण एवं उसके सफल इलाज के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारियां दी गयीं। सीएमओ ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने की सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) ने कहा की क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेने से उन्हें पोषण सामग्री तो मिलती है साथ ही सामाजिक और भावनात्मक सहयोग भी मिलता है, जो उन्हें बीमारी से जल्दी ठीक होने में मदद करता है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को प्रस्तुत किया और इसमें माननीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका के महत्व को स्पष्ट किया और उनसे अपील की वे टीबी मरीजों को गोद लेकर भारत को टीबी मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान करें। सांसद ने कहा टीबी के निदान की जानकारी समाज के निचले वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुचनी चाहिये। माननीय विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने विधानसभा क्षेत्रवार मरीजों की सूची चाही जिन्हे पोषण हेतु गोद लिया जा सके, विधायक नीलिमा कटियार ने आशा आगंनवाड़ी की बैठकों में टीबी की जानकारी देने का सुझाव दिया तथा माननीय विधायक महेश त्रिवेदी ने मलिन बस्तिओं में टीबी जांच कैंप लगाने का सुझाव दिया।

इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रमित रस्तोगी, डॉ यूबी सिंह व समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक राजीव सक्सेना, विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाहकार डॉ दिव्या गुप्ता,एनजीओ एचएलएफ पीपीटी के बलवान सिंह सहित एनटीईपी के कर्मचारियों में सुधीर यादव, प्रेमशंकर, शमशुद्दीन शेख, कौस्तुभ व अन्य लोग मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पांच को

**कौशाम्बी।** आयुष्मान भारत के सौजन्य से आयुष - हेल्थ वेलनेस सेन्टर, पश्चिमशरीरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पांच जनवरी को किया जा रहा है जिसमे समस्त क्षेत्र वासियों को इलाज व जांच अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिमशरीरा, जनपद कौशाम्बी मे क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी कार्यालय द्वारा दिनांक 5जनवरी दिन शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर मे पंचकर्म एवं क्षार सूत्र विधि द्वारा बवासीर, भगंदर, फिशर एवं पंचकर्म द्वारा जोड़ों के दर्द, श्वास रोग,पेट के रोग एवं अन्य समस्त रोगों के मरीजों की जांच एवं इलाज निशुल्क किया जाएगा। इस शिविर मे डा ज्ञानेश्वर सिंह प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कौशाम्बी व डॉ बी एम त्रिपाठी प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिमशरीरा, कौशाम्बी, डॉ अक्षय लाल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कौशाम्बी की टीम द्वारा शिविर में मरीजों का परीक्षण एवं इलाज किया जाएगा।

## पुलिस सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर नगर।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में एचबीटीयू परिसर के शताब्दी भवन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान क्रिटिकल वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए समस्त सेक्टर अधिकारी अपने-अपने भ्रमण के दौरान अपने आवंटित सेक्टर के अंतर्गत प्रत्येक बूथ का भ्रमण कर वल्नरेबिलिटी के संबध में आकलन किया जाना सुनिश्चित करें। समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पूर्व चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित जानकारी एवं वोटरों को निष्पक्ष चुनाव में प्रतिभाग करने से प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के संबंध में थानों से आपराधिक प्रवत्ति के लोगों का चिन्हाकन समस्त सेक्टर पुलिस अधिकारियों द्वारा किया जाए एवं निर्धारित प्रारूप बीएम-1 की रिपोर्ट अपने अपने संबंधित थानों से एकत्र कर अपने संबंधित प्रभारी पुलिस अधिकारी को 2 दिनों में के अंदर उपलब्ध कराए। समस्त सेक्टर अधिकारी भ्रमण के दौरान मतदान केंद्रों पर ए0एम0एफ़0 मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता जैसे- सेन्टर तक पहुंच मार्ग, बूथों पर दिव्यांग मतदाताओ के लिए रैम्प, शौचालय, पेयजल, बिजली आदि अन्य व्यवस्थाओं का सर्वे करते हुए अपने भ्रमण की रिपोर्ट अपने संबंधित ए0आर0ओ0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 राजेश कुमार उपस्थित रहे।

## पिकअप की टक्कर से ई रिक्शा चालक गम्भीर



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित पिक अप ने ई रिक्शा मे जोरदार टक्कर मारी। पिक अप की टक्कर लगने से ई रिक्शा का चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया है। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंहमय फोर्स घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को निजी कार से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। ई रिक्शा चालक विनोद कुमार निवासी भेलखा थाना मंझनपुर ई रिक्शा मे सप्लाई लादकर जा रहा था तभी पिक अप चालक लापरवाही से पिक अप चलाते हुए टक्कर मार दिया जिससे रिक्शा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष पश्चिमशरीरा व चौकी इंचार्ज चम्पहा विपिन यादव मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल अपनी निजी कार से जिला अस्पताल भेजा जहाँ उसका इलाज चल रहा है।

## सिराथू में चला बाबा का बुलडोजर



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कौशांबी जिले के सिराथू में रेलवे और ब्रिज के निर्माण में रुकावट बन रहे कई मकानों पर बाबा का बुलडोजर चल गया। जिसको लेकर आसपास के क्षेत्र में हल्का मच गया। बताया जा रहा है कि नोटिस मिलने के बावजूद ये लोग मकान नही गिरा रहे थे। साथ मुआवजे की मांग पर डटे हुए थे और आखिरकार रुकावट बंद रहे मकानों के ऊपर बुलडोजर चलाया गया। आपको बता दें की सिराथू तहसील के शुजातपुर बम्हरौली गांव में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू है। विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। लेकिन ओवरब्रिज के निर्माण में अवरोधक बने हुए दर्जनों मकानों के मालिक नोटिस दिए जाने के बावजूद गिरा नही रहे थे। जिसके बाद बुधवार को राजस्व विभाग टीम, तीन थानों की पुलिस और सेतु निगम कर्मचारियो की मौजूदगी में बुलडोजर से चिन्हित मकानों को जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। लोगो में अफरा तफरी मची रही। वहीं जिन लोगों के मकान गिरे उनके चेहरे पर मायूसी दिखाई दे रही थी।

## भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सर्वोदय नगर स्थित विंध्यवासिनी होटल में विगत एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा की आज पूर्णाहुति व महा भंडारे के साथ समापन हुआ। इसके पूर्व कथा वाचक उमेश कुमार मिश्रा ने द्वारकाधीश एवं रुक्मणी के विवाह का अपनी ओजस्वी वाणी में सुंदर चित्रण कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। साथ ही भक्तों ने फूलों से भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेलकर पूरे कथा स्थल को वृंदावन के रूप में सद्यकार कर दिया .कथा के दौरान कृष्ण -सुदामा के किरदार का भी जीवंत मंचन हुआ जिसमें आलोक अग्रवाल ने कृष्ण के रूप में सुदामा का पैर धोकर सेवा की। कथा के उपरांत हवन के द्वारा पूर्णाहुति दी गई तथा भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा पूर्णाहुति कार्यक्रम में पवन अग्रवाल ने भक्तों व समस्त आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राम अवतार अग्रवाल जगदीश प्रसाद सत्यनारायण अग्रवाल गोविंद अग्रवाल अनिल अग्रवाल विकास अग्रवाल सर्व मित्र भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का शासनकाल किसी हिटलरशाही से कम नहीं था: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के अकबरनगर में हुई घटना को लेकर हमलावर कांग्रेस खुद के गिरेबां में झांकने की हिम्मत क्यों नही जुटाती। उसे 15 अप्रैल 1976 का वह काला दिन और दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड जरूर याद रखना चाहिए। दो मुंह वाली कांग्रेस ने जो कातिलाना जुल्म किया था उसे आज भी मुसलमान भूल नही सका है। इतिहास ही बताता है कि कांग्रेस का शासनकाल किसी हिटलरशाही से कम नही था। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता की इच्छा पूरी करने के लिए तत्कालीन तहसीलदार ने उस समय की सरकार से मिलकर झूंठ की आड़ में मुस्लिमो की बड़ी आबादी को सिरे से हटाने का जो चक्रव्यूह तैयार किया उसे कोई भुला नही सका। एक नेता को खुश करने के लिए बड़ी संख्या में बुलडोजर चलवाया गया, रातोरात बड़ी आबादी को चले जाने को मजबूर किया गया। दिल्ली के तुर्कमान गेट वासी बेबसी के आंसू बहाते रहे पर उनकी एक न सुनी गई बल्कि उनका दमन करने की योजना बनाई गई। कांग्रेस सरकार के साये में निर्दोष बाशिंदों पर गोलियां चलाई गई, संख्या 12 की बताई गई जबकि करीब 150 के आस पास लोग फायरिंग में हलाक हुए। झूंठ यह बोला गया कि वहां के लोग नसबंदी कार्यक्रम का विरोध कर रहे थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में सच यह था कि कांग्रेस शासनकाल में निर्दोष निहत्थे मुसलमानों पर गोलियां बरसाई गई थीं क्योंकि दिल्ली के तुर्कमान गेट के रहने वाले हजारों लोग उन्हें उजाड़े जाने का विरोध ही कर रहे थे। इस दमनकारी नीति का खामियाजा कांग्रेस को 1977 के चुनाव में भुगतना पड़ा जब मुसलमानों के एक बड़े तबके ने कांग्रेस को वोट नही किया।

# जम्मू और कश्मीर से आये पत्रकार दल ने लखनऊ में अपर मुख्य सचिव-कृषि देवेश चतुर्वेदी से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता



**कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में प्राप्त की जानकारी**

**लखनऊ।** केंद्रीय योजनाओं के प्रचार -प्रसार और उनको जन- जन तक पहुँचाने के लिए देश भर में चल रहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्राज्जीय मीडिया कवरेज हेतु जम्मू और कश्मीर से आये एक पत्रकार दल ने आज लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों का अवलोकन किया और लाभार्थियों से उनकी कहानी उनकी जुबानी सुनी। इससे पूर्व पत्रकार दल ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव -कृषि श्री देवेश चतुर्वेदी से मुलाक़ात कर इस यात्रा कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की. विभिन्न मीडिया संस्थानों के इस 13 सदस्यीय दल का नेतृत्व पत्र सूचना कार्यालय -पीआईबी लखनऊ के द्वारा किया जा रहा है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 604 प्रचार वाहन चल रहे हैं और अब तक 39 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये। इन कार्यक्रमों और यहां लगाए गए शिविरों में अबतक 2 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया है। उन्होंने बतया कि नगरीय क्षेत्रों में अबतक 1166 स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम हुए है जिनमें औसतन 1500 लोग शरीक हो रहे है जिनकी कुल संख्या 16 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों के दौरान लगाए गये कैम्प के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अबतक 24 लाख आयुष्मान कॉर्ड बनाये गये है. उन्होंने बताया कि एक परिवार में कई योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की संख्या विकसित भारत यात्रा के कार्यक्रमों के माध्यम से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि आज देश में करोड़ों परिवार एक साथ कई सरकारी के जरिए एक सम्मानजनक जीवनयापन के लिए जरूरी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर पा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संकल्प यात्रा के दौरान संचालित शिविरों में 1लाख 74 हजार से अधिक नये लाभार्थी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े। वहीं 28 लाख 5 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये. देश व्यापी इस यात्रा के 15 नवम्बर 2023 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खूंटी,झारखण्ड से हरी झंडी दिखाने के बाद अब तक प्रदेश में ग्रामीण विभिन्न सरकारी योजनाओं से कुल 43 लाख 41 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिला है और इन लाभार्थियों में से 2 लाख 47 हजार से अधिक लोगों ने अपनी सफलता की कहानियाँ मेरी कहानी, मेरी जुवानी दर्ज कराई है। बायोमेट्रिक के माध्यम से वन नेशन वन राशन कार्ड से लोगों को काफी फायदा हुआ है और जीवन जीने की राह आसान हुयी है।

## कर्ज के बोझ से परेशान होकर खुद को मारी गोली

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दुबग्गा क्षेत्र मे सुनील कुमार (45) ने खुद को



गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह करीब 8 बजे पुलिस को जब व्यक्ति के आत्महत्या की सूचना मिली तो पुलिस ने आनन फानन मे मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही जब आलाधिकारियों को घटना की जानकारी मिली तो एसीपी, एडीसीपी, डीसीपी भी मौके पर पहुच गए और जांच करने लगे। वही मौके से पुलिस को 15 बोर के तमंचा के साथ एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। बता दे कि मूल रूप से ठाकुरगंज के रहने वाले सुनील कुमार ने बीती रात खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वर्तमान मे मृतक सुनील कुमार डूडा कालोनी के असरहीन कालोनी मे रहकर पहले ब्याज पर पैसा देकर अपनी जीविका चलाता था फिलहाल वो दिल्ली से जाकेट लाकर यहा हाकरो को बेचने का काम करता था। मृतक सुनील कुमार अपने पिता जगदंबा पत्नी गुडिया, बड़े भाई छन्नू व दोस्त राकेश के साथ रहता था। मृतक सुनील कुमार के परिवार मे पत्नी गुड़िया, बेटा हिमांशु, अभय, करण और बेटी संध्या व मानसी है।

## सिकरीराजा में पहुंची भाजपा जिलाध्यक्ष



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकरी राजा में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल पाकर बुजुर्गो के चेहरे पर खुशी झलकी। क्षेत्रीय ग्राम सिकरीराजा में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य व ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन की उपस्थिति में गांव के निर्धन व बेसहारा बुजुर्गों को कंबल वितरण किए गए। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजसेवा का संकल्प अच्छी बात है। यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणाप्रद होता है। इसलिए लोगों को बढ़ चढ़कर समााज हित के कार्यों में आगे आना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि समाजहित के कार्यों को लोग याद करते हैं। समाजसेवा यदि लक्ष्य बनाकर की जाए तो निश्चित ही अच्छा परिणाम मिलता है। ग्राम प्रधान आलोक वर्मा ने पुष्प भेंट कर अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गांव के गरीब, मजदूर, आसहाय, वृद्ध, दिव्यांग व्यक्तियों को 100 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन मनोज बादल ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, कैलाश बाबू वर्मा देवरी, उपेंद्र सिंह गुर्जर अरविंद व्यास, बृजकिशोर शर्मा, बब्लू वर्मा, ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, मोहित कुमार, उत्तम वर्मा धनौरा, क्रांति शर्मा, दीपेंद्र सेंगर, मनीष कुमार, जितेंद्र गुर्जर, संजीव तिवारी, कौशलेंद्र कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# पोषण देने के साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी रखे ध्यान

## निक्षय मित्रों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण सामग्री दी जा रही है उसे खाकर रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। जो भी निक्षय मित्र बने है, वे मरीज से सम्पर्क कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी नियमित लेते रहे। इससे मरीज का आपसे भावनात्मक जुड़ाव हो जायेगा। जिससे वह अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को खुलकर बताने लगेगा। फिर हमारा दायित्व है कि उसकी समस्याओं का निराकरण करा दे। श्री मिश्र ने कहा कि समाज के सक्षम व्यक्ति को आगे आकर इस पुनीत कार्य का भागी बनना चाहिये। ताकि आम जनमानस के सहयोग से प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त 2025 के सपने को साकार किया जा सके। सम्मानित होने वालों में रोटरी क्लब कुशीनगर, नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान कुशीनगर, मारवाड़ी युवा मंच हाटा, डॉ राजीव मिश्र, डॉ विकास गुप्ता, डॉ के.पी.गौड़, डॉ अजय शुक्ला, डॉ अमृता राय, डॉ द्वारिका, डॉ संतोष यादव, होमियो चिकित्सक हाटा डॉ विपिन सिंह, डॉ विनोद कुमार गुप्ता, जगदीश सेवा न्यास गौरी श्रीराम, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भारद्वाज, एस एल एम स्कूल के प्रबन्धक अविनाश मिश्र, अध्यापक अवनीश कुशवाहा, सामाजिक कार्यकत्री अंजली मिश्रा, समाजसेवी मोनू जिंदल, कपड़ा व्यवसायी अजित यादव, दवा व्यवसायी पंकज श्रीवास्तव, स्वास्थ्य कर्मी रमेश प्रसाद त्रिपाठी, राकेश सोनकर, विवेक यादव, विशाल जयसवाल, निशांत मिश्र, आशुतोष कुमार मिश्र, राजीव राय, सुमन्त कुमार शुक्ल, रजनीश त्रिपाठी, प्रधान राधेश्याम, साहिल अहमद, अजीम आलम, नलिन सिंह, प्रशांत सिंह आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम में आये आगतुंको का स्वागत एवं आभार जिलाक्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने किया। संचालन एसटीएलएस आशुतोष मिश्र ने किया। इस दौरान ज्वाइन मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिला मजिस्ट्रेट,डब्लू एच ओ सलाहकार डॉ दीपक चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र, पीपीएम नितेश राय, अमित राय, सभासद प्रतिनिधि मनीष रूंगटा, आशीष आदि उपस्थित रहे।

## एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड की शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) रुपे रीलोडेबल प्रीपेड कार्ड की शुरुआत करने की घोषणा की। वन नेशन, वन कार्ड÷ पहल के अनुरूप, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्लेटिनम ईएमवी चिप-समर्थित संपर्करहित प्रीपेड कार्ड एक इंटर-ऑपरेबल और बहुउद्देश्यीय परिवहन कार्ड है जिसका उपयोग देश भर में सार्वजनिक परिवहन मेट्रो तथा आने वाले समय में बस, ट्रेन, कैब, फेरी, टोल और पार्किंग के भुगतान के लिए किया जा सकता है।

कार्ड का उपयोग एटीएम से दैनिक नकदी आहरण तथा पीओएस व ई-कॉमर्स के माध्यम से भुगतान के लिए भी किया जा सकता है। यह कार्ड ग्राहकों और जो ग्राहक नहीं हैं, दोनों के द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखाओं से प्राप्त किया जा सकता है और यह वास्तविक समय में उपयोग के लिए तुरंत सक्रिय कर दिया जाएगा। कार्ड एनसीएमसी-विशिष्ट टर्मिनलों पर ऑनलाइन लेनदेन के साथ-साथ ऑफ़लाइन लेनदेन को भी सपोर्ट करता है। किसी भी समय पर अधिकतम ऑनलाइन वॉलेट बैलेंस 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपए) और अधिकतम ऑफ़लाइन वॉलेट बैलेंस 2,000/- (केवल दो हजार रुपए) रखने की अनुमति है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री लाल सिंह ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड, कैशलेस व ऑन दि गो लेनदेन को एक नई दिशा देने तथा उपयोगकर्ताओं के सार्वजनिक परिवहन में आवागमन के अनुभव को बेहतर बनाने की क्षमता रखता है। बहुत सारे उपयोग के साथ, यह कार्ड कार्डधारकों को असीम सुविधा, फ्लेक्सिबिलिटी और सुरक्षा प्रदान करता है। बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए एक निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से कार्डधारक, ऑनलाइन वॉलेट में पैसे लोड/रीलोड कर सकते हैं। ऑफ़लाइन वॉलेट को दूरस्थ स्थानों पर मौजूद चयनित एनसीएमसी टर्मिनल ऑपरेटरों के माध्यम से रीलोड किया जा सकता है।

## स्थाई आश्रय गृह का डीएम-एडीएम ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद के स्थाई आश्रय गृह, फतेहगढ़ का रात्रि में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी (वि/रा)-परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र प्रजापति जी के द्वारा निरीक्षण किया गया। शेल्टर होम से सम्बंधित सभी सुविधाओं (अलाव, कम्बल, गर्म पानी, केयर टेकर, खाने आदि) की जानकारी ली। सबसे पहले पुरूष डोरमेट्री में ठहरे अन्तःवाशियों से उनका कुशलक्षेम जाना, खानपान की जानकारी ली, रसोई के उपयोग के सम्बंध में चर्चा की। अन्तःवाशियों द्वारा बताया गया कि सुबह चाय मिलती है व खाना बनाने के लिए गैस, बर्तन व ज़रूरत पर राशन भी उपलब्ध कराया जाता है। अंत मे अन्तःवासियों की इंट्री रजिस्टर में चेक की। सभी सुविधाएं सुनिश्चित पायी गयीं। शीतलहर के मद्देनजर नगर पालिका को ई-रिक्शा/टेम्पो से मोबलाइजेशन/रेस्क्यू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी/परियोजना गजराज सिंह यादव, सीएमएस अनुज प्रताप सिंह चौहान, नगर पालिका कर्मचारी व संस्था से आबिद मंसूरी जी तथा शेल्टर होम के सभी केयर टेकर उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवी संस्था ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्था ने बढ़ती ठंड को देखते हुए सार्थक कदम उठाया है। संस्था द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। ठंड से राहत का सामान पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए, लोगों ने संस्था के इस कदम की सराहना की। ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्था गोकुला की ओर से बुधवार को गोकुला गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम मिल्कीपुर न्यायिक अशोक कुमार सैनी ने संस्था की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। एसडीएम ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं आज बढ़-चढ़कर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, यह संस्था की ही देन है कि आज हजारों



जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण किया जा रहा है, उन्होंने संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह की भी सराहना की।आशुतोष सिंह ने बताया कि मेरे संस्था की ओर से विगत 4 वर्षों से गरीब, आसहाय लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिह्नित कर कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मेरी संस्था की ओर से परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन करने वाले छात्रों को भी समय-समय पर कापी पेन उपलब्ध कराया जाता रहता है। इतना ही नहीं विद्यालयों में पंखा एवं वाटर कूलर भी उपलब्ध कराए गए है।इतना ही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि समाज की सेवा करने का मौका मुझको मेरे चाचा अमेरिका में रह रहे प्रो. डॉ हरि प्रताप सिंह एवं चाची अर्चना सिंह से मिली कोरोना काल के समय में उन्होंने अपने सहयोगी सुरेश चंद्र डालमिया के साथ मिलकर अमेरिका में रहते हुए भी अपने देश तथा क्षेत्र के लोगों के बारे में सोचा और समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को हर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते रहते हैं। उन्ही के सहयोग से आज विशाल कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओपी तिवारी ने किया।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**पूरा बाजार- अयोध्या।** तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन



वितरित कर उन्हे आधुनिक बनाने के लिए पी डी पांडे राजपति महाविद्यालय अंजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि अयोध्या में निवास कर रहे हैं आज पूरी दुनिया अयोध्या की तरफ देख रही है क्योंकि भगवान श्री राम लला पांच सौ वर्षों की प्रतिछा के बाद आगामी 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में विराजमान होंगे । आने वाले दिनों में अयोध्या नगरी एक हाइटेक सिटी बनेगी यहां के लोगों के लिए रोजगार की कमी नहीं रहेगी । क्योंकि पर्यटन के साथ-साथ रामनगरी में उद्योगपति तरह-तरह के उद्योगों को लगाने पर भी विचार कर रहे हैं जिसमें यहां के युवाओं को रोजगार मिलना स्वाभाविक है । श्री गुप्ता ने युवाओं से स्मार्टफोन का सदुपयोग करने की अपील करते हुए कहा की स्मार्टफोन के जरिए छात्राएं आधुनिक से आधुनिक जानकारी हासिल कर अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं।

# प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 193 जयंती मनाई

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज- अयोध्या।** 3 जनवरी नारी मुक्ति दाता प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 193 जयंती पर अनुसूचित जाति जनजाति विकास समिति गोसाईगंज के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अकारीपुर के भीम नगर में स्थित डॉक्टर अंबेडकर पुस्तकालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सहाय की अध्यक्षता एवं पुस्तकालय प्रभारी राम जीत गौतम के संचालन में हुई गोष्ठी को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी देश की महिलाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से 1858 में पाठशाला खोलकर महिलाओं को शिक्षित करने का ऐतिहासिक कार्य प्रारंभ किया ततकालीन समय लोगों ने काफी विरोध किया लेकिन हर झंझावातों का मुकाबला करके अपने पति महात्मा ज्योतिबा राव फुले के सहयोग से उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य अनवरत करती रही यही नहीं उन्होंने महिला समाज के उत्थान हेतु कई अन्य कार्यक्रमों को चलाकर लोगों में जागरूकता लाने का कार्य किया बहुजन समाज पार्टी की मुखिया सुश्री मायावती जी ने अपने शासनकाल में सावित्रीबाई फुले जी के नाम से हाई स्कूल उत्तरिट होने वाली छात्रों को सावित्रीबाई फुले शिक्षा मदद योजना के तहत एक साइकिल और 25000 रुपए देने का ऐतिहासिक कार्य जहां किया वही दर्जनों अन्य योजनाओं को चलाकर उत्तर प्रदेश में विकास करने का ऐतिहासिक कार्य किया लेकिन राजनीतिक बदले की भावना से ग्रसित होकर समाजवादी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासनकाल में सभी योजनाओं को धीरे-धीरे बंद कर दिया हमें बहुजन समाज में पैदा हुए सभी संतो गुरुओं महापुरुषों के सम्मान हेतु बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

## 15000 कंबल व मेधावियों को साइकिल वितरण करने की तैयारी जोरों पर

**पूरा बाजार- अयोध्या।** स्वर्गीय प्रभात सिंह की पुण्यतिथि आगामी 5 जनवरी 24 को मडना में गरीबों असहाय एवं विकलांगों को 15000 कंबल तथा विकासखंड पूरा बाजार के प्रत्येक गांव में हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वालों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देने के कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम के आयोजन स्वर्गीय प्रभात सिंह के पुत्र ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सहित सांसद व विधायक मौजूद रहेंगे।

## नगर पंचायत गोसाईगंज में मनायी गया सावित्री ज्योतिबा फुले जी की 193 वीं जयंती

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 3 जनवरी 2024 को भारत प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई ज्योति राव फूले जी की जन्म जयंती नगर पंचायत कार्यालय व वार्ड न 3 स्तिथ राजवीर सैनी के आवास पर मनाई गई। इसी अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जयसवाल ने स्टेशन रोड से शिवपुरी कालोनी जाने वाले मार्ग चौराहे को सावित्रीबाई फुले चौक के नाम से नामकरण करते हुए सौंदर्यकरण कराने की बात कही जिसकी प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण हो जाएगी। फूले जी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष ने बताया कि अंग्रेजों के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण में सावित्री जी का का हम योगदान रहा है साथी ही भाजपा नारी सशक्ति के लिए सभी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता देती है हाल फिलाल में ही नारी वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद से देश की महिलाओं में नए युग की आरंभ होने कि स्फूर्ति जागृत हुई है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान व समस्त योजना में महिला लाभार्थी आदि से देश की महिलाएं सशक्त हो रही है।

## सचिन मिश्रा का चयन राजस्व लेखपाल पद पर क्षेत्र में खुशी की लहर

**बीकापुर- अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के पातू पुर निवासी गरीब किसान के बेटे का चयन राजस्व लेखपाल पद पर हो जाने के बाद परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव के लोगों के साथ-साथ तमाम जनप्रतिनिधियों ने किसान चंद्र कुमार मिश्रा के पुत्र सचिन मिश्रा के यू पी एस एस सी परीक्षा उत्तीर्ण कर राजस्व लेखपाल पद पर चयन हुए गांव के होनहार को शुभकामनाएं दी हैं।

# राम भक्तों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने में जुटी भाजपा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों राम भक्तों की अयोध्या आने की उम्मीद है। आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय सहादत्तगंज में महानगर पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बैठक की।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को आते ही यहां की महिमा, आध्यत्मिकता का अनुभव हो। इसकी योजना बनाई जा रही है। आने वाले राम भक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी का दायित्व है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आवहन के अनुसार हम सभी 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक अपने आस-पास वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएं। अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त व कचड़ा मुक्त बनाएं। अयोध्या के महिमा व दिव्यता के अनुसार स्वच्छ व सुंदर अयोध्या का संकल्प लें।

ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में अध्यात्मिक के साथ विकास का अभूतपूर्व दृश्य



अयोध्या में दिख रहा है। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं के अध्यात्मिकता के साथ विकास का भी अनुभव हो। इस प्रकार की व्यवस्था की जा रही है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिसे लेकर भाजपा कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। भक्तों के लिए रहने के टेंट सिटी का निर्माण हो रहा है। जहां स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। दर्जनों स्थानों पर भोजन का प्रबंध हो रहा है। कार्यकताओं की टोली बनाई जा रही है। जो आने वाले राम भक्तों को मंदिर दर्शन, अयोध्या की महिमा व अयोध्या व इसके परिक्षेत्र के प्रमुख पौराणिक महत्व के स्थलों के बारे में जानकारी देंगे।इस अवसर पर जय नारायण सिंह रिंकू, शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्रा, प्रतीक श्रीवास्तव, तिलक राम मौर्य, दिव्य प्रकाश तिवारी, रवि सोनकर, आलोक द्विवेदी, नंदकुमार सिंह, बालकृष्ण वैश्य बबलू मिश्रा, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

अभियानों की हुई समीक्षा

सहादतगंज कार्यालय पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर समीक्षा बैठक अयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने नमो एप, वोटर चेतना महाअभियान, बूथ मूल्यांकन अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की। अभियान के संयोजकों से अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी लिया।

## सावित्रीबाई ने तमाम विरोध और अपमान सहते हुए महिलाओं को शिक्षित करने हेतु संघर्ष करती रहीः राजेश नंद

**अयोध्या ।** नंद कान्वेंट स्कूल नोखे का पुरवा देवकाली में भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया ।जिसका संचालन एम,पी, मिश्रा ने किया विद्यालय के प्रबंधक राजेश नंद ने कहा कि सावित्रीबाई ने तमाम विरोध और अपमान सहते हुए महिलाओं को शिक्षित करने हेतु संघर्ष करती रही, देश का हर व्यक्ति उनके त्याग और




बलिदान के लिए उनका ऋणी रहेगा। प्रधानाचार्या अनीता यादव ने कहा कि हम सभी को उनके त्याग से प्रेरणा लेकर शिक्षा क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान देना चाहिए सह अध्यापिका मालती तिवारी ने इस अवसर पर गीत प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में मीरा मिश्रा, नीतू द्विवेदी ,ऋषि राज , शैलेंद्र मौर्य, इंदू ,अर्चना पांडे, शिवांगी वर्मा, अंकिता मिश्रा, सरिता गुप्ता, रजनीकांत शशिकांत, आदि लोगों ने संबोधित किया ।

# गड्ढामुक्त अभियान के मुंह पर तमाचा, हाईवे से जोड़ने वाली बांसा बड़ागांव सड़क

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** बीते दो वर्षो से गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले बांसा बड़ागांव सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं। बजट के अभाव में मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश भी बेअसर है। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से कस्बा सफदरगंज बांसा बड़ागांव मसौली को आने-जाने वाले मुख्य मार्ग की दुर्दशा को देख अनायास ही लोग कह सकते हैं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार समस्या को जानते नहीं हैं। इनका अक्सर इस मार्ग से निकलना होता है, लेकिन देख कर अनदेखा कर देते हैं और खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है। शासन ने गांवों के विकास के लिए सड़कों को दुरुस्त व जहां मार्ग नहीं है वहां मार्ग बनाने का निर्देश दिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव दिए जाने पर धनराशि भी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से उक्त मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है। कस्बा बांसा निवासी सेवानिवर्त शिक्षक ओमप्रकाश वर्मा ने उक्त जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर अनेकोबार पत्र लिख चुके है लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। बांसा के ही राम मिलन यादव, ब्रजेश मौर्य, नितिन मौर्य, अनिल वर्मा, प्रेम वर्मा सहित तमाम लोगो ने बताया कि वर्षा होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है और गहराई पता न होने के चलते दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिर



जाते हैं। जैदपुर विधानसभा से सपा विधायक गौरव रावत ने कहा कि सरकार कागजों पर तो घोषणा करती है, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं होता है। सड़क कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है। अधिकारियों से कहे जाने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

## कुर्सी विधायक ने जरूरतमंदों में वितरित किए कंबल

**सूरतगंज, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला चौराहे स्थित महावीर कोल्ड स्टोरेज में बुधवार की दोपहर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने गरीबों व असहायों के बीच तीन सौ कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के हित में काम कर रही है। इस सरकार में कार्य के तरीके बदलें है, तो सरकार ने गरीबों तक आवास योजना के साथ ही आयुष्मान कार्ड से पांच लाख का इलाज की सुविधाएं भी ग्रामीणों तक मुहैया कराई है।लोगों को उज्जवला योजन एवं किसान सम्मान निधि के साथ अनेकों योजनाऐं भी उपलब्ध करवा रही है।

## आपत्तिजनक चैट फ़ोटो वायरल कर विवाहिता को धमका रहा फेसबुक दोस्त, दर्ज हुई रिपोर्ट

बाराबंकी। सोशल मीडिया पर दोस्ती अक्सर भारी पड़ी है ऐसा ही हुआ बाराबंकी की एक युवती के साथ। फेसबुक दोस्त ने बहाने से लखनऊ बुलाकर आपत्तिजनक चैट व चित्र तैयार कर लिए और अब युवती की शादी होने के बाद वही सामग्री पति, रिश्तेदारों में वायरल कर धमका रहा है। पीड़ित महिला के साथ घटित इस संगीन मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

बाराबंकी जिले में रहने वाली विवाहिता जो घटना के समय अविवाहित थी ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि विवाह से पूर्व उसकी दोस्ती फेसबुक के जरिए कुमार अमित सिंह नाम की फेसबुक प्रोफाइल वाले युवक से वर्ष 2018 में हुई थी, जिसने अपना निवास जनपद आजमगढ़ बताया था। विवाह

# केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड देवां के ग्राम पंचायत टाई खुर्द व ग्राम पंचायत चंदौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है। विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में मोदी की गारंटी का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख धर्मेद्र यादव, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष परशुराम



रावत, लखन सिंह मौर्य, नवीन सिंह राठौर, शिव स्वामी वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, प्रवेश मौर्य, राजेश वर्मा, परशुराम पाल, सतीश रावत, तेज नारायण यादव, सन्नो देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे से लटका मिला पशु चिकित्सालय के कर्मचारी का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी।** पशु चिकित्सालय के कर्मचारी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। वहीं मौत की सही वजह तलाशने में पुलिस लगी हुई हैं। मृतक कुछ दिनों से अवसाद में था और करीब ढाई माह से पत्नी से विवाद भी चल रहा था। मृतक के कोई संतान नहीं थी। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सूरतगंज के बलराज यादव बिझला गांव निवासी के घर में पशु चिकित्सालय का कर्मचारी शरद कुमार 2006 से किराए पर रहता था।

# इंसानियत की रहनुमाई के लिए नाजिल फ़रमाया गया कुरान ए करीम- हाजी ऐजाज़

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा शहाबपुर स्थित मदरसा इस्लामिया सुन्नत उल उलूम में तकमीले हिफ्ज



कुरान की मुनासिबत से एक तकरीब का इनइकाद किया गया।

मदरसा प्रबंधक हाजी ऐजाज़ हुसैन कादरी तथा प्रधानाध्यापक मौलाना मो? फैजान जामई ने हिफ्ज कुरान हुए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान ए करीम अल्लाह ताला की एक पाकीजा कलाम है जो पूरी दुनिया में इंसानियत की रहनुमाई के लिए नाजिल फ़रमाया गया है इसमें हमारी कामयाबी का राज़ पोशीदा है। इसी प्रकार मुफ्ती मो आमिर इस्माईली प्रधानाध्यापक मदरसा कुल्लियतुल बनात शाहाबपुर ने कहा कि हाफिज ए कुरान का मक़ाम बहुत बुलंद हैं एक हाफिज ए बा अमल की अजमत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब कयामत में कोई सिफारिश के लिए तैयार नहीं होगा तो ऐसे में हाफ़िज़ ए कुरान की सिफारिश पर अल्लाह तआला ऐसे दस लोगों को जन्नत में दाखिल फ़रमाएगा जिन पर जहन्नम वाजिब हो चुकी होगी। अंत में मुफ्ती साहब ने कहा कि हम अपने बच्चों को हाफिज ए कुरान बनाएं ताकि वह हमारी सिफारिश का जरिया बन सकें तकरीब में मदरसा इस्लामिया सुन्नत उल उलूम के क्षात्र अब्दुल्लाह पुत्र मो अनवार निवासी शहाबपुर, शम्सुद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन निवासी सुल्तानपुर, मो शाहनेन पुत्र मो शाफे निवासी रामपुर ने अपने अध्यापक हाफिज कारी अब्दुल लतीफ बहराईची के सरपरस्ती में तकमील ए हिफ्ज की सआदत हासिल की।

इस मौके पर कारी मो तन्वीर, हाफिज अबू बक्र, हाफिज दिलदार, मौलाना मो मुकीम, मो शकील, मो फरहान, मो तौकीर, तथा तमाम अध्यापकों के साथ साथ सैकड़ों क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची सहजनवा बाबू, कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र में भारत विकसित





संकल्प यात्रा बुधवार को ग्रामसभा सहजनवा बाबू पहुंची। जहां ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने लोगों को मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। और कहा कि बीजेपी सरकार में पात्रों को किसी को भी योजनाओं से वंचित नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सबका विकास हो रहा है। कार्यक्रम में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना महिला एवं बाल पुस्टा आहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

इस दौरान बीडीओ सच्चिदानन्द शुक्ल, बीएसए पिंगल प्रसाद, एडीओ पंचायत गुलाब पाठक, ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव, चंदू सिंह, राजू सिंह, दिलीप गुप्ता, योगेन्द्र यादव, नन्हे सिंह, बबलू सिंह, मधुर सिंह, बृजलाल गुप्ता, शैलेश सिंह, विनोद सिंह, राम अचल यादव, विपीन तिवारी, विजय सिंह, पहाड़ी सिंह, अनिल तिवारी, तिलक पाण्डेय आदि मौजुद रहे।

# कान्हा उपवन का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा चिउरहा स्थित कान्हा उपवन गोशाला का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गायों



की संख्या और उनके लिए आवश्यक इंतजामों को देखा। जिलाधिकारी ने ईओ से गोशाला में गायों की संख्या की जानकारी ली। ईओ आलोक कुमार ने बताया कि गोशाला में कुल 102 गोवंश हैं। उन्होंने भंडार कक्ष को भी देखा और गोवंश के लिए भूसा सहित अन्य पोषण सामग्रियों की जानकारी ली। ईओ नगर पालिका ने बताया कि वर्तमान में लगभग 80 कुंतल भूसा, 68 बोरी चूनी, 70 बोरी चोकर और 02 कुंतल गुड़ की व्यवस्था की गई है। साथ ही समय-समय पर गोवंश को हरा चारा भी उपलब्ध कराया जाता है। जिलाधिकारी ने पास स्थित सिंचाई विभाग की भूमि को देखा और अधिशासी अभियंता सिंचाई को दूरभाष पर निर्देशित किया कि गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने हेतु सिंचाई विभाग की भूमि अस्थाई तौर पर नगर पालिका को उपलब्ध कराएं, जिस पर हरा चारा का उत्पादन किया जा सके।

## दुकान के पीछे दीवार में कटा मिला नकब



**कुदरहा, बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर ईट भट्ठे के पास मंगलवार की रात एक चाय की दुकान को चोरी ने निशाना बनाया। दुकान के पीछे नकब काट कर दुकान का सामान समेत चार हजार उठा ले गए। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी शिव टहल तिवारी पिछले 44 सालों से शिवपुर ईट भट्ठे के सामने कुदरहा लालगंज मार्ग पर चाय की दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। रोज की तरह दुकान बंद कर भोजन करने के बाद बरामदे मे सो गए। सुबह पांच बजे जब सो कर उठे और बिस्तर रखने के लिए दुकान का दरवाजा खोले तो अवाक रह गए। कमरे में रखा सामान बिखरा था। शोर मचाए और आस पास के लोग पहुंच गए और देखा कि दुकान के पीछे दीवार में नकब कटा था और सारा सामान इधर उधर पड़ा था। दुकानदार शिवटहल तिवारी ने बताया कि चोर नकब काट कर दुकान में रखा चार हजार नगद, बिस्कुट व गुटखा सहित दुकान में रखा अन्य सामान ले कर फरार हो गए। पांच वर्ष पूर्व भी चोरी हो चुका है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज कुदरहा सुदीप कुमार यादव ने बताया कि नकब काट कर गुटखा व विस्कुट गायब हुआ है। नगद रुपया गायब नही हुआ है। प्रार्थना पत्र देने को तैयार नही है।

सरकार की बिभिन्न योजनाओं से ग्रामीण हुए रूबरू।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**पौली अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवबखरी और चंदौलीमाफी में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहसंयोजक बिनय पाण्डेय ने लाभार्थियो के समक्ष सीधा संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ दी और उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम कल्यकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर सुनील सिंह अनिल अग्रहरी प्रधान सुरेश यादव, जूबेर अहमद, कमलेश तिवारी, लेखपाल इम्तियाज अहमद, अश्वनी कुमार गौतम, बृजेश यादव, अनिल जायसवाल, ग्रीस अग्रहरी, सुबाष, बब्लू, सूर्यप्रकाश सिंह,बिनय कुमार, रोहित, रामभरोस, अर्जुन नायक, गोरखनायक, रामइकवाल, विजय मद्देशिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कलयुगी पुत्र ने वृद्ध माता को किया फरसे से घायल

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जहांगीरगंज में स्थानीय थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव में शादी नहीं तय किये जाने से नाराज एक कलयुगी पुत्र ने अपनी वृद्ध मां को फरसे से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मां को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर हालत गम्भीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर कार्रवाई करने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव में रूपचंद (26) पुत्र स्वर्गीय बंशराज ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी मां फूलमती (60) पर फरसे से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। फरसे के प्रहार से वृद्ध मां के चेहरे का अधिकांश हिस्सा क्षत विक्षत हो गया। गुहार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कलयुगी बेटे से किसी तरह मां को छुड़ाया तथा मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुत्र को मौके पर पकड़ लिया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल वृद्ध मां को गंभीरावस्था में सीएचसी जहांगीरगंज में भर्ती कराया, जहां पर नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जीवन साथी की हर आदतों से महिला को कप्रोमाइज नहीं करना चाहिए: शिवांगी

अवधनामा संवाददाता



- समझौता और समायोजन करने के लिए तैयार रहें
- अपनी समस्याओं को मिलकर सुलझाने की प्रतिबद्धता बनाएं

**अम्बेडकरनगर।** पारिवारिक कानून के विवादों की बात करें तो मध्यस्थता एक अच्छा विकल्प बन गया है। शादी एक बहुत ही खूबसूरत बंधन है। यही एक वजह भी है कि इसमें बंधने वाले लोगों की चाहत होती है कि उसे एक ऐसा जीवनसाथी मिले, जो न केवल जिंदगी भर साथ निभाए बल्कि उसके साथ हर लम्हा खुशनुमा भी हो। हालांकि, शादी के शुरूआती महीनों में तो सब कुछ एकदम सही रहता है। लेकिन जब कपल्स पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ने लगता है, तो इनके दरमियान एडजस्टमेंट न के बराबर रह जाता है।

हालांकि, एडजस्टमेंट का मतलब यहां इस बात से बिल्कुल नहीं है कि आप अपने पार्टनर की हर आदत से कंप्रोमाइज करें बल्कि कभी-कभार अपने साथी को अच्छाइयों को ध्यान में रखते हुए उनकी खामियों को इग्नोर करना भी आना चाहिए। परिवार में उत्पन्न होने वाले विवाद बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और उन्हें धैर्य से संभालने की आवश्यकता होती है और एक समाधान तक पहुँचने की भी आवश्यकता होती है जहाँ दोनों पक्षों को लाभ हो सके। अपने जीवन की अन्य सभी जिम्मेदारियों के साथ अपने रिश्ते पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समय और ऊर्जा निकालना मुश्किल हो सकता है। लेकिन अपनी साझेदारी को प्राथमिकता देने से आपको प्यार और समर्थन महसूस करने में मदद मिलेगी और आपको परिवार के जीवन की अनूठी चुनौतियों से निपटने के लिए ऊर्जा और ताकत मिलेगी। समझौता और समायोजन करने के लिए तैयार रहें। अपनी समस्याओं को मिलकर सुलझाने की प्रतिबद्धता बनाएँ। अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता रखें। कई जोड़े अपने रिश्ते के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ शुरुआत करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद वे इस पर कम ध्यान देना शुरू कर देते हैं। मजबूत रिश्तों में, दोनों लोग एक-दूसरे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहते हैं, भले ही उनके जीवन में और कुछ भी हो रहा हो। पालन-पोषण कौशल के लिए क्षमाशील रहें। पारिवारिक जीवन की जटिलताओं को प्रबंधित करने के लिए प्रयास और कुछ आदत डालने की आवश्यकता होती है।

रास्ते में गलतियाँ हो सकती हैं। आपमें से किसी एक के पास पालन-पोषण का अनुभव नहीं हो सकता है और वह नौकरी पर सीख रहा होगा। स्वीकार करें कि आप एक साथ सीख रहे हैं और एक-दूसरे की मदद करने की प्रतिबद्धता बनाएं।आप जैसे हैं वैसे ही एक-दूसरे को स्वीकार करें। कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता है, और लंबे समय तक टिके रहने वाले जोड़े इसे स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे की कद्र करना सीखते हैं। सौतेले माता-पिता के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है बच्चों, रिश्तेदारों और यहां तक कि दोस्तों द्वारा पूर्व-पति से तुलना की जाना। तुलना करने से बचें और बच्चों तथा अन्य लोगों से भी तुलना न करने के लिए कहें। अपने आप को याद दिलाएं कि सबसे पहले कौन सी चीज़ आपको एक साथ लेकर आई थी। हर जगह अच्छे इरादे रखने की कोशिश करें, खासकर एक-दूसरे के साथ।बड़े मुद्दों पर संयुक्त निर्णय लें - जैसे कि सेवानिवृत्ति के लिए बचत कैसे करें या घरेलू जिम्मेदारियों को कैसे विभाजित करें - और जब आप सहमत नहीं हो सकते तो रचनात्मक समाधान ढूंढना या समझौता करना सीखें। एक दूसरे के साथ भार साझा करने का प्रयास करें; आप जहां और जब संभव हो सहायता प्रदान करें।

## विकसित भारत संकल्प की दिलायी गयी शपथ



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कुदरहा ब्लॉक ग्राम पंचायत चकदहा व तुरकौलिया पहुंची। जहाँ रथ का स्वागत एडीओ आईएसबी कुदरहा चंद्रशेखर सिंह, प्रधान अमरेंद्र कुमार, दिनेश चौधरी व ग्राम विकास अधिकारी देवकीनंदन ने किया। बुधवार को पहली पाली में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी चकदह ग्राम पंचायत के सेमुआपुर राजस्व गांव में पहुंची जहां चंद्रशेखर सिंह ने लोगों से संवाद स्थापित किया और लाभार्थियों से हाल जाना। विजयशंकर मिश्रा ने लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। दूसरी पाली में संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत तुरकौलिया के खेल मैदान में पहुंची। उपस्थित लोगों ने पीएम मोदी के संबोधन को सुना और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। दोनों ग्राम पंचायत में उपस्थित हुए लोगों को नव वर्ष के कैलेंडर और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली बुकलेट बांटी गई। स्वास्थ्य विभाग ने स्टाल लगाकर लोगों को दवाओं का वितरण किया और बीपी शुगर की जांच की। इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह विजय शंकर मिश्रा देवकीनंदन दिनेश कुमार चौधरी अफजल खान कमलावती प्रमिला अभिषेक कुमार पांडे विन्दु देवी, रामवती पांडे रेनू दुबे जितेंद्र कुमार भावेश कुमार सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में कौशाम्बी ने दर्ज की जीत

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** मालीपुर स्थित मोतीलाल इंटर कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट मेला के चौथे दिन प्रथम पाली में वाराणसी और कौशांबी टीमों के बीच मैच खेला गया। कौशांबी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी वाराणसी की टीम ने 77 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वाराणसी के बल्लेबाज अजीत ने 20 किशन ने 17 और विवेक ने 12 रन का योगदान दिया। शेष खिलाड़ी दहाई का अंक भी नहीं छू सके। इसी टीम के तीन खिलाड़ी जीरो रन पर आउट हो गए। कौशांबी के गेंदबाजों में अमन आनंद ने तीन, प्रिंस ने दो विकेट झटक कर वाराणसी की टीम की कमर तोड़ दी ।78 रनों के जवाब में उतरी कौशांबी की टीम महज दो विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया और अगले चक्र में अपनी सीट कंफर्म कर ली। कौशांबी के बल्लेबाज रितु ने 24 गेंद पर अर्धशतकीय पारी खेल कर अपनी टीम को एक तरफा जीत दिला दी। इसी टीम के बल्लेबाज अभिषेक ने 10 रन का योगदान दिया ।वाराणसी के गेंदबाज अभय और विवेक को एक-एक विकेट मिला। दूसरा मैच कोलकता और गाजीपुर के बीच खेला गया। कोलकता की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी वाराणसी की टीम के सभी बल्लेबाज 14 ओवर चार गेंद पर 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। कोलकाता की तरफ से एस कुमार और एस यादव ने 32 - 32 रन का योगदान दिया वही किशन 17 और अजीत ने 20 रन बनाए। कौशांबी के गेंदबाज अंकुर ने जहां चार विकेट वही अंकुर ने तीन विकेट झटके। 133 रनों के जवाब में उतरी कौशांबी की टीम ने पांच विकेट से कोलकाता की टीम को हराकर उन्हें उनके घर भेज दिया। कौशांबी के खब्बू बल्लेबाज राघवेंद्र यादव ने 24 गेंद पर 67 रन की बेहतरीन पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया ।इसी टीम के बल्लेबाज सर्वज्ञ पांडे और अभिजीत ने 15 - 15 रनों का योगदान दिया। कोलकता के एकमात्र गेंदबाज एस चौहान सफल रहे जिन्होंने दो विकेट प्राप्त किया। सूर्यनाथ यादव और दिलीप यादव ने जहां अंपायर वहीं आसाराम त्यागी ने कॉमेंटेटर और पूर्व सैनिक अनिल कुमार स्कोरर की भूमिका निभाई। संरक्षक सुभाष यादव, अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, राणा यादव, गिरीश यादव, मनोज यादव, सुदीप मिश्रा, अनिल अग्रहरी, विनोद गुप्ता आदि व्यवस्था में लगे रहे।

## महफ़िल की रही धूम

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब की इकलौती बेटी हज़रत फात्मा जहरा के जन्मदिन 20 जमादुल आखिर को नगर की मस्जिदों व इमाम बाड़ों में महफ़िल व जश्न की धूम रही। अकीदतमंदों ने अपने घरों में जहां रात्रि को शामा रौशन किया वहीं नज़र नियाज़ का सिलसिला जारी रखा। इसी कड़ी में फरीदपुर स्थित मास्टर अलमदार हुसैन के आवास पर बुधवार को जश्न फात्मा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आगाज फैजी अब्बास की तिलावत कलाम पाक से हुआ। मुख्य अतिथि मौलाना सैयद इंतेज़ार मेंहदी कजपुरा ने कहा कि हज़रत फात्मा जहरा का जन्म इस्लाम धर्म के आखरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के यहां उस दौरान हुआ जब अरब की धरती पर बेटियों का जन्म उसके पिता के लिए अशुभ माना जाता था।लोग ज़िंदा ही बेटियों को दफन कर देते थे। मुहम्मद साहब ने इस कुरीति का विरोध किया। मुहम्मद साहब ने बेटी को सम्मान देकर आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हज़रत फात्मा जहरा ने समाज में फैली कुरीतियों को अपने आचरण से समाज को एक नई दिशा दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत गजहड़ा व महमुदवा ग्रांट में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तत्वाधान में ग्रामीण संवाद व लाभार्थी परक योजनाओं की पहुँच व प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का कार्य मोदी एवं योगी सरकार कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचने की दिशा में उठाया गया एक बेहतरीन कदम है। हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। सहारा श्री सुब्रत राय की घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियों की बदौलत ही उनके बेटों द्वारा मुखाग्नि दी गयी, इसलिए शिक्षा के स्तर को बड़ा करना होगा और बेटियों को भी आगे बढ़ाना होगा। साथ ही उन्होंने जनपद के शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही अयोध्या के भव्य रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के साथ भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर भी अपनी बात कही।वहीं कार्यक्रम में नागरिकों को नमो एप डाउनलोड कराया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, लघु सिंचाई विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, हर घर नल से जल, उज्जवला योजना, ग्राम / शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया था। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कर्मचारियो ने अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं को आमजन को अवगत कराया।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी परागराम यादव ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का कार्य मोदी एवं योगी सरकार कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचने की दिशा में उठाया गया एक बेहतरीन कदम है। हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। सहारा श्री सुब्रत राय की घटना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियों की बदौलत ही उनके बेटों द्वारा मुखाग्नि दी गयी, इसलिए शिक्षा के स्तर को बड़ा करना होगा और बेटियों को भी आगे बढ़ाना होगा। साथ ही उन्होंने जनपद के शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही अयोध्या के भव्य रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के साथ भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर भी अपनी बात कही।

## घर में छत की कुंडी से लटकता मिला शव

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया बुजुर्ग गांव में बुधवार की सुबह 6 बजे एक नवविवाहिता का शव घर में छत की कुंडी से लटकता मिला है। इस मामलें में मायके पक्ष के लोगों ने पति, ससुर व देवर पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर आगे की कार्यवाही कर रही है। कम्हरिया बुजुर्ग गांव में सुबह छः बजे 21 वर्षीय सीमा देवी पत्नी रामधनी यादव का शव अपने घर के कमरे में छत की कुण्डी में फन्दे से लटकता हुआ देख परिजनों इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पहुंचे मायके पक्ष के कैलाश पुत्र बीरबल निवासी ग्राम करमहा पो0 बैसार थाना-बृजमनगंज जिला महराजगंज ने पति रामधनी यादव पुत्र।पांचू उर्फ सम्पत, ससुर पांचू उर्फ सम्पत यादव, देवर तौलन यादव पुत्र पांचू उर्फ सम्पत पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आलापुर, अंबेडकरनगर में पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डायट ब्रजेश उपाध्याय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य डायट ब्रजेश उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में किसी भी संस्था के प्रमुख का दायित्व बढ़ता जा रहा है। आज के दौर में शिक्षण कार्य से लेकर प्रशासनिक कार्य की दक्षता भी आवश्यक है। सभी के अंदर नेतृत्व की क्षमता होनी चाहिए जिससे आप अपने अधीनस्थों के साथ मिलकर हर कार्य आसानी क्रियान्वित कर सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी वीना चौधरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण 5 दिन का है। इस प्रशिक्षण में 30 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। प्रशिक्षण के शीर्षक से ही स्पष्ट है कि यह प्रशिक्षण नेतृत्व की क्षमता का विकास करने संबंधी आयामों पर आधारित है। इससे पूर्व भी राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य /प्रधानाध्यापकों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किया गया था। संभवत इस प्रकार के प्रशिक्षण आगे भी होते रहेंगे और इससे यह स्पष्ट भी होता है कि आने वाले समय में हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि प्रदत्त सभी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएं। नीलम यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका इंटर कालेज,बेवना एवं विवेक पटेल प्रधानाचार्य, पं0दिन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज ने संदर्भदाता के रूप में सभी को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डायट के प्रवक्ता अखिलेश कुमार वर्मा, शुचि राय, राकेश कुमार वर्मा, डॉ मोहम्मद अफजल, दिनेश कुमार मौर्य, श्याम बिहारी बिंद, डॉ कृष्ण, शशिकांत, रामसूरत, नित्येश प्रसाद तिवारी, अब्दुल फैजान उपस्थित रहे।

## एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल के प्रति फैलाई जा रही है जागरुकता



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विकास खण्ड लोटन बाजार में संस्था मेंसर्श फाल्कन लखनऊ के द्वारा जनजगरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एलईडी बैन होर्डिंग बैनर ग्राफिटी आदि के माध्यम से ग्राम पंचायत में जन जागरूकता फैलाई जाएगी ग्राम पंचायत में एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता पर आधारित फिल्म दिखाकर लोगों को पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी राम परवेश सहायक विकास अधिकारी सदानंद वर्मा उमेश चन्द राय एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा एवं जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक तौकीर आज़म सहायक गोविंद सिंह तरुण त्रिपाठी अनिल निषाद विजय पाल समस्त ग्राम पंचायत से आए ग्राम प्रधान पंचायत सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। खण्ड विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लायेगा और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे कार्यक्रम के पहले खण्ड विकास अधिकारी ए डी ओ पंचायत ने अपनी शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

## जश्न-ए-ज़हरा में मुकामी शायरों ने कलाम पढ़ खूब बटोरी वाहवाही

अवधनामा संवाददाता





- जश्न ए ज़हरा जामा मस्जिद, इमाम बारगाह शाह आलमगीर सानी, मस्जिद ए सानिए ज़हरा, जन्नतुल वकी, दरगाह हज़रत अब्बास में आयोजित हुई महफ़िल

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानो के रसूल हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाब ए फातिमा ज़हरा सअ की विलादत (जन्मदिन) के पूर्व संध्या पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में जश्न ए ज़हरा के उनवान से महफ़िल आयोजित हुई। जिसमें मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी।

महफ़िल की शुरुआत अब्बास अली के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात नातेपाक अम्बर मेहदी से महफ़िल का आगाज़ हुआ। महफ़िल की सदारत कर रहे इमाम जुमा जमात हल्लौर मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने शहज़ादी ज़हरा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बहन बेटियां और महिलाएं उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी संवार सकती है। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। मशहूर शायर शमशाद हल्लौरी ने शेर पढ़कर महफ़िल में समा बांध दिया। इसके बाद साबिर, शायर मीसम, अफसर हल्लौरी, शायर शादाब हल्लौरी, तनवीर हसन, अजीम, आरज़ू, लकी, मीसम, शादाब, अर्श हल्लौर, हानी आदि शायरों ने कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाह वाही बटोरी। अन्त में ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने तकरीर करते हुए बीबी ज़हरा की जिंदगी पर भरपूर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इनका पूरा जीवन याद ए इलाही व इबादत करने में गुज़रा। तो वही मस्जिद ए सानिए में व जन्नतुल वकी मे महफ़िल हुई। महफ़िल में जमाल हैदर, जमाल बीके, पप्पू अंकल, तशबीब हसन, अब्बास अली, जनशीन हैदर, शकील अहमद, सलमान, सोजफ़, आबिद रिज़्वी, नायाब हैदर, अलमदार हुसैन, मंगलू, ददलू, कामयाब हैदर, शबीह अहमद, अनवर अब्बास, हैदर अब्बास, मोजिज़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में वक्फ शाह आलमगीर सानी, जंन्तुल वकी, मस्जिद ए सानिए ज़हरा, दरगाह हज़रत अब्बास में महफ़िल आयोजित की गई। अन्त में आयोजक द्वारा सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इसी क्रम में दरगाह हज़रत अब्बास में हुसैनी यूथ फाउंडेशन की जानिब से यौमे ख्वातीन के उनवान से एक महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमें खूवातीन ने जश्न ए ज़हरा का आयोजन कर कलाम व कसीदे पढ़े। नज़्र नियाज़ दिलाया और गले मिलकर यौमे पैदाइश की मुबारकबाद दी। अन्त में हुसैनी यूथ फाउंडेशन के सदर राहिब रिज़्वी ने आई हुई खूवातीन का शुक्रिया अदा किया।

# इसरो का 'ब्लैक होल' मिशन

नए साल के पहले ही दिन, सुबह 9.10 बजे, इसरो ने ऐसा उपग्रह प्रक्षेपित किया है, जो चांद-सूरज के बाद अब ब्रह्मांड, ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार और अंतरिक्ष की एक्सरे किरणों का अध्ययन करेगा। उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना इसरो के लिए कोई नया प्रयोग नहीं है, लेकिन ऐसा करने वाला भारत, अमरीका के बाद, दूसरा देश है, जिसने ब्रह्मांड को खंगालने, उसके अध्ययन और शोध का ऐसा प्रयोग किया है। अमरीका के नासा ने दिसंबर, 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाले कणों की धाराओं का सबसे पहले अध्ययन किया था। अब भारत के इसरो ने उसके आगे का अनुसंधान करने का बीड़ा उठाया है। यह मिशन भी 'चंद्रयान-3' और 'आदित्य एल-1' के अंतरिक्ष मिशनों से कमतर नहीं है। इससे खगोल वैज्ञानिकों के लिए अंतरिक्ष के भीतरी विकिरण को जानने का एक नया आयाम खुलेगा। इतिहास की इस नई रचना पर इसरो के वैज्ञानिक शाबाश और प्रशंसा के पात्र हैं। इसरो ने अपने प्रथम एक्सरे पोलरीमीटर सैटेलाइट (एक्सपोसैट) का सफल प्रक्षेपण किया है। यह उपग्रह फोटोन और उसके ध्रुवीकरण के जरिए ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार सरीखे आकाशीय पिंडों के रहस्यों पर शोध करेगा। मनुष्य की जिज्ञासा और महत्त्वाकांक्षा कहां तक लेकर जा सकती है, यह उपग्रह उसका एक जीवंत उदाहरण है। दरअसल ब्लैक होल अंतरिक्ष में ऐसी जगह है, जहां गुरुत्वाकर्षण बल इतना अधिक होता है कि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता। कहा जाता है कि इसमें कई सूर्यों के समान ऊर्जा होती है, लिहाजा उसकी चपेट में आने वाली वस्तु का अस्तित्व ही नहीं रहता।

'ब्लैक होल' कई अरब सालों तक जिंदा रह सकते हैं। साफ है कि नए अंतरिक्ष का यह मिशन काफी जोखिमभरा है। जब यह मिशन पांच साल की अपनी तय अवधि पूरी कर लेगा, तो उसके बाद जो निष्कर्ष सामने आएंगे, उससे स्पष्ट होगा कि हमने क्या हासिल किया? वैसे मिशन की सक्रियता के दौरान ही हमें डाटा मिलता रहेगा, जिसे भारत अन्य देशों से भी साझा करेगा। भारत अंतरिक्ष के एकाधिकार की मानसिकता वाला देश नहीं है। भारत ने एस्ट्रोसैट से प्राप्त डाटा को भी दुनिया के वैज्ञानिकों के साथ साझा किया था, ताकि वे अपनी तरह से उसका विश्लेषण कर सकें। जिस ब्रह्मांड और तारों की दुनिया को हम अपनी मिथकीय कल्पनाओं में संजोए हुए थे, अब उनका भी अध्ययन किया जा सकेगा, यही एक अनूठा रहस्योद्घाटन है। बताया गया है कि इसरो का 'आदित्य एल-1' मिशन भी इसी 6 जनवरी को अपने निश्चित बिंदु पर पहुंच जाएगा, जहां से वह सूर्य और उसके संसार का अध्ययन करेगा। यह 2024 का साल 'गगनयान मिशन' का भी वर्ष है, जब पहली बार अंतरिक्ष मिशन में एक जीवित इनसान को भेजा जाएगा और वह सकुशल लौट कर भी आएगा। बेशक ये भारत और इसरो की विराट, आसमानी उपलब्धियां हैं। अभी तक टेलीविजन प्रसारण, जीपीएस सेवा, मौसम के अध्ययन और पूर्वानुमान, सीमाओं की निगरानी, शहरों-कस्बों-गांवों-फसलों और नदियों, नहरों का हाल जानने के लिए उपग्रहों का इस्तेमाल किया जाता था, लिहाजा उन्हीं से संबंधित उपग्रह भी प्रक्षेपित किए जाते थे, लेकिन एक्सपोसैट इन सबसे अलग, एक भिन्न लक्ष्य के मद्देनजर, प्रक्षेपित किया गया उपग्रह है। दरअसल यह प्रयोग 1996 में ही शुरू किया गया था, जिसे 'भारतीय एक्सरे एस्ट्रोनॉमी' प्रयोग कहा गया था। इसी कड़ी में 2004 में 'एस्ट्रोसैट' नामक उपग्रह के प्रक्षेपण की योजना बनाई गई थी, लेकिन उपग्रह 2015 में छोड़ा गया। 'एक्सपोसैट' अंतरिक्ष और ब्रह्मांड के अध्ययन की ताजा कड़ी है, जो अंतरिक्ष में भारत की बहुत ऊंची छलांग है। अब अंतरिक्ष में मंडराते खतरों के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी।

# वृक्षों के आक्रामक प्रजातियों से मानव और वन को खतरा



नरेन्द्र सिंह बिष्ट

उत्तराखंड जो अपनी प्राकृतिक सुन्दरता से सभी को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। विगत कई वर्षो से वृक्षों की आक्रामक प्रजातियों की बढ़ती संख्या को अनदेखा करता रहा, परंतु अब यही आज राज्य के लिए चिन्ता का विषय बनते जा रहे हैं। इन प्रजातियों से न केवल राज्य में वनों को वरन् वन्य जीवों को भी नुकसान हो रहा है। राज्य में वनों का अस्तित्व देखा जाए तो 40-50 वर्ष पूर्व राज्य में बाज, उतीस, खड़िग, भीमल, क्वैराल, पदम, काफल, बेडू जैसी प्रजातियों के जंगल हुआ करते थे, जो जल संरक्षण भूमि कटान व प्राकृतिक आपदा रोकने में सहायक होते थे। लेकिन आधुनिकता की भेट चढ़ते जंगल का सबसे बड़ा नुकसान किया राज्य में बाहर से लाई गई वृक्षों की प्रजातियों ने, जिसमें चीड़, कूरी, कालाबासा जैसे वृक्ष प्रमुख हैं। यह इतनी भयानक प्रजातियां हैं कि इनसे न केवल वृक्षों की स्थानीय प्रजातियों को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि वनों में आग का प्रकोप भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है।

बाज (एक प्रकार का वृक्ष) के जंगल जिसे राज्य व ग्रामीण समुदाय के लिए किसी वरदान से कम नहीं आंका जाता है, का अस्तित्व चीड़ के पेड़ चलते खतरे में आ गया है। चारा प्रजाति के साथ जल संकट व वन्य जीवों के घर उनसे छिन गये हैं। इन आक्रामक प्रजातियों के चलते पारिस्थितिकी तंत्र में ज़बरदस्त तरीके से बदलाव हो रहे हैं जो समूचे मानव, वन्य जीवों और जंगल के अस्तित्व के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। वही कूरी व कालाबासा ऐसी प्रजाति है जो गर्म इलाकों में बहुतायत मात्रा में होती है। यह जिस क्षेत्र में होने लगती है मानों उस क्षेत्र में अन्य पौध प्रजाति का होना लगभग ना के बराबर हो जाता है। यह न केवल पर्वतीय इलाकों वरन् मैदानी क्षेत्रों में भी काफी तेज़ रफ़्तार से फैल रही है। उत्तराखंड वन विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में अभी तक वनों में लगने वाले आग के 68 मामले दर्ज किये जा चुके हैं। जिसमें करीब 109।75 हेक्टेयर भूमि इस आग की भेंट चढ़ चुकी है। वनों में आग लगने का सिलसिला हर वर्ष होता है। जिसका एक प्रमुख कारण समुदाय में जागरूकता का अभाव भी पाया गया है क्योंकि कुछ आग मानव जनित भी होती है। इन वनाग्नि में वन प्रजातियों के साथ-साथ जीव जन्तुओं को काफी नुकसान होता है। जिसका सही आंकड़ा तक उपलब्ध नहीं हो पाता है। पर्वतीय क्षेत्र में आग को रोकने में सबसे बड़ी दिक्कत वनों का ढुलान और बाधित मार्ग है। जिस पर तुरंत कार्यवाही मुमकिन नहीं हो पाती है। ऐसे में इन्हें रोकने में स्थानीय समुदाय की सहायता अत्यंत ही आवश्यक है। इसके लिए फायर लाइन काटकर, पिरूल को जंगलों से समेट कर वनों में आग की घटना को कम किया जा सकता है। आक्रामक प्रजातियों के बढ़ने से रोजगार पर भी रोक लगानी शुरू हुई है। पूर्व में वनों से विभिन्न औषधी पौधों, फलों, लकड़ी के विभिन्न उत्पादों से आय सृजन की जाती थी। वहीं वन में पूर्व प्रजातियों की कमी के चलते यह कार्य बाधित हो रहे हैं। वर्तमान समय में पेड़ लगाओं धरा सजाओं की थीम पर ऐसी प्रजातियों को लगाया जा रहा है जो परिस्थितियों के अनुकूल नहीं होती हैं। इस संबंध में, वन पंचायत कल्टानी के सरपंच गोविन्द फर्त्याल अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताते हैं कि वह विगत 10 वर्षो से इस पद पर हैं। इन वर्षो में उन्हें वनों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। कई नई वन प्रजातियां जिसमें चीड़, कूरी, कालाबासा को वनों में फैलते देखा है। चीड़ के जंगलों ने इतनी तीव्र गति से वृद्धि की है कि आज राज्य के 60 प्रतिशत जंगलों पर इसका फैलाव देखा जा सकता है। इसके कारण जंगल में निवास करने वाले कई जीव जन्तुओं को वर्तमान समय में देख पाना नामुमकिन सा हो गया है। जिसमें कौवे, गिलहरी, चील, लोमड़ी प्रमुख है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी बदलाव- नवाचार से विकास को मिली गति




जी किशन रेड्डी

एक दशक पहले, विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से, क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है।

मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं।

कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी



से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं।

यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा।

हाल के वर्षो में, पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दर्शायी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोतर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं।

देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निर्माताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है।

# बेटी बचाओ : दावे और हक़ीक़त



निर्मल रानी

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सितंबर 2023 में एक जनसभा को संबोधित करते हुये राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने राज्य की क़ानून व्यवस्था की तारीफ़ करते हुए कहा था - कि क़ानून संरक्षण के लिए है. लेकिन क़ानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाज़त किसी को नहीं है। क़ानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतज़ार, यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण देना होगा. क़ानून संरक्षण के लिए है और क़ानून को बंधक बनाकर कोई किसी की सुरक्षा पर सेंध लगाने का प्रयास नहीं करे। परन्तु इसी योगीराज में ही ऐसी कई घटनायें उजागर हो चुकी हैं जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपरोक्त दावों पर सवाल खड़ा करती हैं। इनमें सबसे संसनीखेज़ घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में स्थित वाराणसी के आईआईटी बीएचयू कैंपस की है जिसमें आरोपी तीनों युवक भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी हैं।

बताया जा रहा है कि दो माह पूर्व यानी एक नवंबर की रात मोटर बाइक पर सवार तीन गुण्डे आईआईटी बीएचयू कैंपस में आये। वहां उन्हें इंजीनियरिंग की बी टेक की एक छात्रा टहलती हुई दिखाई दी। यह गुण्डे उस छात्रा को बलपूर्वक पकड़कर किसी सन्नाटी जगह पर ले गये। तीनों ने मिलकर जबरन उसे निःवस्त्र किया। उसकी नग्नावस्था की वीडिओ बनाई। फिर बारी बारी तीनों ने उसके साथ बलात्कार किया और बलात्कार की भी वीडियो बनाते रहे। कुणाल पांडेय,आनंद व सक्षम पटेल नामक यह तीनों गुंडे बलात्कारी भारतीय जनता पार्टी की आई टी सेल के पदाधिकारी हैं। बताया जा रहा है कि यह तीनों ही नियमित रूप से आर एस एस की शाखा में भी जाया करते थे। अर्थात संघ से संस्कारित थे। ख़बरों के अनुसार गैंगरेप पीड़िता ने पुलिस को सूचित करने के बाद घटना के 5 दिन के भीतर ही सीसीटीवी के माध्यम से बनारस पुलिस के समक्ष इन तीनों अपराधियों की शिनाख़्त बिल्कुल स्पष्ट रूप से कर ली थी। परन्तु उस समय देश के पांच राज्यों में चुनाव का वातावरण था। तो क्या इसी कारण इतनी गंभीर घटना को साज़िश के तहत दबा कर रखा गया ? इतना ही नहीं बल्कि इतने गंभीर सामूहिक बलात्कार के अपराध में शिनाख़्त हो जाने के बावजूद और इनके नाम व चेहरे सब कुछ पता लगने के बावजूद इन्हीं बलात्कारी गुण्डों की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार की ड्यूटी लगाई गयी। और यह मध्य प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार करते रहे। कहा जा रहा है कि इस मामले को सरकार ने जानबूझकर एक साज़िश के तहत दबा कर रखा। क़रीब दो महीने तक

> एक नवंबर की रात मोटर बाइक पर सवार तीन गुण्डे आईआईटी बीएचयू कैंपस में आये। वहां उन्हें इंजीनियरिंग की बी टेक की एक छात्रा टहलती हुई दिखाई दी। यह गुण्डे उस छात्रा को बलपूर्वक पकड़कर किसी सन्नाटी जगह पर ले गये। तीनों ने मिलकर जबरन उसे निःवस्त्र किया। उसकी नग्नावस्था की वीडिओ बनाई। फिर बारी बारी तीनों ने उसके साथ बलात्कार किया और बलात्कार की भी वीडियो बनाते रहे। कुणाल पांडेय,आनंद व सक्षम पटेल नामक यह तीनों गुंडे बलात्कारी भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल के पदाधिकारी हैं। बताया जा रहा है कि यह तीनों ही नियमित रूप से आरएसएस की शाखा में भी जाया करते थे।




इस मामले में पुलिस ने न कोई बयान दिया ना ही किसी का नाम उजागर हुआ न किसी की गिरफ़्तारी की गयी। बजाये इसके पूरी स्वतंत्रता से चुनाव में इन लोगों को भाजपा का प्रचार भी करने दिया गया। भाजपा के आईटी सेल के पदाधिकारी होने के नाते मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार में यह भाजपा प्रत्याशियों के लिये अहम भूमिका अदा कर रहे थे। ख़बरों के अनुसार वाराणसी पुलिस ने इन गुंडों को पिछले दिनों नववर्ष के अवसर पर देर रात आवारागर्दी करने के दौरान गिरफ़्तार किया तब इन्होंने अपने इस जुर्म को भी स्वीकार किया। इसके बाद इनसे की गयी पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके विषय में जो दावा किया वह भी हैरान करने वाला था। पुलिस ने पूछताछ के बाद यह दावा किया कि तीनों अपराधियों ने यह स्वीकार किया है कि वे रात में शहर में युवतियों से छेड़खानी करने के आदी थे। गोया इसी तरह पहले भी यह कई लड़कियों की इस्मत व आबरू से खिलवाड़ कर चुके थे। परन्तु आईआईटी की वारदात के बाद लड़की की शिकायत के कारण दुष्कर्म की उनकी यह करतूत पहली बार सार्वजनिक रूप से उजागर हुई । पुलिस के अनुसार वारदात के रोज़ भी यह तीनों अपनी बाइक पर सवार होकर कई अलग अलग जगहों पर शिकार बनाने की ग़रज़ से किसी भी युवती की तलाश करते घूम रहे थे। इसी सिलसिले में वे तीनों पहले चेतगंज में सिगरा की ओर गए थे। सिगरा में तीनों ने लगभग 10 मिनट तक वहां शहीद उद्यान का कोना-कोना देखा। जब वहां कोई युवती नहीं मिली तो तीनों चेतगंज पहुंचे। चेतगंज में भी जब इन्हें कोई शिकार नज़र नहीं आया तब यह तीनों संस्कारी बेनिया होते हुए गिरजाघर की ओर गये । बेनिया पार्क के अंदर भी तीनों गए परन्तु वहाँ भी इन्हें कोई युवती नज़र नहीं आयी । फिर अंत में यह तीनों गिरजाघर,अस्सी और लंका होते हुए बीएचयू में प्रवेश कर गये जहां बी टेक की यह बदनसीब छात्रा इनहें दिखाई दे गयी। जिसपर यह भेड़िये की तरह टूट पड़े। ख़बर है कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ़्तार इन तीनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध वाराणसी के लंका थाने की पुलिस एक सप्ताह में अदालत में चार्जशीट दाख़िल करने की तैयारी में है। तीनों अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल की जांच और डेटा रिकवरी के लिए फ़ोरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस का दावा है कि तीनों के ख़िलाफ़ सर्विलांस और सीसी फ़ुटेज सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त इतने पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य हैं कि उन्हें अदालत से कठोर सज़ा ज़रूर मिलेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार पुलिस तीनों बलात्कारियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई करेगी जिसकी तैयारी शुरू की जा चुकी है।

यह पहला मौक़ा नहीं है जब तथाकथित संस्कारित लोग इस तरह के घिनौने कृत्य में शामिल पाए गये हों। सितम्बर 2022 में पौड़ी ज़िले के अंकिता हत्याकांड को याद कीजिये। यहाँ स्थित यमकेश्वर क्षेत्र के एक रिसॉर्ट से 19 साल की लड़की अंकिता भंडारी लापता हो गई थी जिसकी हत्या के बाद उसका शव चीला नहर में फेंक दिया गया था। पुलिस ने इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी रिसॉर्ट मालिक पुलकित आर्य को गिरफ़्तार किया था। पुलकित हरिद्वार के वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद आर्य का बेटा है। और भी देश के अनेक काण्ड जैसे जम्मू कश्मीर के कठुआ में बकरवाल समुदाय की आठ साल की बच्ची आसिफ़ा से बर्बर गैंगरेप और इसके बाद इसमें शामिल बलात्कारियों को बचने के लिये इन्हीं बेटी बचाओ के झण्डा बरदारों द्वारा निकाली जाने वाली बेशर्मी पूर्ण तिरंगा, गुजरात का बिल्क़ीस बानो सामूहिक बलात्कार व हत्या काण्ड और इसमें सज़ा पाये हत्यारों व बलात्कारियों का समय पूर्व रिहा होना और रिहा होने पर इन्हीं बलात्कारियों का स्वागत करना जैसे अनेक उदाहरण हैं जो इन संस्कारियों की सच्चाई को बयान करते हैं। ऐसी घटनायें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये भी काफ़ी है कि सत्ताधीशों के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के दावों और इसकी हक़ीक़त में कितना अंतर है।

# नए साल के आगमन पर गुजरे साल की जवाबदेही भी जरूरी


**अलीज़े नजफ**

> पिछले वर्ष में किए गए कार्यों और चुनौतियों का जायजा लिए बिना नए साल में कदम रखने से वही गलतियाँ दोहराए जाने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए बिना संकोच के अपना मूल्यांकन करें, विफलता से सीखे गए सबक सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही प्रक्रिया है विचार और व्यक्तित्व निर्माण की शुरुआत होती है, जिसके माध्यम से हम आभारी होने के लिए आत्म-जिम्मेदारी के माध्यम से अपने भीतर की क्षमता को साकार करने का प्रयास करते हैं और सफल होते हैं।

हम इस वक्त 2024 की दहलीज पर खड़े हैं, आम परंपरा या यूं कहें कि स्वनिर्मित परंपरा के अनुसार हममें से ज्यादातर लोग इस नए साल के आगमन का स्वागत अपने-अपने तरीके से जश्न मनाकर करते हैं, वहीं कुछ लोग नए साल के लिए लक्ष्य बनाते हैं। फिलहाल, यह रवैया चर्चा का विषय नहीं है। इस समय मेरा मुख्य विषय यह है कि क्या हम पिछले वर्ष से वे सभी खुशियाँ और लक्ष्य प्राप्त कर पाए हैं जिनकी हमने शुरुआत में योजना बनाई थी?, इस समीक्षा प्रक्रिया को स्व-जवाबदेही कहा जाता है, दूसरे शब्दों में, स्व-जवाबदेही एक शक्तिशाली उपकरण है जो हमें अपने समय का बेहतर उपयोग करने और एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में मदद कर सकता है।

नए साल के आगमन पर योजनाएँ बनाना और लक्ष्य निर्धारित करना एक फैशन बन गया है। ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं जो दूसरों को ऐसा करते देखकर उत्साहित हो जाते हैं और पेपर प्लानिंग करते हैं, लेकिन महीने के अंत तक वे योजनाएं कहीं रख कर भूल जाते हैं। बहुसंख्यक लोग ऐसे होते हैं जो अपने लक्ष्य को केवल कल्पना तक ही सीमित रखते हैं और कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो लक्ष्य हासिल करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाने के बाद अपने पुराने रास्ते पर लौट आते हैं। बहुत कम संख्या में ऐसे लोग होते हैं जो नए साल में अपने सभी प्रयास अपने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में लगा देते हैं। और उन्हें कुछ हद तक हासिल करके ही दम लेते हैं। ऐसे लोगों की संख्या आटे में नमक के बराबर है। हमें उनसे सीखने की सख्त जरूरत है। क्युकी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए सीखते रहना जरूरी है बिना बदले जिंदगी नहीं बदली जा सकती।

दुर्भाग्य से हमारे लिए केवल वही प्रयास अच्छा माना जाता है जो सफल होता है, हम में से अधिकांश लोग उन प्रयासों में कोई मूल्य नहीं देखते हैं जो सफल नहीं होते हैं, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि यह वास्तविकता है। सफलता के प्रति जुनूनी होना और लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने का प्रयास करना भी एक सफलता से कम नहीं। अगर उस समय सफलता नहीं मिलती है तो यह भी अपने आप में सफलता का एक हिस्सा है। अगर हम असफल होते हैं तो भी हम खाली हाथ नहीं हैं बल्कि हम अनुभव और ज्ञान में उन लोगों से आगे बढ़ जाते हैं जिन्होंने कभी कोशिश ही नहीं की। अगर हम सकारात्मक सोचे तो दूसरा बिंदु यह भी है कि इस तरह हम सफलता की इच्छा को एक जुनून में बदल देते हैं जो हमें निरंतर यात्रा पर रखता है, यह निरंतरता ही सफलता की सीढ़ी है। , क्योंकि बड़े सपने असफलता का सामना किए बिना वास्तविक नही होते। इस दुनिया में असफलता का सामना किए बिना सफलता




पाना एक काल्पनिक सोच से अधिक कुछ नहीं है जो कभी पूरी नहीं होती।

इस समय हम पिछले वर्ष में किए गए प्रयासों की जवाबदेही की बात कर रहे हैं, क्योंकि नए वर्ष में नए लक्ष्य निर्धारित करने से तब तक कुछ नहीं होता जब तक हम पिछले वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों के लिए किए गए प्रयासों का आकलन न कर लें। हिसाब-किताब न रखें। इस संबंध में, यह जानना महत्वपूर्ण है कि आत्म-जवाबदेही हमें पिछले वर्ष की सफलताओं और असफलताओं के कारणों को समझने में मदद करती है। हम यह आकलन करना बंद कर देते हैं कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और कितनी दूर आए हैं, हमारे प्रयासों का क्या परिणाम है वर्ष के अंतिम 365 दिनों के उतार-चढ़ाव, खुशियाँ और दुःख, सफलताएँ और असफलताएँ पैदा कर रहे हैं। हमारी जाति के निर्माण में इसकी क्या भूमिका है? स्व-जवाबदेही से गलत दिशा में बढ़ते कदम को रोकना और सही दिशा में अधिक दृढ़ता पैदा करना आसान हो जाता है। हमें गलतियों के लिए खुद को दोषी ठहराने और सही काम करने के लिए खुद की प्रशंसा करने के महत्व को समझने की जरूरत है।

प्रत्येक बीतते वर्ष में जीवन में सफलता, असफलता और खुशी और चुनौतियों का मिश्रण होता है। जीवन में सफलता, असफलता और चुनौतियाँ एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, वे साथ-साथ चलती हैं, इसलिए असफलता और चुनौतियों से मुक्त जीवन का सपना देखने का प्रयास करें, लेकिन लाभ के अलावा कुछ नहीं ।

पिछले वर्ष में किए गए कार्यों और चुनौतियों का जायजा लिए बिना नए साल में कदम रखने से वही गलतियाँ दोहराए जाने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए बिना संकोच के अपना मूल्यांकन करें, विफलता से सीखे गए सबक सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही प्रक्रिया है विचार और व्यक्तित्व निर्माण की शुरुआत होती है, जिसके माध्यम से हम आभारी होने के लिए आत्म-जिम्मेदारी के माध्यम से अपने भीतर की क्षमता को साकार करने का प्रयास करते हैं और सफल होते हैं। जिस को हम अक्सर अपने व्यस्त जीवन में नजरअंदाज कर देते हैं, जब हम पिछले वर्ष पर नजर डालते हैं तो हमें इन सुविधाओं का एहसास होता है। जिन पर हमने कभी ध्यान नहीं दिया होता है, जैसे अच्छा स्वास्थ्य, सहायक रिश्ते, वित्तीय स्थिरता, आत्म-विकास, और कई अन्य सुविधा जो हमें बहुत कम या बिना किसी प्रयास के मिलती हैं। वे सचेत रूप से प्रयास भी करते हैं। आत्म-जवाबदेही के लिए सबसे पहले, पिछले वर्ष के हर पहलू को ध्यान में रखें और खुद से दो टूक सवाल पूछने का साहस करें, जैसे कि पिछले वर्ष में कौन सी बड़ी घटनाएँ हुई, परिणाम कितने नकारात्मक और सकारात्मक थे? पिछले वर्ष मेरी सफलता और असफलता का ग्राफ क्या रहा? जिन चुनौतियों का मैंने सामना किया, उन्होंने मुझमें कैसा परिवर्तन किया? पिछले वर्ष मेरा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्वास्थ्य कैसा था? क्या मेरे करियर और रिश्तों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव आया है? अपने आप से प्रश्न पूछते समय, खुद को टालने के बजाय वास्तविकता का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करें ताकि आने वाला वर्ष पिछले वर्ष से बेहतर हो सके।

पिछले वर्ष के लिए खुद को जवाबदेह ठहराकर, हमें अपनी असफलताओं से सीखने, अपनी सफलताओं के लिए आभारी होने और इन खुशियों को संयमित तरीके से मनाने का अधिकार है। , विफलताओं और चुनौतियों के बारे में लगातार सोचने से केवल थकावट होती है जो हो सकती है नए साल के लक्ष्य में भी दीमक लगा दें, इसलिए अपनी खुशियों और सफलताओं का आनंद लेते हुए अपनी गलतियों से सीखें।

# पूर्व आईपीएस जो बन सकते हैं मिजोरम के नए मुख्यमंत्री

## कभी इन पर था इंदिरा गांधी की सुरक्षा का जिम्मा

मिजोरम में चुनावी नतीजे आने लगे हैं। यहां सत्तासीन मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) की सरकार को रुझानों में बड़ा झटका लगा है। तो वहीं एक नई पार्टी राज्य में बंपर जीत की ओर बढ़ रही है। यह पार्टी है जेडपीएम जिसने 40 सीटों वाली मिजोरम विधानसभा में रुझानों में 21 सीटों के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि मिजोरम में जिस जेडपीएम को इतना बड़ा जनादेश मिलता दिख रहा है, उसका गठन ही महज चार साल पहले हुआ है। इस बीच ये जानना जरूरी है कि जेडपीएम पार्टी कैसे अस्तित्व में आई और कैसे पार्टी के प्रमुख पूर्व आईपीएस लालडुहोमा ने राज्य के राजनीति समीकरण को ही बदल दिया।



### जेडपीएम ने कैसे कायम किया जलवा

पूर्व आईपीएस लालडुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए। वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालडुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम (ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट) पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया। मिज़ोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालडुहोमा मिज़ोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालडुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे।

### कैसे लालडुहोमा की हुई राजनीतिक एंट्री

1984 में पुलिस सेवा से इस्तीफा देने के बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। उसी वर्ष दिसंबर माह में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर लालडुहोमा संसद पहुंचे थे। 1988 में कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद उन्हें दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित किया गया था, जिसके कारण उन्हें लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी। लालडुहोमा के प्रयास से जेडपीएम(ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट) अस्तित्व में आया। पिछले विधानसभा चुनाव में लालडुहोमा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री लालथनहलवा को करारी शिकस्त दी, जिसके बाद से वे राजनीतिक गलियारों में सुर्खियां बन गए। उस वक्त लालडुहोमा की गठित पार्टी को चुनाव आयोग से मान्यता नहीं मिल सकी, जिसके कारण उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरना पड़ा था। कुछ समय बाद, जेडपीएम को चुनाव आयोग से राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता मिली। इस दौरान पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर लालडुहोमा को चुना गया। इस आधार पर उन्हें अपनी विधानसभा सदस्यता को गंवाना पड़ा। बता दें 27 नवंबर 2020 को मिज़ोरम राज्य में विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले लालडुहोमा पहले विधायक बन गए थे। हालांकि राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटना को लालडुहोमा के लिए संजीवनी बताते हैं। 2021 में सेरछिप सीट पर हुए उपचुनाव में उन्होंने इसे मुद्दा बना दिया। इस उपचुनाव में उन्हें फिर से विधानसभा पहुंचा दिया था।

## प्रचंड बहुमत से भाजपा की जीत, लेकिन सिंधिया समर्थकों में क्यों छाई है मायूसी

मध्य प्रदेश के चुनाव में सिंधिया के ग्वालियर चंबल अंचल में कुछ एक दर्जन समर्थक चुनावी मैदान में थे, जिसको लेकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने जमकर पसीना बहाया। इस चुनाव में अपने समर्थकों को जीतने के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दी और लगातार बिना थके और बिना रुके उन्होंने आधा सैकड़ा से अधिक जनसभाएं और रोड शो निकाले। वहीं जातिगत वोटों के लिए उन्होंने हर जाति वर्ग की बैठक आयोजित की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उन्हें उतनी सफलता नहीं मिल पाई जितनी उन्हें मिलनी चाहिए। मतलब साफ है की ग्वालियर चंबल अंचल में सिंधिया की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भले ही मध्य प्रदेश में उनकी सरकार बनने जा रही है, लेकिन ग्वालियर चंबल अंचल में अपने समर्थकों के लिए उनका जादू कुछ खास असर नहीं डाल पाया। ग्वालियर चंबल अंचल की 34 सीटों में से बीजेपी को लगभग 18 सीटें मिली है। वहीं कांग्रेस के खाते में 16 सीटे हैं। जिनमें से लगभग 13 सीटों पर सिंधिया समर्थक चुनाव लड़े थे। जिनमें से 8 सिंधिया समर्थक चुनाव हार गए। हारे हुए प्रत्याशियों में रघुराज सिंह कंसाना, कमलेश जाटव, इमरती देवी, माया सिंह, सुरेश धाकड़, महेंद्र सिसोदिया, जसपाल जज्जी और हीरेंद्र सिंह बना शामिल है। वहीं जो सिंधिया समर्थक चुनाव जीते हैं, उनमें प्रद्युमन सिंह तोमर, मोहन सिंह राठैड़, महेंद्र यादव, जगन्नाथ रघुवंशी और वीरेंद्र यादव है। ग्वालियर चंबल अंचल में जितने सिंधिया के समर्थक जीते हैं, उससे ज्यादा चुनाव हारे हैं। इसे सिंधिया की साख पर भी कई सवाल खड़े होगे। इसका कारण यह है कि जब केंद्रीय मंत्री सिंधिया साल 2018 में कांग्रेस में थे, तब ग्वालियर चंबल अंचल से कांग्रेस से 26 सीटें जीतकर आई थी और जिसका श्रेय सिंधिया को गया था।

## राजस्थान, छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन पर मंडराया खतरा



**मध्यप्रदेश** और राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा बहाल की गई पुरानी पेंशन व्यवस्था पर अब खतरा मंडराने लगा है। इन दोनों राज्यों में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज कराई है। केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन को लेकर पहले ही अपनी मंशा जाहिर कर दी है। देश में किसी भी सूरत में ओपीएस लागू नहीं किया जाएगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी, इस विषय में अपनी राय स्पष्ट कर चुके हैं। एनपीएस में सुधार के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद एनपीएस में बदलाव किया जा सकता है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा है, ये संभावना नहीं, बल्कि तय समझें कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अब पुरानी पेंशन व्यवस्था खत्म हो सकती है। इस बाबत एनएमओपीएस की कार्यकारिणी की बैठक में विचार होगा। देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल होने तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा।

विजय कुमार बंधु ने बताया, राजस्थान सहित दूसरे प्रदेशों के चुनाव में ओपीएस का मुद्दा प्रभावी रहा है। अगर राजस्थान के पोस्टल बैलेट को देखें, तो उसमें 170 से अधिक सीटों पर कांग्रेस पार्टी आगे रही थी। इसी तरह मध्यप्रदेश के चुनावी नतीजों का विश्लेषण किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि ओपीएस ही चुनावी हार-जीत का प्रमुख कारण रहा है। यह कह सकते हैं कि हार-जीत के समीकरणों को तय करने के लिए जो अहम वजह होती हैं, उनमें से एक ओपीएस है। अगर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन व्यवस्था को खत्म किया जाता है, तो उसके खिलाफ सरकारी कर्मचारी आवाज उठाएंगे। इस आंदोलन को देश के हर हिस्से में ले जाया जा रहा है। इस कड़ी में पटना में 10 दिसंबर को पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए सरकारी कर्मियों की एक बड़ी रैली आयोजित होगी।

### पीएम ने बताया था शॉर्ट कट पॉलिटिक्स

केंद्र सरकार की तरफ से कई बार ओपीएस को लेकर बयान सामने आए हैं। उनमें कहा जा रहा है कि जो राज्य पुरानी पेंशन लागू कर रहे हैं, वहां पर भविष्य में वित्तीय संकट उत्पन्न हो सकता है। राज्यों को विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को बंद किया जा सकता है। पीएम मोदी, इस तरह की स्कीम को शॉर्ट कट पॉलिटिक्स का नाम दे चुके हैं।

राजनीतिक दलों को ऐसी घोषणाओं से बचना चाहिए। ऐसी राजनीति, देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर देगी। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक चुनाव में ओपीएस का वादा किया था। इसी तरह कांग्रेस शासित राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ओपीएस बहाल कर दी गई थी। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के चुनाव की गारंटियों में ओपीएस को शामिल किया था। राजस्थान के चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस ने कहा था कि पुरानी पेंशन व्यवस्था को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। राहुल और प्रियंका ने अपनी चुनावी रैलियों में दूसरे मुद्दों के साथ ओपीएस पर भरपूर फोकस किया था। जब यह स्कीम राजस्थान में लागू की गई, तब राज्य वित्त आयोग का कहना था कि इसके लिए 41 हजार करोड़ रुपयों की जरुरत होगी। राजस्थान कैडर के पूर्व आईएएस राजीव महर्षि, जो केंद्रीय वित्त सचिव और राजस्थान के मुख्य सचिव जैसे पदों पर काम कर चुके हैं, उन्होंने गत वर्ष ओपीएस को वित्तीय आपदा का नाम दिया था। उनका कहना था कि केंद्र और राज्य, दोनों के लिए यह स्कीम वित्तीय आपदा साबित होगी। राज्यों पर पहले से ही इतना कर्ज है कि उस स्थिति में ओपीएस, अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर सकती है। सीएजी गिरिश चंद्र मुर्मु ने पुरानी पेंशन स्कीम के चलते राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों के जोखिमों को लेकर संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किए जाने से फिस्कल रिस्क बना रहेगा। आरबीआई और 15वें वित्त आयोग ने भी इस बाबत संज्ञान लिया है। योजना आयोग (अब नीति आयोग) के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलुवालिया ने ओपीएस को लेकर कहा था, ये सबसे बड़ी रेवड़ी है। एक तरफ तो राजस्व के घाटे को कम करने की बात की जाती है, लेकिन खर्चों को कैसे कम किया जाए, इसे पर कोई चर्चा नहीं होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में जिस रेवड़ी की बात कही है, वो सही है। पुरानी पेंशन सिस्टम, इसी तरह की सबसे बड़ी रेवड़ियों में से एक है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में हैं कर्मचारी

पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई अब अंतिम दौर की तरफ बढ़ रही है। अगर सरकार, कर्मचारियों की इस मांग को नहीं मानती है, तो उस स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है। कितने कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में हैं, यह पता लगाने के लिए केंद्र सरकार में दो बड़े विभाग, रेलवे और रक्षा विभाग (सिविल) में स्ट्राइक बैलेट यानी मतदान कराया गया था। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद %जेसीएम% के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, अब स्ट्राइक बैलेट का नतीजा आ गया है। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 प्रतिशत कर्मी, हड़ताल के पक्ष में हैं। यह मतदान पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से हुआ है। कर्मियों ने बिना किसी दबाव के अपना मत डाला है। अब ज्वाइंट फोरम की बैठक में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए निर्धारित तिथि की घोषणा की जाएगी। शिव गोपाल मिश्रा ने बताया, एनपीएस में कर्मियों जो पेंशन मिल रही है, उतनी तो बुढ़ावा पेंशन ही है। कर्मियों ने कहा है कि देश में सरकारी कर्मियों, पेंशनरों, उनके परिवारों और रिश्तेदारों को मिलाकर वह संख्या दस करोड़ के पार पहुंच जाती है। अगर ओपीएस लागू नहीं होता है, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को राजनीतिक नुकसान झेलना होगा।

एनपीएस स्कीम में शामिल कर्मी, 18 साल बाद रिटायर हो रहे हैं, उन्हें क्या मिला है। एक कर्मी को एनपीएस में 2417 रुपये मासिक पेंशन मिली है, दूसरे को 2506 रुपये और तीसरे कर्मी को 4,900 रुपये प्रतिमाह की पेंशन मिली है। अगर यही कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में होते तो उन्हें प्रतिमाह क्रमशः 15250 रुपये, 17150 रुपये और 28450 रुपये मिलते। एनपीएस में कर्मियों द्वारा हर माह अपने वेतन का दस प्रतिशत शेयर डालने के बाद भी उन्हें रिटायरमेंट पर मामूली सी पेंशन मिलती है। एनपीएस के तहत राज्य सरकारें, अपना और कर्मचारी की सैलरी का एक तय हिस्सा पेंशन फंडिंग रेगुलेटरी डेवलपमेंट अथॉरिटी को देती हैं।

इसे बाद में कर्मचारी को पेंशन के रूप में दिया जाता है। इसके तहत पेंशन फंडिंग एडजस्टमेंट के तहत राज्य सरकारें, केंद्र से अतिरिक्त कर्ज ले सकती हैं। यह अतिरिक्त कर्ज राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का तीन फीसदी तक हो सकता है। पुरानी पेंशन योजना को दोबारा से लागू करने वाली राज्य सरकारों और केंद्र के बीच ठन गई है। जिन गैर-भाजपा शासित राज्यों ने अपने कर्मियों को पुरानी पेंशन के दायरे में लाने की घोषणा की है, उन्हें एनपीएस में जमा कर्मियों का पैसा वापस नहीं मिलेगा। केंद्र ने साफ कर दिया है कि यह पैसा पेंशन फंड एंड रेगुलेटरी अथारिटी (पीएफआरडीए) के पास जमा है। नई पेंशन योजना एनपीएस के अंतर्गत केंद्रीय मद में जमा यह पैसा राज्यों को नहीं दिया जा सकता। वह पैसा केवल उन कर्मचारियों के पास जाएगा, जो इसका योगदान कर रहे हैं।

# हारी सीटों पर रणनीति में भाजपा सफल









भारतीय जनता पार्टी ने चार माह पहले अगस्त में 39 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। इन सीटों पर पार्टी लंबे समय से नहीं जीती थी। पार्टी के इन सीटों पर जल्द प्रत्याशियों को उतारने की रणनीति सफल साबित हुई। इन 39 सीटों में से पार्टी ने 26 पर जीत दर्ज की है। यहां पर प्रत्याशियों को चुनाव की तैयारी का बहुत समय मिल गया।

### 17 अगस्त को आई थी 39 नामों की लिस्ट, उसमें 26 जीते

भाजपा ने रणनीति के तहत चुनावों से 100 दिन पहले पहली सूची जारी की। 17 अगस्त को पहली सूची में 39 नाम आए थे। इनमें से 26 जीते। यह सीटें सी और डी श्रेणी की थी। यह सीटें 2018 में भाजपा हारी थी। इनमें से कुछ सीटों पर तो वह दस या ज्यादा साल से हार रही थी। फिर 25 सितंबर को दूसरी सूची आई। इसमें भी 39 नाम थे। दो सीटों पर विधायकों के टिकट काटे थे। बची 37 सीटों पर कांग्रेस को 2018 और कुछ सीटों पर उससे पहले भी जीत मिली थी। इस सूची में सात सांसदों के नाम थे, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री- नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल और फग्गनसिंह कुलस्ते भी शामिल थे। भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को भी इस सूची में शामिल किया था। निवास (मंडला) सीट पर कुलस्ते और सतना सीट पर गणेश सिंह को हार का सामना करना पड़ा। शेष सांसद और विजयवर्गीय ने आसान जीत दर्ज की और कांग्रेस से सीट छीनने में कामयाबी हासिल की।

### कुछ बड़े नाम हारे, कुछ बने जाइंट किलर

पहली सूची में शामिल कुछ बड़े नामों को हार का सामना करना पड़ा है। इनमें भिंड के गोहद से पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य चुनाव हार गए। भोपाल मध्य विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, भोपाल उत्तर विधानसभा सीट पर पूर्व महापौर आलोक शर्मा चुनाव हार गए। चाचौड़ा सीट पर पहली बार की प्रत्याशी प्रियंका मीणा ने दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को 60 हजार से अधिक वोट से चुनाव हराकर जायंट किलर होने का संकेत दे दिया। यहां पूर्व विधायक ममता मीणा को टिकट से इनकार किया तो उन्होंने आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा।

इसके बावजूद प्रियंका की जीत के अंतर के बराबर वोट हासिल नहीं कर सकी। इसके अलावा गोटेगांव में भाजपा के महेंद्र नागेश ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति को हराया। वहीं, सोनकच्छ में भाजपा के राजेश सोनकर ने पूर्व मंत्री कांग्रेस के सज्जन सिंह वर्मा को हराया। इंदौर की राऊ सीट पर इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष मधु वर्मा ने पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को हराकर सबको चौंकाया।


### इन सीटों पर भाजपा को मिली जीत

1. सबलगढ़ में सरला विजेंद्र रावत ने कांग्रेस के बैजनाथ कुशवाह को 9,805 वोट से हराया
2. सुमावली में एंदल सिंह कंसाना ने बसपा के कुलदीप सिंह सिकरवार को 16,008 वोट से हराया
3. पिछोर में प्रीतम सिंह लोधी ने कांग्रेस के अरविंद सिंह लोधी को 21,882 वोट से हराया
4. चाचौड़ा में प्रियंका मीणा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता लक्ष्मण सिंह को 61,570 वोट से हराया
5. चंदेरी में जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कांग्रेस के गोपाल सिंह चौहान (डग्गी राजा) को 21,768 वोट से हराया
6. बंडा में वीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस के तरवर सिंह लोधी बंटू भैया को 34,751 वोट से हराया
7. महाराजपुर में कामाख्या प्रताप सिंह ने कांग्रेस के नीरज दीक्षित को 26,617 वोट से हराया
8. छतरपुर में ललिता यादव ने कांग्रेस के आलोक चतुर्वेदी (पज्जन भैया) को 6,967 वोट से हराया
9. पथरिया में लखन पटेल ने कांग्रेस के राव ब्रजेंद्र सिंह को 18,159 वोट से हराया
10. चित्रकुट में सुरेंद्र सिंह गेहरवार ने कांग्रेस के नीलांशु चतुर्वेदी को 6,670 वोट से हराया
11. बड़वारा में धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कांग्रेस के विजय राघवेंद्र सिंह (बसंत सिंह) को 50,993 वोट से हराया
12. बरगी में नीरज सिंह लोधी ने कांग्रेस के संजय यादव को 39,957 वोट से हराया
13. शाहपुरा में ओमप्रकाश धुर्वे ने कांग्रेस के भूपेंद्र मरावी (बबलू) को 5,617 वोट से हराया
14. लांजी में राजकुमार कर्राय ने कांग्रेस की हीना कांवरे को 2,773 वोट से हराया
15. बरघाट में भाजपा के कमल मर्सकोले ने कांग्रेस के अर्जुन सिंह काकोड़िया को 17,081 वोट से हराया
16. गोटेगांव में भाजपा के महेंद्र नागेश ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति को 47,788 वोट से हराया
17. मुलताई में भाजपा के चंद्रशेखर देशमुख ने कांग्रेस के सुखदेव पांसे को 14,482 वोट से हराया
18. भैंसदेही में भाजपा के महेंद्र सिंह ने कांग्रेस के धर्मू सिंह को 8,230 वोट से हराया
19. सोनकच्छ में भाजपा के राजेश सोनकर ने कांग्रेस के सज्जन कुमार वर्मा को 25,437 वोट से हराया
20. महेश्वर में भाजपा के राजकुमार मेव ने कांग्रेस की विजयलक्ष्मी साधौ को 5,919 वोट से हराया
21. अलीराजपुर में नागर सिंह चौहान ने कांग्रेस के मुकेश पटेल को 3,723 वोट से हराया
22. पेटलावद में भाजपा की निर्मला भूरिया ने कांग्रेस के वालसिंह मेढ़ा को 5,647 वोट से हराया
23. धरमपुरी में भाजपा के कालू सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के पांचीलाल मेढ़ा को 356 वोट से हराया
24. राउ में भाजपा के मधु वर्मा ने कांग्रेस के जीतू पटवारी को 35,522 वोट से हराया घट्टिया में भाजपा के सतीश मालवीय ने कांग्रेस के रामलाल मालवीय को 17,666 वोट से हराया गुन्नौर से भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार वर्मा ने कांग्रेस के जीवनलाल सिद्धार्थ को 1,160 वोट से हराया


### यहां भाजपा हारी

गोहद में लाल सिंह आर्य हारे पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को से चुनाव हारे जबलपुर पूर्व में अंचल सोनकर कांग्रेस के लखन घनघोरिया से हारे बिछिया में विजय आनंद मरावी कांग्रेस के नारायण सिंह पट्टा से हारे बैहर में भगत सिंह नेताम कांग्रेस के संजय उइके से हारे सौंसर में भाजपा के नानाभाऊ मोहाड़ कांग्रेस के विजय रेवनाथ चौरे से हारे पाढुंर्णा में भाजपा के प्रकाश भाऊ उइके कांग्रेस के नीलेश उइके से हारे भोपाल उत्तर में भाजपा के आलोक शर्मा कांग्रेस के आतिफ अकील से हारे भोपाल मध्य सीट पर भाजपा के ध्रुव नारायण सिंह कांग्रेस के आरिफ मसूद से हारे कसरावद में भाजपा के आत्माराम पटेल कांग्रेस के सचिन यादव से हारे झाबुआ में भाजपा के भानू भूरिया को कांग्रेस के विक्रांत भूरिया ने हराया कुक्षी भाजपा के जयदीप पटेल कांग्रेस के सुरेंद्र पटेल से हारे तराना में भाजपा के ताराचंद्र गोयल को कांग्रेस के महेश परमार ने हराया

# सियासी रण में मात खा गए ये दिग्गज



डॉ गोविंद सिंह (कांग्रेस)



राजेंद्र राठौड़ (भाजपा)



रविंद्र चौबे (कांग्रेस)

**तीनों सात बार के विधायक रह चुके**

रविवार को चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए । जहां मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बाजी मारी तो तेलंगाना में कांग्रेस को सफलता मिली। इन चुनाव नतीजों में कई ऐसे भी थे, जिसने सभी को चौंकाया। खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कई नेता ऐसे थे, जो पांच या इससे अधिकर बार के विधायक थे, लेकिन इस बार अपनी सीट ही गंवा बैठे।

### छह बार के विधायक केपी सिंह नहीं बचा पाए अपनी सीट

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे केपी सिंह शिवपुरी सीट पर अपना चुनाव हार गए। केपी सिंह को भारतीय जनता पार्टी के देवेन्द्र कुमार जैन के हाथों 43,030 वोटों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी। यहां मौजूदा विधायक यशोधरा राजे सिंधिया के चुनाव नहीं लड़ने का एलान के बाद जैन को भाजपा ने टिकट दिया था, जो पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। दरअसल, केपी सिंह शिवपुरी जिले की ही पिछोर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह इस सीट से लगातार छह चुनाव जीते। उन्होंने 1993, 1998, 2003, 2008, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में पिछोर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की है। इस बार पार्टी ने उन्हें पिछोर की जगह शिवपुरी से चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन बाजी किसी और ने मार ली।

### कृषि मंत्री कमल पटेल रोचक मुकाबले में हारे

प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल भी हार गए। वे हरदा सीट से चुनाव लड़ रहे थे। कांग्रेस के रामकिशोर डोगने से उनका मुकाबला था। कई राउंड में आगे-पीछे होते रहे। आखिरी में 870 वोटों से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कमल पटेल ने 1993, 1998, 2003, 2008 और 2018 में हरदा सीट से पांच बार विधानसभा का चुनाव जीता। अप्रैल 2020 में उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और वर्तमान में वे मध्य प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बालाघाट सीट से शिवराज सरकार में मंत्री गौरीशंकर बिसेन भी अपना चुनाव हार गए। पांच बार के विधायक को कांग्रेस की अनुभा मुंजारे ने 29,195 वोटों से हराया। 1985 में बिसेन बालाघाट विधानक्षेत्र सीट पर विजयी हुए थे। वह मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए पांच बार चुने गए। 1998 और 2004 में वह बालाघाट संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद भी बने। बिसेन 2008 में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बने थे।

### सात बार के विधायक नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भी हारे

भिंड जिले की लहार विधानसभा सीट के नतीजों ने भी सभी को चौंकाया। लहार से मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह चुनाव मैदान में थे। भाजपा की ओर से मैदान में उतरे अंबरीश शर्मा गुड्डू ने दिग्गज कांग्रेस नेता को 12,397 वोटों के अंतर से हरा दिया। डॉ. गोविंद सिंह 1990 में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह 1993, 1998, 2003, 2008 2013 और 2018 में विधानसभा चुनाव में भी विजयी हुए। 2018 में बनी कमलनाथ वाली कांग्रेस सरकार में गोविंद सिंह मंत्री भी बनाए गए थे।

## छत्तीसगढ़ में पांचवीं पास मजदूर ने छह बार के विधायक को हराया

### गैर-राजनीतिक व्यक्ति ने कद्दावर मंत्री को शिकस्त दी

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भी कई उलटफेर देखने को मिले, जिसमें वरिष्ठ नेता रवींद्र चौबे की हार भी शामिल है। बेमेतरा जिले की साजा सीट से कांग्रेस के मंत्री रविंद्र चौबे को भाजपा की तरफ से उतरे ईश्वर साहू ने हराकर सबको चौंका दिया। छह बार के विधायक रहे रवींद्र को 5,196 वोटों के अंतर से हार झेलनी पड़ी। ईश्वर साहू ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया था कि वह पांचवीं पास हैं और मजदूरी का काम करते हैं और पत्नी गृहिणी हैं। उनके बेटे भुवनेश्वर साहू की बिरनपुर गांव में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के दौरान मौत हो गई थी। चुनाव में भाजपा ने ईश्वर को टिकट थमा दिया और वोट के बदले अपने बेटे के लिए इंसाफ देने की बात कहने वाले भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीत गए। रवींद्र चौबे कांग्रेस के पुराने और कद्दावर नेता हैं।

1985 में अविभाजित मध्य प्रदेश में चौबे पहली बार विधायक बने और ये सिलसिला 1990, 1993 और 1998 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहा। वहीं छत्तीसगढ़ बनने के बाद चौबे 2003 और 2008 के राज्य विधानसभा के चुनावों में भी जीते। अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर छत्तीसगढ़ में कई विभागों के मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुके चौबे 28 सालों तक विधायक रहे। 2013 के चुनावों में पहली बार कांग्रेस नेता के हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अगले ही चुनाव में 2018 में उन्होंने फिर से जीत हासिल की थी।



### राजस्थान में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी हारे

राजस्थान में भी कई दिग्गजों का दांव परास्त हो गया। विधानसभा चुनावों में नाथद्वारा सबसे हॉट सीटों में से एक थी। यहां कांग्रेस के दिग्गज नेता सीपी जोशी का मुकाबला भाजपा के उदयपुर राज परिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ से था, जिसे उन्होंने 7,504 वोटों से जीत लिया। सीपी जोशी इस सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं।

उनकी सीट नाथद्वारा काफी चर्चा में रहती है, क्योंकि 2008 में यहां एक वोट से सीपी जोशी को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा के कल्याण सिंह ने 2008 के विधानसभा चुनाव में सीपी जोशी को एक वोट से हराया था। कल्याण सिंह को 62,216 वोट मिले थे और सीपी जोशी ने 62,215 वोट हासिल किए थे।

### नेता प्रतिपक्ष और सात बार के विधायक राजेंद्र हारे


चूरू जिले की तारानगर विधानसभा सीट पर सात बार के विधायक राजेंद्र राठौड़ को हार झेलनी पड़ी। 68 साल के राठौड़ को कांग्रेस के नरेन्द्र बुडानिया ने 10,345 वोटों से हराया। इसी साल अप्रैल में नेता प्रतिपक्ष बनने वाले राजेंद्र 1990 में पहली बार विधायक बने थे।

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ 1990 से 2018 तक लगातार चूरू विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करते रहे हैं। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने राठौड़ को चूरू की ही तारानगर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा। इसके पहले 2008 में भी वे इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। इस बार सीट में हुए बदलाव का फैसला राजेंद्र सिंह राठौड़ अपने पक्ष में नहीं कर पाए और चुनाव हार गए।

# भारतीय कुश्ती में नया विवाद : बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ पहलवान जुटे

आर्य समाज अखाड़े के विवेक मलिक ने कहा इन जूनियर पहलवानों का पूरा एक साल खराब हो गया। नये डब्ल्यूएफआई ने इन पहलवानों के भले के लिये फैसला लिया था जो जिला या प्रदेश स्तर की स्पर्धा भी नहीं खेल सके हैं। उन्होंने कहा नये महासंघ को भी निलंबित कर दिया गया। इसका चुनाव अदालत के निर्देशों के अनुसार हुआ था लेकिन इसे काम नहीं करने दिया गया। निलंबन हटना चाहिये और महासंघ को काम करने देना चाहिये। इन प्रदर्शनकारी पहलवानों ने मांग की है कि निलंबित डब्ल्यूएफआई को फिर बहाल किया जाये और तदर्थ समिति को भंग किया जाये।

भारतीय कुश्ती में जारी संकट में बुधवार को नया मोड़ आया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने कैरियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ जंतर मंतर पर जमा हुए और उन्होंने इसके लिये शीर्ष पहलवानों बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया। बसों में भरकर जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे। इनमें से करीब 300 बागपत के छपरौली के आर्य समाज अखाड़े से थे जबकि कई नरेला की वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से भी थे। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें काबू करने में काफी परेशानी हुई। ये पहलवान बजरंग साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इन्होंने बैनर पकड़ रखे थे जिस पर तीनों पहलवानों की तस्वीरों के साथ लिखा था कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी, बजरंग और फोगाट। भारतीय कुश्ती महासंघ के



नये पदाधिकारियों के चुनाव के तुरंत बाद राष्ट्रीय अंडर 15 और अंडर 20 चैम्पियनशिप गोंडा में कराने का फैसला किया गया जिसके बाद मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया और ये टूर्नामेंट भी रद्द हो गए। प्रदर्शनकारी पहलवानों में से कइयों के पास आखिरी बार जूनियर स्तर पर खेलने का मौका था। मुजफ्फरनगर स्टेडियम के कोच प्रदीप कुमार ने कहा उत्तर प्रदेश के 90 प्रतिशत से अधिक अखाड़े इस प्रदर्शन में हमारे साथ हैं। एक तरफ सिर्फ तीन पहलवान है और दूसरी तरफ लाखों हैं। उन्होंने देश के लाखों पहलवानों का कैरियर खराब कर दिया। उन्होंने कहा इन लोगों के मन में राष्ट्रीय पुरस्कारों की कोई इज्जत नहीं है। उन्हें सड़क पर पटक रहे हैं।'' बजरंग और विनेश ने अपने सरकारी सम्मान लौटा दिये हैं।

प्रदीप ने कहा वे कहते आ रहे हैं कि उनकी लड़ाई महिला और जूनियर पहलवानों के लिये हें लेकिन उन्होंने लाखों के कैरियर बर्बाद कर दिया। उनका प्रदर्शन डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद पाने के लिये है। एक बार ऐसा होने पर उनका सारा प्रदर्शन बंद हो जायेगा। करीब एक साल पहले जंतर मंतर पर ही ये तीनों शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर धरने पर बैठे थे। उस समय किसान समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, महिला संगठनों और पहलवानों ने इनका समर्थन किया था। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर और प्रतिस्पर्धायें ठप पड़ी है। डब्ल्यूएफ आई दो बार निलंबित हो चुका है और तदर्थ समिति खेल का संचालन कर रही है।

आर्य समाज अखाड़े के विवेक मलिक ने कहा इन जूनियर पहलवानों का पूरा एक साल खराब हो गया। नये डब्ल्यूएफआई ने इन पहलवानों के भले के लिये फैसला लिया था जो जिला या प्रदेश स्तर की स्पर्धा भी नहीं खेल सके हैं। उन्होंने कहा नये महासंघ को भी निलंबित कर दिया गया। इसका चुनाव अदालत के निर्देशों के अनुसार हुआ था लेकिन इसे काम नहीं करने दिया गया। निलंबन हटना चाहिये और महासंघ को काम करने देना चाहिये। इन प्रदर्शनकारी पहलवानों ने मांग की है कि निलंबित डब्ल्यूएफआई को फिर बहाल किया जाये और तदर्थ समिति को भंग किया जाये।

## एशियन फुटबॉल कप के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान, सुनिल छेत्री को कप्तानी की जिम्मेदारी



जनवरी में होने वाले एएफसी एशियन कप के लिए भारतीय फुटबॉल टीम ने 26 खिलाड़ियों का स्क्वॉड जारी कर दिया है। सुनिल छेत्री को टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं स्टार गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू और डिफेंडर संदेश झिंगन भी टीम का हिस्सा होंगे। सुनिल छेत्री और गुरप्रीत सिंह संधू 2011 एएफसी एशियन कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। छेत्री ने बहरीन और साउथ कोरिया के खिलाफ एक-एक गोल किया था। एशियन कप में भारत ग्रुप बी में है। भारत का पहला मैच 13 जनवरी को अल रेयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट कतर में 12 जनवरी से 10 फरवरी तक खेला जाएगा।

भारतीय फुटबॉल टीम पांचवीं बार एशियन कप में हिस्सा लेगी। इससे पहले टीम 1964,1984, 2011 और 2019 में टूर्नामेंट खेल चुकी है। 1964 में टीम ने बेस्ट प्रदर्शन किया था और फाइनल खेला था। वहीं, बाकि तीन एडिशन में भारत ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था। इस बार एशियन कप में भारत के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेक्तिान और सीरिया होगा। भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 जनवरी, दूसरा मुकाबला उज्बेकिस्तान के खिलाफ 18 जनवरी और सीरिया के खिलाफ तीसरा मुकाबला 23 जनवरी को होगा।

# कैरियर की शुरूआत में भारतीय टीम के खिलाफ खेलना खास अनुभव : डि जोर्जी

उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ खिलाड़ी 2016 में अंडर 19 विश्व कप खेल चुके हैं। मैं और वियान मूल्डर उनमें शामिल है लेकिन हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। उससे हमने सबक लिया कि बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने कहा द्रविड़ को याद नहीं होगा कि मैं और हमारे कोच लॉरेंस प्रेस कांफ्रेंस के लिये जा रहे थे। लिफ्ट में राहुल द्रविड़ और ऋषभ पंत भी थे। उस समय पंत के पास आईपीएल करार था। मैं उन्हें देखकर काफी रोमांचित हुआ और सोचा कि क्या हम उन्हें हरा सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरूआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना उनके लिये खाय अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे, अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा यह



मेरे लिये खास अनुभव रहा है। कैरियर की शुरूआत में भारत के खिलाफ अच्छा अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है। यह शानदार अनुभव है। उन्हें देखकर जमैका के मशहूर रेगे गायक बॉब मार्ले की याद आती है जिनके घुंघराले बाल चेहरे पर लहराते थे।

वहीं भुजाओं पर बने टैटू एमएमए फाइटर होने का आभास देते हैं लेकिन उनकी शख्सियत का सबसे दिलकश पहलू उनका मजाकिया स्वभाव है। डिजोर्जी ने अपनी एक इंस्टाग्राम रील पर अभ्यास सत्र की वीडियो डालते हुए कहा अभ्यास के दौरान जिस तरह से मैं थ्रोडाउन पर पंच लगाता हूं, मुझे तो मुक्केबाज होना चाहिये था। इतालवी मां और नाइजीरियाई पिता से जन्में डिजोर्जी ने भारत के खिलाफ वनडे में पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा और अगले मैच में 81 रन बनाये। उन्होंने कहा क्रिकेट बहुत कठिन है और आप कड़ा अभ्यास करते रहते हैं। इसमें गलतियां भी होती हैं। मैं हंसी मजाक के बीच माहौल को हल्का बनाये रखने में विश्वास करता हूं। अभ्यास के दौरान गलतियों में सुधार भी करता रहता हूं। उन्होंने कहा मैं सुबह प्रार्थना करता हूं और उसके बाद कड़ा अभ्यास करता हूं। मैं अपने खेल का पूरा मजा लेने की कोशिश करता हूं। इंस्टाग्राम और टिक टॉक रील बनाने के शौकीन इस क्रिकेटर ने कहा यह खुद को अभिव्यक्त करने का तरीका है। इससे मैने एडीटिंग सीखी। मैं कविता नहीं लिख सकता लेकिन रील बना सकता हूं। दक्षिण अफ्रीका की अंडर 19 टीम के कप्तान रहे डिजोर्जी ने कहा कि उनके लिये सर्वश्रेष्ठ पल था जब उन्होंने भारतीय जूनियर टीम के तत्कालीन कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाज ऋषभ पंत को लिफ्ट में देखा। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ खिलाड़ी 2016 में अंडर 19 विश्व कप खेल चुके हैं। मैं और वियान मूल्डर उनमें शामिल है लेकिन हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। उससे हमने सबक लिया कि बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने कहा द्रविड़ को याद नहीं होगा कि मैं और हमारे कोच लॉरेंस प्रेस कांफ्रेंस के लिये जा रहे थे।

## अमांडा अनिसिमोवा आकलैंड टेनिस के क्वार्टर फाइनल में, मारी बूजकोवा को हराया

अमेरिकी ओपन जूनियर चैम्पियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6.1, 6.2 से हराया।

अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6.0, 6.1 से हराया। मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है।

अमेरिकी ओपन जूनियर चैम्पियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6.1, 6.2 से हराया।

## दूसरे टेस्ट मैच में बजा राम सिया राम, विराट कोहली ने दिया ऐसा रिएक्शन

केपटाउन में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच के दौरान राम सिया राम की धुन सुनते ही कोहली खुद को रोक नहीं पाए और भगवान श्रीराम की तरह धनुष चलाने का पोज देने लगे। उसके बाद उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर प्रमाण भी किया।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पहले सेशन में ही मेहमान टीम ने मेजबान टीम को महज 55 रन पर ही समेट दिया। वहीं इस बीच मैदान पर भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली भगवान राम को प्रमाण करते नजर आए।

दरअसल, साउथ अफ्रीकी पारी के 16वें ओवर में मार्को यानसेन के आउट होने के बाद केशव महाराज क्रीज पर बल्लेबाजी करने आए।



उनके क्रीज पर पहुंचते ही राम सिया राम की धुन पूरे स्टेडियम में गूंजने लगी। केशव महाराज की बल्लेबाजी के दौरान ऐसा अक्सर देखने को मिलता है। राम सिया राम की धुन सुनते ही कोहली खुद को रोक नहीं पाए और भगवान श्रीराम की तरह धनुष चलाने का पोज देने लगे। उसके बाद उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर प्रमाण भी किया। कोहली का ये अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा है। हालांकि, केशव महाराज भी बड़ी पारी खेलने में समर्थ रहे। वह महज तीन रन बनाकर मुकेश कुमार की गेंद पर आउट हो गए।

साउथ अफ्रीका की ओर से महज दो बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े तक पहुंच पाए, बाकी कोई भी पांच रन से ज्यादा नहीं बना पाया। डेविड बेडिंघम ने 12 जबकि काइल वेरेने ने 15 रन बनाए। वहीं मोहम्मद सिराज ने 6 जबकि जसप्रीत बुमराह और डेब्यू टेस्ट मैच खेल रहे मुकेश कुमार ने दो-दो विकेट चटकाए। प्रसिद्ध कृष्णा को एक भी सफलता नहीं मिली।

# ओरी ने दिखाई पलक तिवारी को मिडिल फिंगर! एक्ट्रेस के साथ हुई व्हाट्सएप चैट लीक, आखिर दोनों के बीच क्यों हुआ विवाद

ऐसा लग रहा है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। चैट के वायरल स्क्रीनशॉट में, पलक ओरी से माफ़ी मांगती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन ओरी ने पलक तिवारी को मिडिल फिंगर दिखाकर रिप्लाई किया है। सोशल मीडिया की सेंसेशन ओरी और पलक तिवारी की लीक हुई व्हाट्सएप चैट ने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। ऐसा लग रहा है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। चैट के वायरल स्क्रीनशॉट में, पलक ओरी से माफ़ी मांगती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन ओरी ने पलक तिवारी को मिडिल फिंगर दिखाकर रिप्लाई किया है।

ओरी ने हाल ही में पलक तिवारी के साथ अपनी व्हाट्सएप बातचीत का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया था जिसमें किसी का भाई किसी की जान एक्ट्रेस माफी मांगते नजर आ रही थी। पलक ने लिखा है ओरी, पलक हूं में। इसके रिप्लाई में ओरी ने पलक को मिडिल फिंगर भेजी हैं।



इसके बाद उन्होंने लिखा, सारा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए। मैं यह कह रही हूं। इस पर ओरी ने उत्तर दिया, नहीं, बेब, मुझे क्षमा करें। या तो आप आत्मसम्मान के कारण माफी मांगें। क्योंकि तुम नहीं जानती कि कैसे बात करनी है। सोशल मीडिया सनसनी को पलक का अगला संदेश पढ़ा, मैंने माफी मांग ली है। वहीं फैंस हैरान हैं और डिकोड करने की कोशिश कर रहे हैं कि ये सारा अली खान हैं या सारा तेंदुलकर। यह तब आया है जब पलक के सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान को डेट करने की अफवाह है। इब्राहिम अली खान, जो सैफ और अमृता सिंह के बेटे हैं, को नए साल की पूर्व संध्या पर पलक तिवारी के साथ देखा गया था। जब पपराज़ी ने उन्हें देखा तो दोनों अपनी कार की पिछली सीट पर बैठे थे। हालाँकि, जब उन्होंने उनकी तस्वीरें और वीडियो क्लिक करने की कोशिश की, तो इब्राहिम ने अपने हाथों से अपना चेहरा छुपाना चुना। कुछ समय पहले, 2022 में, एक ऐसी ही घटना घटी थी जब पपराज़ी ने एक साथ उनकी तस्वीरें क्लिक करने की कोशिश की थी और पलक क्लिक होने से बचने के लिए झुक गई। हालाँकि, इब्राहिम कैमरे के सामने मुस्कुराए।

# इस सुपरस्टार के प्यार में पागल थे करण जौहर पहली मुलाकात के दौरान हाथ-पैर हो गये थे ठंडे, फिल्म निर्माता ने खुद किया खुलासा

फिल्म निर्माताओं में से एक करण जौहर फिल्म बनाने के अलावा अपनी शो कॉफी विद करण के लिए जानें जाते हैं। इस बार कॉफ़ी विद करण का आठवा सीजन चल रहा हैं। शो में इस बार करण जौहर के साथ बातचीत करने के लिए जान्हवी कपूर और ख़ुशी कपूर आये हैं।

फिल्म निर्माताओं में से एक करण जौहर फिल्म बनाने के अलावा अपनी शो कॉफी विद करण के लिए जानें जाते हैं। इस बार कॉफ़ी विद करण का आठवा सीजन चल रहा हैं। शो में इस बार करण जौहर के साथ बातचीत करने के लिए जान्हवी कपूर और ख़ुशी कपूर आये हैं। शो में जब जान्हवी कपूर और ख़ुशी कपूर आये हैं तो उनकी सुपरस्टार मां दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी का जिक्र तो होगा ही। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी के बारे में करण जौहर ने अपनी एक पुरानी याद साझा की है।

करण जौहर ने अपने लोकप्रिय सेलिब्रिटी चैट शो कॉफ़ी विद करण



के नवीनतम एपिसोड में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी के साथ अपने फैनबॉय मोमेंट को साझा किया। शो के आगामी एपिसोड में भाई-बहन की जोड़ी जान्हवी कपूर और ख़ुशी कपूर को सोफे पर ले जाते हुए देखा जाएगा। एपिसोड के दौरान केजेओ ने अपनी प्यारी मां श्रीदेवी के प्रति अपने अटूट प्यार के बारे में खुलासा किया। उन्होंने इस बारे में भी बात की कि वह पहली बार कब श्रीदेवी से व्यक्तिगत रूप से मिले थे और उनकी आभा से मंत्रमुग्ध हो गए थे।

फिल्म निर्माता ने कहा मुझे एक बात कहनी है जो आप जानते हैं और मैंने यह बार-बार कहा है कि मैं आपकी माँ के प्यार में कितना पागल था। मैं उनका सबसे बड़ा प्रशंसक था। आप सभी प्रौद्योगिकी की विभिन्न स्थितियों से गुजरे हैं। लेकिन मेरे लिए वीडियो चरण सिनेमा हॉल था। शहर के जिस हिस्से में मैं रहता था वहां कोई भी हिंदी फिल्में देखने नहीं जाता था। वह वह दौर था जब आपकी मां और जीतू जी ने फिल्में कीं। मैंने उन सभी को देखा है।

उन्होंने आगे कहा जिस समय मैंने आखिरकार उन्हें मिस्टर इंडिया में देखा, मुझे लगा मैं उनका सबसे बड़ा फैन हूं। मुझे लगता है कि मैं जुनूनी हूं। तो पहली बार मैं उनसे वास्तव में 1993 में मिला था जब उन्होंने मेरे पिता के लिए गुमराह नाम की एक फिल्म की थी और मैं इस फोटोशूट में गया था, जिसकी शूटिंग राकेश श्रेष्ठ कर रहे थे और मेरे घुटने हिल रहे थे, क्योंकि मैं बहुत घबराया हुआ था। मेरे पिताजी ने मेरा परिचय कराया और मुझे नहीं पता कि मैंने क्या कहा या मैंने क्या किया है और वह अपने पूरे जीवन में मनीष मल्होत्रा से मिलने का पहला दिन भी था। केजेओ ने कहा मुझे लगा कि वह वास्तव में धूर्त और घमंडी थी क्योंकि मैंने कहा था, वह शानदार दिख रही है। उन्होंने कहा, जाओ, उसे बताओ और मैंने कहा, मैं सीधे तौर पर श्रीदेवी के पास नहीं जा सकता और आप बहुत अच्छी लग रही हैं। मैं यह नहीं कर सका। कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 डिज़्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होता है। सनी देओल और बॉबी देओल के बाद यह मौजूदा सीज़न की दूसरी भाई-बहन की जोड़ी है।

# पुलकित सम्राट ने अपने इस टैलेंट को रखा था छुपाकर, सरप्राइज देकर कृति को किया हैरान

पुलकित की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट ने तबला बजाने की उनकी नई अर्जित क्षमता पर प्रकाश डाला, जिससे कृति आश्चर्य चकित हो गई और अपने प्रेमी की अप्रत्याशित प्रतिभा पर प्रसन्न हुई। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट और ए कृति खरबंदा कई सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों ने अपने रिश्तों को निजी बना रखा है लेकिन वह सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। पुलकित की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट ने तबला बजाने की उनकी नई अर्जित क्षमता पर प्रकाश डाला, जिससे कृति आश्चर्यचकित हो गई और अपने प्रेमी की अप्रत्याशित प्रतिभा पर प्रसन्न हुई।



हाल ही में, पुलकित सम्राट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अभिनेता तबला बजाते नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी प्रेमिका-अभिनेत्री कृति खरबंदा उन्हें रिकॉर्ड कर रही हैं। हाउसफुल 4 की अभिनेत्री को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, तुझे बजाना आता है। पुलकित ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, नई चीजें सीखने के लिए। पुराने को गले लगाने के लिए। अपने पूर्ववर्ती की तरह दयालु बनो..। पुलकित की प्रतिभा से प्रभावित होकर, कृति खरबंदा ने अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए टिप्पणी अनुभाग में जाकर लिखा, आप हमेशा ऐसा करते हैं! हमेशा! मेरा प्रतिभाशाली लड़का! शुक्रवार, 29 दिसंबर को कृति खरबंदा ने इंस्टाग्राम पर अपने बॉयफ्रेंड पुलकित सम्राट के लिए एक विशेष जन्मदिन संदेश बनाया। उन्होंने इस अवसर का जश्न मनाने के लिए रोमांटिक तस्वीरों की एक श्रृंखला और एक आनंदमय नृत्य वीडियो पोस्ट किया।

पहली तस्वीर में, ट्रेंडी जोड़ी एक-दूसरे का हाथ थामे, अपनी छुट्टियों में इत्मीनान से टहलते हुए नजर आ रही है, और कृति प्यार से पुलकित को देख रही हैं। अगली तस्वीर सुरम्य समुद्री परिदृश्य पर आधारित है, जो उनके चेहरों पर गर्मजोशी और खुशी को कैद करती है। साथ में दिए गए वीडियो में यह जोड़ी उत्साह के साथ नाचते हुए, गाने की धुन पर थिरकते हुए, जाहिर तौर पर एक-दूसरे की कंपनी का आनंद लेते हुए दिखाई दे रही है। दर्पण के सामने ली गई एक सेल्फी में जोड़े को स्टाइलिश पोशाक में दिखाया गया है, और एक अन्य तस्वीर में उन्हें रात के आकाश के नीचे कैद किया गया है, जिसमें पुलकित द्वारा कृति को गाल पर एक हल्का चुंबन देते हुए थोड़ा धुंधला लेकिन स्नेहपूर्ण क्षण दिखाया गया है। आखिरी तस्वीर में वे एक सीढ़ी पर बैठे हुए हैं, हाथ पकड़े हुए हैं, कैजुअल आउटफिट में कैमरे के सामने सहजता से पोज़ दे रहे हैं।

# भगवा रंग का एट्रेस उर्वशी रौतेला ने उड़ाया मजाक, ब्रा दिखाते हुए नंगे पैर किया अश्लील डांस?

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने किया है। उर्वशी रौतेला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह भगवा रंग की अश्लील ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस एक छत पर कुछ अपत्तिजनक डांस मूव भी कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की ड्रेस में उनकी पूरी ब्रा दिखाई दे रही हैं।

फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ था लेकिन इसके साथ ही दीपिका पादुकोण पर भगवा बिकनी पहनने के कारण काफी विवाद भी हुआ था। दीपिका की भगवा बिकनी पर राजनीति से जुड़े नेताओं ने सवाल किया था। साथ ही धर्मिक भावनाओं को आहत करने काभी आरोप लगाया था। अब वहीं काम बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने किया है। उर्वशी रौतेला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह भगवा रंग की



अश्लील ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस एक छत पर कुछ अपत्तिजनक डांस मूव भी कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की ड्रेस में उनकी पूरी ब्रा दिखाई दे रही हैं। ऐसे में क्या भगवा रंग को लेकर उर्वशी रौतेला की ड्रेस पर भी बवाल मचेगा?

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा चर्चा में रहती हैं। उर्वशी कभी अपनी खूबसूरत, स्टनिंग, ग्लैमरस फोटो तो कभी अपने डांस को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी मां की बर्थडे पार्टी के डांस के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए थे। ये डांस वीडियो वायरल हो गया है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां की बर्थडे पार्टी के तीन वीडियो शेयर किए हैं। इन वीडियो में वह शिमरी आउटफिट में नजर आ रही हैं और बेहतरीन डांस करती नजर आ रही हैं। उर्वशी के इस जबरदस्त डांस को देखकर कई लोग हैरान हो गए हैं। साथ ही इस डांस की वजह से उन्हें कई लोगों ने ट्रोल भी किया है। ट्रोलर्स ने उनकी भगवा रंग की अश्लील ड्रेस पर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा उर्वशी के डांस वीडियो पर नेटिजेंस ने खूब रिएक्शन दिए हैं। एक नेटिज़न ने लिखा, क्या आप एक छोटी लड़की हैं? एक अन्य नेटिज़न ने लिखा, अरे क्या हुआ? क्या कोई करंट है? एक तीसरे नेटीजन ने भी लिखा, तुम्हें कौन सी बीमारी है भाई? ऐसे कई रिएक्शन एक्ट्रेस के वीडियो पर नेटिजन्स ने दिए हैं।

इस बीच, उर्वशी के काम के बारे में बात करें तो कुछ महीने पहले उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव के साथ एक गाना गाया था। उस गाने का नाम हम तो दीवाने है और इस गाने में हमें दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली थी। ये गाना खूब वायरल हुआ। इस गाने के बाद उर्वशी पर विवाद शुरू हो गया। एक्ट्रेस का नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर के साथ जुड़ने लगा। इसके बाद उन्हें कई बार ट्रोल किया गया।

# कर्नाटक में 31 साल पुराने मामले पर सियासी बवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बाबरी विध्वंस से जुड़े 31 साल पुराने केस में एक कारसेवक को गिरफ्तार किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने प्रतिक्रिया दी है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शख्स की गिरफ्तारी को बीजेपी द्वारा तूल दिए जाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह कारसेवक नहीं था और उसके खिलाफ 16 मामले दर्ज हैं। गृह मंत्री परमेश्वर ने बताया

**भाजपा**

**कर्नाटक के गृह मंत्री ने इस मामले को लेकर बीजेपी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, वो ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रही है।**



कि स्नद्धक्र और अन्य दस्तावेजों में श्रीकांत पुजारी का नाम कारसेवक के रूप में दर्ज नहीं है बल्कि उसका नाम एक आरोपी के रूप में दर्ज किया गया है और उसके खिलाफ 16 मामले दर्ज हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री ने इस मामले को लेकर बीजेपी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, वो ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रही है। जो कानून का पालन नहीं कर रहा है और उसके खिलाफ 16 मामले दर्ज हैं। मुझे नहीं पता कि भाजपा को क्या हो गया है। श्रीकांत पुजारी के मामले का तब पता चला, जब पुराने केसों को खत्म करने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यह यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि 31 साल बाद कार्रवाई क्यों की जा रही है, लेकिन भाजपा सरकार के चार साल के शासन के दौरान या जब पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा सत्ता में थे, तब भी ये मामले वापस लिए जा सकते थे। उन्होंने भी इस केस को लेकर कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि किसे दोषी ठहराया जाना चाहिए।साथ ही परमेश्वर ने बीजेपी नेता सुनील कुमार की चुनौती पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि वह कारसेवकों की सूची देंगे और अगर कांग्रेस सरकार के पास क्षमता है तो उन्हें गिरफ्तार करने दीजिए। यह जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है। इसे ताकत, क्षमता और शक्ति जनता ने दी है। सरकार कानून के मुताबिक काम करेगी।

## भाजपा को 2022-23 में मिला सर्वाधिक चंदा, बीआरएस की स्थिति भी बेहतर

**नई दिल्ली।** साल 2022-23 भाजपा के दमदार साल रहा, क्योंकि इलेक्टोरल ट्रस्ट से पार्टी को सर्वाधिक डोनेशन मिला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) के मुताबिक, इलेक्टोरल ट्रस्ट से राजनीतिक दलों को मिलने वाला डोनेशन 70 फीसद से ज्यादा हिस्सा भाजपा को मिला है।



चुनाव सुधार की वकालत करने वाले संगठन ने बताया कि बीआरएस को कुल डोनेशन का तकरीबन 25 फीसद प्राप्त हुआ। 2022-23 के लिए इलेक्टोरल ट्रस्टों की योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण के अनुसार, 39 कॉरपोरेट और व्यावसायिक घरानों ने इलेक्टोरल ट्रस्टों को 363 करोड़ रुपये से ज्यादा दान किया। एडीआर के मुताबिक, 34 कॉरपोरेट और व्यावसायिक घरानों ने प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 360 करोड़ रुपये से ज्यादा योगदान दिया, जबकि एक कंपनी ने समाज इलेक्टोरल ट्रस्ट को दो करोड़ रुपये का योगदान दिया। वहीं, दो कंपनियों ने परिवर्तन इलेक्टोरल ट्रस्ट को 75.50 लाख रुपये और अन्य दो कंपनियों ने ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट को 50 लाख रुपये का डोनेट किए। बता दें कि इलेक्टोरल ट्रस्टों से सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल डोनेशन का 70 फीसद भाजपा को मिला, जो तकरीबन 259.08 करोड़ रुपये है, जबकि बीआरएस को 90 करोड़ रुपये या कुल डोनेशन का तकरीबन 25 फीसद मिला। एडीआर रिपोर्ट में कहा गया कि प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 2021-22 में 336.50 करोड़ रुपये की तुलना में भाजपा को 256.25 करोड़ रुपये का दान दिया, जबकि समाज ईटी एसोसिएशन ने 2022-23 में अपनी कुल आय का 1.50 करोड़ रुपये भाजपा को दान दिया।

# यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एस जयशंकर से बात की

## हाल ही में रूस दौरे से लौटे हैं विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को हाल ही में रूस के दौरे से लौटे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बात की। इस बात की जानकारी खुद दिमित्रो कुलेबा ने एक्स पर दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत हुई है।

विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक्स पर कहा, ÷2024 में मेरी पहली फोन कॉल यूक्रेन-भारत संबंधों को लेकर एस जयशंकर के साथ रही। मैंने अपने समकक्ष को रूस के द्वारा फैलाए जा रहे आतंक और बड़े पैमाने पर हवाई हमलों के बारे में सूचित किया, जिससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा और देश में विनाश हुआ है। दिमित्रो कुलेबा ने आगे कहा, हमने शांति फॉर्मूला को लेकर आगे सहयोग करने पर चर्चा की। इस संबंध में मैंने एस जयशंकर को नेताओं के वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन के लिए यूक्रेन के दृष्टिकोण को बताया। कुलेबा ने कहा, हम आने वाले



समय में 2018 के बाद से भारत-यूक्रेन इंटर सरकारी आयोग की पहली बैठक आयोजित करने पर सहमत हुए। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के इस प्राथमिक तंत्र का कायाकल्प हमें बड़े पैमाने पर संयुक्त रूप से आगे बढ़ने की अनुमति देगा। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने भी दिमित्रो कुलेबा से हुई बातचीत की जानकारी एक्स पर देते हुए कहा, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ आज एक जरूरी बातचीत हुई। हमने आने वाले सालों में दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## क्या जेलों में होता है जाति-आधारित भेदभाव?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जेलों में जाति-आधारित भेदभाव का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से जवाब मांगा है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि यूपी, पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों की जेलों में



जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा दिया जाता है।

CJI डीवाई चंद्रचूड, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर की दलीलों पर ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि 11 राज्यों की जेल नियमावली अपनी जेलों के भीतर काम के बंटवारे में भेदभाव करती है और जाति के अधार पर कैदियों को रखा जाना तय होता है।

वरिष्ठ वकील ने कहा कि कुछ गैर अधिसूचित आदिवासियों और आदतन अपराधियों से अलग तरीके से बर्ताव किया जाता है और उनके साथ भेदभाव होता है। इस पर कोर्ट ने मुरलीधर से राज्यों से जेल नियमावलियों को एकत्र करने को कहा है और याचिका को चार सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और अन्य राज्यों को नोटिस जारी किया है। साथ ही सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह महाराष्ट्र के कल्याण की मूल निवासी सुकन्या शांता द्वारा दायर जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों से निपटने में कोर्ट की सहायता करें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता का कहना है कि जेल की बैरकों में मानव श्रम के आवंटन के संबंध में जाति आधारित भेदभाव है और इस तरह का भेदभाव गैर अधिसूचित आदिवासियों और आदतन अपराधियों के साथ है।

**कांग्रेस नेता को कर्नाटक में सता रहा गोधरा जैसी घटना का डर**

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले...

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने बुधवार को दावा किया कि अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह से पहले कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना हो सकती है। कांग्रेस नेता ने कर्नाटक सरकार को सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार को सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि उसी दौरान गुजरात के गोधरा में कार सेवकों को आग लगा दी गई थी।

**आग**

**2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड ने गुजरात को सबसे भयावह सांप्रदायिक दंगों की आग में झोंक दिया था।**

2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड ने गुजरात को सबसे भयावह सांप्रदायिक दंगों की आग में झोंक दिया था। पूर्व राज्यसभा सदस्य ने कहा, यहां भी ऐसी ही (गोधरा जैसी) स्थिति बन सकती है। इसलिए कर्नाटक में किसी भी तरह



की अप्रिय घटना होने की गुंजाइश भी नहीं होनी चाहिए। अयोध्या जाने के इच्छुक लोगों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जानी चाहिए ताकि हमें कर्नाटक में एक और गोधरा न देखना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया,

(ऐसी घटना की) पूरी संभावना है और मैं जानकारी भी दे सकता हूं। मैं आपको बता सकता हूं कि कई संगठनों के प्रमुख कुछ राज्यों में गए और कई भाजपा नेताओं को उकसाया। मैं यह बात खुलकर नहीं कह सकता। वे ऐसा कर रहे हैं। वे इस तरह के कृत्य के लिए उकसा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस नेताओं को निमंत्रण पर हरिप्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम को धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक तौर पर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई हिंदू धर्म गुरु राम मंदिर का उद्घाटन करता तो आप और मैं बिना किसी निमंत्रण के वहां (अयोध्या) जाते।

बीके हरिप्रसाद ने हिंदू धर्म के प्रमुख चार शंकराचार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि शंकराचार्यों या कोई धर्म गुरु राम मंदिर का उद्घाटन करते तो मैं भी कार्यक्रम में हिस्सा लेता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह धर्म गुरु नहीं, बल्कि राजनीतिक नेता हैं। हमें इसे ध्यान में रखना होगा।

## देश में डरा रहा कोरोना का JN.1 वेरिएंट

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों में कोविड के कारण 5 मौतें हो गई है। वहीं, 2 जनवरी, 2024 तक 11 राज्यों से छ्रह्र.1 सीरीज वैरिएंट के कुल 511 मामले सामने आए हैं। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के तहत एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम ने इसकी जानकारी दी।

वहीं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में 602 नए मामले दर्ज किए गए हैं जिससे कुल मामलों की संख्या 4,50,15,136 (4 करोड़, 50 लाख 15 हजार 136) हो गई है। इसी के साथ एक्टिव केसों की संख्या में कमी आई है। पहले एक्टिव केसलोड 4,440 था, जिसमें मंगलवार से 125 की कमी देखी गई। पिछले 24 घंटों में 722 लोग ठीक हुए और कुल ठीक हुए मामले 4,44,77,272 हो गए। केरल में पिछले 24 घंटों में 2 मौतें हुई है, जिसमें एक महिला और एक पुरूष शामिल है।

## संसद में सांसद के तौर पर एंट्री नही

**नई दिल्ली।** कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा सदस्यता छीन जाने के खिलाफ टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा ठकठकाया था। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा



महासचिव से इस मामले पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के आदेश दिए। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट अब अगली सुनवाई 11 मार्च को करने वाली है। हालांकि, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि वो फिलहाल लोकसभा कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकती हैं।

पिछले महीने 11 दिसंबर को टीएमसी नेता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। बता दें कि कैश फॉर क्वेरी मामले में एथिक्स कमेटी की सिफारिश के बाद महुआ की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। टीएमसी नेता पर अदाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाए गए। इस मामले पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी। महुआ मोइत्रा पर आरोप था कि उन्होंने संसदीय वेबसाइट पर एक सीक्रेट खाते में लॉग-इन करने के लिए हीरानंदानी को अपनी आईडी और पासवर्ड दे दिया था, ताकि वह सीधे प्रश्न पोस्ट कर सकें। महुआ मोइत्रा ने इस बात को कबूल किया उन्होंने अपनी लोकसभा की लॉग-इन आईडी हीरानंदानी के लोगों को दी थी, लेकिन उन्होंने हीरानंदानी से कोई गिफ्ट नहीं लिए थे। सांसदी गंवाने के बाद महुआ ने 8 दिसंबर को संसद भवन के बाहर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा,÷मैं 49 साल की हूं और अगले 30 साल तक मैं आपसे संसद के अंदर और बाहर लड़ूंगी।

# कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए दो तेज धमाकों से 73 लोगों की मौत, 140 घायल

**तेहरान।** ईरान की कुद्स फोर्स के प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी की अमेरिकी एयरस्ट्राइक में मौत हो चुकी है। बुधवार को करमान शहर में कासिम सुलेमानी की चौथी बरसी है। बता दें कि 3 जनवरी 2020 को बगदाद एयर पोर्ट पर अमेरिकी हवाई हमले में शीर्ष ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी



कासिम सुलेमानी की कब्र के पास दो बड़े विस्फोटों होने की खबर आई। इस हमले में 73 लोगों की मौत हो गई, वहीं 140 लोग घायल हो गए हैं। आज की मौत हो गई थी। ईरान की स्टेट टीवी की खबर के मुताबिक, बुधवार दोपहर सुलेमानी की कब्रगाह के पास दो तेज धमाके सुने गए, जिसमें 73 लोग मारे गए हैं। सरकारी टीवी ने कहा है कि विस्फोटों के बाद कब्र के पास भगदड़ मच गई, जिसमें कई दर्जन लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर भारी फोर्स को तैनात किया गया है। इसके अलावा करमान प्रांत रेड क्रिसेंट के प्रमुख रेजा फल्लाह ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाना है।

वहीं, गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजरायल के चल रहे युद्ध को लेकर मध्यपूर्व में बढ़े तनाव के बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने इन विस्फोटों को आतंकवादी हमला करार दिया है।

सुलेमानी ईरान में सैन्य गतिविधियों को चलाने वाले प्रमुख जनरल थे। ईरान के धार्मिक समर्थकों के बीच सुलेमानी को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में जाना जाता है।

## पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ा झटका, छिना चुनाव चिह्न बैट

**पेशावर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी को चुनाव से पहले एक और झटका लगा है। पाकिस्तान के हाई कोर्ट ने बुधवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के आंतरिक पार्टी चुनाव को असंवैधानिक और चुनाव चिह्न बैट को रद्द करने के चुनाव आयोग के फैसले को सही करार दिया।गत 22 दिसंबर को पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के आंतरिक पार्टी चुनाव को खारिज कर पार्टी को चुनाव चिह्न बैट से वंचित कर दिया था। पार्टी के आंतरिक चुनाव में गौहर खान को पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया था। पार्टी ने चुनाव आयोग के फैसले को पेशावर हाई कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने गत 26 दिसंबर को आयोग की घोषणा को निलंबित कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने गत 30 दिसंबर को हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी।

# जापान में विनाशकारी भूकंप से अब तक 73 लोगों की मौत, ठंड और बारिश के बीच बचाव अभियान जारी

**सुजु।** जापान में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप से अब तक 73 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मलबे में दबे हुए लोगों की खोज अभी भी जारी है। इसी बीच जापान के प्रधानमंत्री ने बचाव अभियान तेज करने का आह्वान किया है।

हालांकि, बारिश और ठंड की वजह से बचाव दल को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जापान में नए साल की शुरुआत के दिन ही (एक जनवरी) भूकंप के तेज झटके आए थे। एक जनवरी को 7.6 तीव्रता से जापान की धरती हिली थी, जिसमें बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। इसके अलावा जापान के इशिकावा प्रान्त और आस-पास के इलाके में बुधवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया।

**तीव्रता**

**सोमवार के 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, जिसके बाद इसका असर भी देखा गया।**

सोमवार के 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, जिसके बाद इसका असर भी देखा गया। हालांकि, इसके बाद भी बीते 72 घंटों में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं। इधर, विशेषज्ञों ने बताया कि जो लोग पिछले 72 घंटे से मलबे में दबे हैं, उनके जिंदा रहने की उम्मीद काफी कम है, क्योंकि घटना के बाद 72 घंटे का समय काफी अहम होता है। घटना को लेकर प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बचाव अभियान तेज



करने की अपील की है। 40 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। हम समय के खिलाफ लड़ रहे हैं। हमारे लिए यह काफी महत्वपूर्ण समय है। हमें जानकारी मिली है कि कई लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं, जो बचाव दल का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि भूकंप पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने में भी दिक्कत आ रही है। साथ ही कई क्षेत्रों में अभी भी पानी और बिजली की सप्लाई बंद है और टेलीफोन सेवा ठप है। जानकारी के अनुसार, भूकंप से अब तक 73 लोगों की मौत हुई है। इनमें वाजिमा शहर में 39 लोगों की मौत हुई, जबकि सुजु में 23 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा अन्य शहरों में भी लोगों की मौत हुई हैं। वहीं, अब तक 300 से अधिक घायलों की पहचान हुई है, जिनमें 25 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## पाकिस्तान में रोटी के लाले, गिलगित-बाल्टिस्तान में आसमान छू रहे गेहूं के दाम; कड़ाके की ठंड में आठवें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**स्कार्दू पीओके।** पाकिस्तान की खस्ताहाली जगजाहिर है। पड़ोसी मुल्क में महंगाई का आलम यह है कि लोग रोटी के लिए भी मोहताज है। स्थानीय मीडिया डेली च्र2 की रिपोर्ट के अनुसार, गेहूं की कीमतों में नई बढ़ोतरी और वादों को पूरा न करने को लेकर कड़ाके की ठंड के बावजूद पाकिस्तान सरकार के खिलाफ आठवें दिन भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार ने सर्वदलीय गठबंधन, अवामी एक्शन कमेटी और ग्रैंड जिरगा के मांग पत्र को हल की नोक पर रखते हुए गेहूं की कीमत 3600 रुपये प्रति बोरी तय कर नई कीमत वसूलना शुरू कर दिया। इसके बाद, दर्जनों प्रदर्शनकारी गिलगित बाल्टिस्तान के स्कर्दू में बिक्री केंद्रों पर एकत्र हुए। स्कर्दू पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

# हमास नेता सालेह अरौरी की हत्या के बाद लेबनान तक पहुंची जंग की आग

**काहिरा।** इजरायल और हमास के बीच भीषण युद्ध 7 अक्टूबर 2023 से जारी है। इस जंग को लगभग तीन महीने होने जा रहे हैं। इजरायली सेना ने बुधवार को गाजा पट्टी पर अपना हमला जारी रखा।

**सप्लाई**

**गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्लाह हमास का सहयोगी रहा है और उसे भारी मात्रा में हथियारों की सप्लाई करता रहा है।**

वहीं, हमास के उप नेता की बेरूत में हत्या के बाद यह युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है। इस बीच आम नागरिकों को फलस्तीन क्षेत्र के उत्तर में एक शरणार्थी शिविर छोड़ने के लिए कहा गया है। हमास नेता की हत्या के बाद युद्ध बढ़ने की आशंका और तेज हो गई है। क्योंकि इजरायल ने न तो इसकी पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है कि उसने लेबनान की राजधानी बेरूत में ड्रोन हमले में सालेह अल-अरौरी को मौत के घाट उतार दिया। मगर, इसी बीच इजरायली सेना के



प्रवक्ता डैनियल हगारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इजरायली सेना किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा सालेह अल-अरौरी की हत्या से इस बात के भी संकेत हैं कि हमास के कब्जे वाले वेस्ट बैंक, लेबनान-इजरायल बॉर्डर पर मौजूद हिजबुल्लाह सेना और यहां तक कि लाल सागर शिपिंग लेन जंग बढ़ सकती है। दरअसल, बेरूत में रहने वाले 57 साल के सालेह अल-अरौरी हमास के पहले वरिष्ठ राजनेता नेता थे, जिनकी हत्या इजरायल ने 7 अक्टूबर के हमले के बदले में की है। हमास पोलित ब्यूरो के सदस्य होसाम बदरन ने एक बयान में कहा कि हम इजरायल से कहना चाहते हैं कि हमारे बीच लड़ाई खुली है।

इजरायल लंबे समय से सालेह अरौरी पर अपने नागरिकों पर हमले करवाने का आरोप लगाता रहा है। हमास के एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक, अरौरी गाजा युद्ध के नतीजे और हमास के कब्जे वाले इजरायली बंधकों की रिहाई को लेकर कतर और मिस्र द्वारा आयोजित की गई बातचीत के केंद्र में थे। उधर हिजबुल्लाह प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह ने बेरूत में कसम खाते हुए इजरायल को लेबनानी धरती पर हत्या करने के खिलाफ चेतावनी दी है। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्लाह हमास का सहयोगी रहा है और उसे भारी मात्रा में हथियारों की सप्लाई करता रहा है। इसके अलावा हिजबुल्लाह लेबनान के दक्षिणी बॉर्डर पर इजरायल के खिलाफ रोजाना गोलीबारी कर रहा है। बता दें कि लेबनानी क्षेत्र में 100 से अधिक हिजबुल्लाह के लड़ाके और दो दर्जन नागरिक मारे गए हैं, साथ ही इज़राइल में कम से कम नौ इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इस तरह से अरौरी की हत्या के बाद यह युद्ध गाजा से होते हुए लेबनान तक पहुंच गया है।

## मंगल ग्रह पर नासा का कमाल, क्यूरियोसिटी रोवर ने सुबह से शाम तक का टाइम लैप्स वीडियो किया कैप्चर, वैज्ञानिक भी हुए हैरान

**वाशिंगटन।** नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर ने हाल ही में एक कमाल का वीडियो कैप्चर किया है। इस वीडियो को देख नासा के वैज्ञानिक भी हैरान है। क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर पूरे एक दिन टाइम लैप्स वीडियो कैप्चर किया और उसे धरती पर भेजा। क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा कैप्चर किए गए वीडियो में सुबह से लेकर शाम तक का समय कैद किया गया है। वीडियो में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि अंधेरा छंटते ही सुबह, दिन और रात हो जाती है। रोवर ने पूरे दिन की गतिविधि को टाइम लैप्स वीडियो में कैप्चर किया है। इसलिए ये कुछ सेकेंड्स में पूरे दिन का अनुभव बता देता है।

बता दें कि नवंबर महीने में क्यूरियोसिटी रोवर में कुछ खामियां आई थी, जिसके बाद इसका संपर्क बंद हो गया था, लेकिन इसके जगने के साथ ही इसने शानदार तरीके से टाइम लैप्स वीडियो बनाकर धरती पर भेजा है। क्यूरियोसिटी रोवर ने बताया कि उसे एक अच्छा माहौल मिल गया है। उसने लिखा कि मंगल ग्रह पर मौसम और डस्ट के बारे में



जानकारी जुटाने के लिए ये वीडियो बनाया है। साथ ही रोवर ने धरतीवासियों के लिए एक खास संदेश भी भेजा, उसने लिखा कि धरती पर खत्म होते वर्ष के साथ आप अपने आस-पास के चीजों के लिए समय निकालेंगे। बता दें कि नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर अपने 4000 से अधिक दिन पूरे कर लिए हैं। नासा ने इसे पांच अगस्त, 2012 को मंगल ग्रह के गेल क्रेटर पर भेजा था। इसके जरिए मंगल ग्रह पर सूक्ष्मजीव जीवन की स्थितियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। कार की तरह दिखने वाला क्यूरियोसिटी रोवर धीरे-धीरे मंगल के 5 किलोमीटर ऊंचे माउंट शार्प के बेस पर आगे बढ़ रहा है।

# तेज बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**बड़ी ठंड, शीतलहर से कांपे लोग**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बुधवार की सुबह प्रयागराज में जमकर बारिश हुई। इससे सड़कें और गलियां लबालब हो गईं। खेतों में पानी भर गया। ठंड और शीतलहर के बीच बारिश के चलते पारा अचानक लुढ़क गया और लोग ठिठुरने के लिए मजबूर हो गए। सड़कों पर सन्नाटा दिखा और आवागमन के लिए यात्री भी काफी निकले। रोडवेज और प्राइवेट बसों में यात्री काफी कम दिखे। रोज की अपेक्षा रोडवेज और रेलवे स्टेशनों पर भीड़ काफी कम दिखी। चौराहो और तिराहे के पास जल रहे अलावा के पास लोगों की भीड़ रही। बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित रहा।

सुबह छह बजे से ही तेज बारिश शुरू होने के कारण ठंड अचानक बढ़ गई। स्कूल और कॉलेज पहले से ही बंद चल रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से निकले इसके चलते वाहनों की संख्या भी सड़कों पर कम ही दिखी। भीषण ठंड के चलते लोग घरों में रूम हीटर और अलाव के पास बैठे दिखे। प्रयागराज में ठडी हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को घरों में कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया। बुद्धवार को बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया है। बदले मौसम के मिजाज के चलते ठंड बढ़ने से लोगों ने अलाव का सहारा लिया। वहीं धुंध के कारण अंधेरा होने से वाहनों को दिन में हेडलाइट जलानी पड़ी। बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बारिश होने से नौकरीपेशा लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ठंड और बारिश की वजह से कई लोग घर में कैद रहे। ठंड से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। तापमान में गिरावट के साथ शीतलहरी के साथ बारिश से ठंड बढ़ने की उम्मीद है। वहीं बारिश के बाद गलन और भी अधिक बढ़ गई। जिसके कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। विशेषज्ञों की मानें तो अभी बारिश के साथ गलन और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।

# ठंड से किसान ने तोड़ा दम



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के थाना तहबरपुर क्षेत्र में एक किसान कि ठंड लगने से दर्दनाक मौत हो गयी है। आप को बताते चलें कि करवनियां गांव निवासी रामदास पुत्र स्वर्गीय सुखदेव आज सुबह में नहर के पानी द्वारा अपने गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे। सिंचाई के दौरान उन्हें ठंड लगी और बेहोश हो गए हैं।बेहोशी की हालत में खेत में ही गिर गए खेत में काम कर रहे लोगों ने परिवार वालों को सुचना दी आनन फानन में परिजन व ग्रामीण मिलकर अस्पताल के लिए भागे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रामदास की मौत हो गई थी। जिसकी सूचना परिजनों ने उप जिला अधिकारी निजामाबाद को दिया उप जिला अधिकारी निजामाबाद ने बताया कि हम मामले की जांच करवाकर उसपर जो हर संभव होगा मदद करेंगे एव सरकार से जो भी सहयोग होगा किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ठंड लगने से किसान की मौत

**जौनपुर (खुटहन)** सुबह उठकर नित्य कार्य कर रहे किसान की ठंड लगने से मौत हो गई वे लगभग सत्तर वर्ष के थे। सोमवार की अलसुबह लवायन गाँव निवासी बेचन शुक्ल नित्य की भाति घर की साफ सफाई का कार्य कर रहे थे आचानक उनके पेट व सीने में दर्द महसूस होने लगा स्वजन उन्हें शाहगंज स्थित अस्पताल ले गए जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया श्री शुक्ल की मौत से गाँव सहित पडोसी कयी गाँव के हजारों लोग दुखी है वे बहोत ही सरल स्वभाव के सात्विक ब्राह्मण थे जिसके कारण पुरा क्षेत्र उन्हें सम्मान करता था खेती किसानी करने के साथ वे धार्मिक कार्य भी करते थे उनके घर पर पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा दोपहर बाद पिलकिछा घाट पर हजारों लोगों की उपस्थिति में विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ उनके पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलिन कर दिया गया।

### उमाशंकर गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए मनोनीत, शुभचिंतकों ने दी बधाई-



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** श्री अखिल भारतीय जागृति सर्व वैश्य परिवार महासभा के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता भोजवाल ने मुंगराबादशाहपुर नगर के कटरा मोहल्ला निवासी इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता को इंजीनियरिंग टेक्निकल चेतना प्रकोष्ठ मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता को भेजें गए मनोनयन पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता भोजवाल ने बताया है कि संगठन के प्रति आपकी सच्ची लगन, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं कर्मठता को देखते हुए आपको इंजीनियरिंग टेक्निकल चेतना प्रकोष्ठ मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। उमाशंकर गुप्ता को मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक आलोक कुमार गुप्त पिंटू भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, रंजीत भोजवाल, विनय सिंह, डां इलियाश, जहीर अंसारी, गब्बर जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह व आजम राईन सहित उनके समर्थकों मित्रों एवं सहयोगियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### नि:शुल्क पाठशाला ने एकत्रित ऊनी कपड़े जरूरतमंदों में बांटे



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** नगर के मोहल्ला गुड़हाई मालिया का गोडा स्थित नि:शुल्क पाठशाला के बच्चों ने रविवार को घर घर जाकर लोगों से उपयोग न होने वाले ऊनी कपड़े मांगे। जिसे कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों में बुधवार देर शाम को ग्राम धौरहरा के मुसहर बस्ती में बांटा गया। पाठशाला संचालक पत्रकार सूरज विश्वकर्मा ने बताया कि दूसरों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही नारायण की सेवा करने के समान है। इस ठंड में ऐसे कई लोग होते हैं जो ठंड तो सह लेते हैं लेकिन किसी से मदद नहीं मांगते हैं हम सबको उनकी मूक पीड़ा को समझते हुए ठंड में जो भी कपड़े या ऊनी कपड़े उपयोग में न आते हों उन्हें जरूरतमंदों में बांटना चाहिए ताकि ठंड में उन्हें राहत मिल सके। यह सेवा कार्य बच्चों को पढ़ाने के बाद किया जाता है जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। इस अवसर पर बेचन बिंद शिवा यादव, कार्तिक चौरसिया, अक्षत गुप्ता, सुमित गुप्ता सहित समस्त बच्चों ने उपस्थित रहकर अपना सहयोग किया।

# सावित्रीबाई फुले को रंग कार्यशाला के बच्चों ने किया याद



अवधनामा संवाददाता

**सावित्रीबाई फुले के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प**

**प्रयागराज।** लोग सावित्रीबाई फुले पर कीचड़ और पत्थर फेंकते रहे और सावित्रीबाई फुले भारत की बेटियों को शिक्षित करती गई। भारत देश की प्रथम महिला शिक्षिका, सामाजिक क्रान्ति की अग्रदूत, नारीमुक्ति आंदोलन की जननी, क्रांतिज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर प्रबुद्ध फाउंडेशन और डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में यमुनापार की तहासील बारा के विकास खण्ड जसरा स्थित जसरा गांव में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के विकास के लिये आयोजित प्रस्तुतिपरक शीतकालीन प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला के आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रतिभागी दो दर्जन से अधिक बच्चों ने सावित्रीबाई फुले को याद किया तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यशाला के संयोजक रंगकर्मी रंगनिर्देशक आईपी रामबृज ने विस्तार से सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्षों पर चर्चा किया। कार्यशाला के प्रतिभागी दो दर्जन से अधिक बच्चो में से दस बच्चियां जो कक्षा नौ व दस की छात्राएं है अपने जीवन मे सावित्रीबाई फुले के अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवानी, साक्षी, मोनिका, आराध्या, सोनम, सुनेहा, खुशी, मानशी, सुहानी, लक्ष्मी, सपना, सीमा,आकांक्षा, तनु, नेहा, स्नेहा, निशा, शैल कुमारी, विष्णु, हर्ष आदि उपस्थित रहे।

### माता सावित्री बाई फूले जयंती समारोह मनायी गयी

**आजमगढ़।** दिन बुद्धवार को माली समाज में जन्मी माता सावित्री बाई फूले की जयन्ती रिक्सा स्टैन्ट कलेक्ट्री कचहरी आजमगढ़ में माली समाज द्वारा धूमधाम से मनायी गयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नन्द जी ने कहा कि माली समाज के लोगो को शिक्षा देकर माली समाज के बच्चो का आगे बढ़ाने में असगर हो तभी माली समाज का विकास कर सकेगें। माली समाज के कार्यवाहक महिला जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी को बनाया गया है। वक्ता में राधेश्याम श्रीमाली, रमेश मधुकर, सुनील श्रीमाली, कार्यक्रम के अध्यक्षता रमेश मुधकर श्रीमाली संचालन सुनील श्रीमाली राधेश्याम सैनी ने कहा पहले जमाने में नारीयों को पढ़ने का अधिकार नही था वह किसी जाति की हो उस समय नारी शुद्रो नाधियतान की व्यवस्था थी।

### माआईनर का गेट बंद होने से सिंचाई प्रभावित

**जौनपुर(खुटहन)** शारदा सहायक खंड 36 से निकली माईनर नहर नदौली गांव से सोंगर रजवाहा तक जाती है जिससे हजारों किसानों की खेत की सिंचाई होती है और नदौली गांव में पानी छोड़ने व बंद करने के लिये गेट लगा है जेई व गेट मैन दूरा सिंचाई के समय गेट बंद कर दिया जाता है जिससे फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही हैं। दीदखोरा गांव के प्रगतिशील किसान राष्ट्रपति से सम्मानित विनय मिश्रा ने आरोप लगाया।

# 28 जनवरी को पांडेय क्लासेज खोजेगा टैलेंट और देगा स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** गरीब बच्चे पढ़ने में ठीक होते हैं उनमें टैलेंट बहुत होता है लेकिन आर्थिक आभाव की वजह से वे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। अच्छी कोचिंग नहीं कर पाते हैं तो प्रतियोगिता में कोई मदद करने वाला नहीं होता है , इस सब कठिनाइयों से पार लगाने के लिए पांडेय क्लासेस ने एक नयी पहल की है जिसके तहत टैलेंट सर्च प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया है , जिसके तहत परीक्षार्थिओं में चयनित छात्रों को हर महीन एक हजार रुपये की स्कालरशिप और साल भर कोचिंग मुफ्त देने की व्यवस्था है।

पांडेय क्लासेस के प्रबंधक बृजेश पांडेय ने एक वार्ता में बताया कि कच्छा तीन से इंटर तक के बच्चों की एक परीक्षा हो चुकी है जिसमें चयनित छात्रों को एक हजार रुपये महीने स्कॉलरशिप और साल भर मुफ्त कोचिंग दी जाएगी ताकि छिपी हुई प्रतिभा सामने आए और जो बच्चे गरीबी की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं वे अपनी पढ़ाई करके समाज सेवा कर सकें।

बृजेश पांडेय के अनुसार आगामी अट्ठाइस जनवरी को दुबारा छात्रों की टैलेंट सर्च परीक्षा होनी है जिसमें कच्छा तीन से इंटर तक के सभी बोर्ड के बच्चे भाग ले सकते हैं , टैलेंट सर्च परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विधिओं से होते हैं। पहले रैंक वाले को लैपटॉप और मुफ्त कोचिंग इसके बाद 200 रैंक तक के बच्चों के लिए कुछ न कुछ पांडेय क्लासेस सुविधा देता है।

# कांग्रेस बचायेगी संविधान: फुजैल हाशमी

अवधनामा संवाददाता




**संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और सेकुलर शब्द जोड़ने के लिए देश इंदिरा गांधी का ऋणी**

**प्रयागराज।** संविधान में समाजवाद और सेकुलर शब्द जोड़े जाने की 46 वीं वर्षगांठ पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मदरसों में कार्यक्रम आयोजित किये।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पीसीसी सदस्य फुजैल हाशमी ने अटाला स्थित मदरसे में सभा को संबोधित करते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने संविधान में संशोधन करते हुए समाजवाद और सेकुलर शब्द जोड़ कर हर समाज के लोगो को ये अधिकार दिया था कि वो अपने अपने धर्म के आधार के अनुसार रह सकते हैं। खानपान कर सकते हैं और अपने धर्म के हिसाब से इबादत पूजा कर सकते हैं। जिसके कारण पूरी दुनिया में धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में भारत की एक अलग पहचान बनी इंदिरा गांधी द्वारा किए गए कार्यों के लिए देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस मौके पर अटाला मोहल्ले के सम्मानित बुजुर्गों को फुजैल हाशमी ने शाल भेंट करके सम्मानित किया।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अरशद अली, मो हसीन, तबरेज अहमद, हाजी सरताज, तालिब अहमद, महफूज अहमद, गुलाम वारिस, जाहिद नेता ,मो दानिश, मो तालिब, नेहाल उद्दीन, चौधरी अब्दुल समद, मुख्तार अहमद, वशी उल्ला आदि मौजूद थे।

# सुन्दर काण्ड पाठ कार्यक्रम में भक्तिमय हुआ वातावरण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** ओम ब्राह्मण महासभा द्वारा चित्रकूट धाम में 2024 शुद्धता संस्कार राम राज्य स्थापना संकल्प के साथ सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन, राम घाट पर विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री श्री 108 महंत दिव्य जीवन दास भरत मंदिर दिगम्बर अखाड़ा, ओम ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी के संकल्प को मंत्रों के साथ सम्मान कर, आशीर्वाद देकर आशीर्वचनों के साथ सभी देशवासियों को सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम को सफल व संकल्प के लिए दूर दूर से भक्त जन आकर शामिल हुये। सुंदरकांड पाठ में ओम ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव मनोज मिश्र, जिला अध्यक्ष चित्रकूट अनूप मिश्रा, के सी तिवारी, राजेन्द्र पाण्डे, रामभरोसे अग्निहोत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ किरन शर्मा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष, रचना तिवारी, छठ पूजा एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति से हीरालाल यादव, जे पी सिंह एंव शेर बहादुर सिंह चौहान के साथ हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल हुये। कार्यक्रम के आयोजक महंत श्याम, पाण्डे पुजारी भरत मंदिर ने कार्यक्रम को सुन्दर रूप से सफल बनाने के लिए ओम ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी सहित सभी का आभार जताया एंव शुभकामनायें प्रदान की।

# हर्रा की चुंगी स्थित नेत्र मंदिर में विशेष शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शहर के हर्रा की चुंगी स्थित नेत्र मंदिर में बुधवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें यहां आए मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उनके ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मंडलीय अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आमोद कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य डॉक्टर व अतिथि गण मौजूद रहे। नेत्र मंदिर के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल बॉबी ने बताया कि यह मंदिर आम लोगों की सेवा के लिए वर्ष 1957 में खोला गया था। इसका उद्देश्य था कि लोगों को बहुत ही सस्ते दर में आंखों की बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। लेकिन बीच में इसकी स्थिति जर्जर हो गई थी। बाद में वर्ष 2016 में तत्कालीन डीएम सुहास अलवाई की पहल पर इस परिसर का जीर्णोद्धार हुआ और तब से यह क्रम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि पहले यहां ऑपरेशन भी होता था। लेकिन डॉक्टरों की कमी के चलते दिक्कत हुई थी। अब बाहर से डॉक्टर को यहां बुलाकर नेत्रों का ऑपरेशन कराया जाता है। अभी यहां पर कई कार्य करना बाकी है।

# दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का समापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग आजमगढ़ के तत्वावधान में ''उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग'' के अन्तर्गत आयोजित 02 दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता 03 जनवरी को स्व0 सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम ब्रह्मस्थान में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस जनपद के 22 विकास खण्डों से विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के पुरूष व महिला खिलाड़ियों द्वारा जनपद स्तर पर प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस का परिणाम इस प्रकार रहा-सबजूनियर आयु वर्ग-कबड्डी महिला-पल्हनी प्रथम, मेहनगर द्वितीय, वालीबाल पुरू-अहिरौला प्रथम, पल्हना द्वितीय, वालीबाल महिला-कोयलसा प्रथम, तरवां द्वितीय, पवई तृतीय, कुश्ती पुरूष 48 किग्रा0 - जयहिन्द सठियांव प्रथम, अभिनव यादव ठेकमा द्वितीय, 51 किग्रा0-आदित्य यादव सठियांव प्रथम, विशाल यादव मेहनगर द्वितीय, म, अभिषेक यादव लालगंज द्वितीय, कुश्ती महिला 53 किग्रा0-आंचल भारती मेहनगर प्रथम, मधु रानीकीसराय द्वितीय, 55 किग्रा0-इसिका अहिरौला जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण संजय कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी आजमगढ़ द्वारा किया गया।

# जो भगवान के चरणों में झुक जाएगा उसे किसी के सामने झुकना नहीं पड़ेगा: निरजानंद शास्त्री

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(महराजगंज)** क्षेत्र के सवंसा हनुमान मंदिर के प्रागढ़ में चल रही पांच दिवसीय लोक कल्याणर्थ संगीतमय श्री राम कथा के आज तीसरे दिन वाराणसी की धरती से पधारे कथा व्यास नीरजानंद शास्त्री द्वारा आज बुधवार के दिन भगवान श्री रामचंद्र जी का विवाह बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया गया कथा के दौरान उन्होंने कहा की जो भगवान के चरणों में झुक जाएगा उसे किसी के सामने झुकना नहीं पड़ेगा भगवान श्री रामचंद्र जी के विवाह का उत्सव से पूरा पंडाल गुंजमान हो उठा दूसरे कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन की धरती से पधारे शिवम जी महराज द्वारा श्री राम कथा सुनाई गई कथा के दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह द्वारा श्री राम कथा सुनी गई वहीं कथा के अंत में ब्लॉक प्रमुख पति एवं भाजपा नेता विनय सिंह द्वारा भगवान की आरती की गई तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष महराजगंज यादवेंद्र प्रताप सिंह लवकुश द्वारा सभी अतिथि गणों एवं कथा प्रेमियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया वही कथा व्यास नीरजानंद शास्त्री महराज जी द्वारा पत्रकार अमित पाण्डेय एवं कुलदीप विश्वकर्मा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कथा संचालन मंदिर पुजारी पं. श्याम शंकर उपाध्याय द्वारा किया गया इस मौके पर कथा व्यास पं. लालजी उपाध्याय, राजकुमार पांडे, उदय पाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, लालमणि पांडे, भोला सेठ, अतुल तिवारी, सूरज सिंह, सिद्धार्थ सिंह, वैभव सिंह, अमरपाल तिवारी, सुरजीत सिंह बच्ची व क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 14511-SLR-F2-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 14511-SLR-R1-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03-01-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19-01-2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 19-01-2024 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

27/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 15902023 दिनांक 02-01-2024 | | |
| 1 | कार्य का नाम: 01 सहायक मण्डल इंजीनियर-मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/आलमबाग-पूर्व/लखनऊ के परिक्षेत्र में डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ में बिजली के रेल का इंजन के रखरखाव के लिए सुविधाओं के निर्माण के संबंध में वरि. सामग्री प्रबन्धक/आलमबाग के अधीन स्टोर डिपो आलमबाग में दो नये गोदाम शेड (आकार 20 x 20 मीटर) का निर्माण, जिसमें हेवी ड्यूटी इस्पात रैक जिसका आकार उंचाई-2.1 मी. x लम्बाई-2.0 मी. x चौड़ाई-10 मी. होगा के प्रावधान के साथ बिजली के रेल के इंजन के पुर्जों के बराबर मात्रा के लिए 6 शेल्फ हैं जो नरम इस्पात एंगल तथा 16 SWG गेज CRS शीट से बने है तथा जिनमें पहली एक परत जंग विरोधी प्राइमर तथा दो परत इनेमल पेंट हो रखी हो तथा कैंटीन व टाइम कार्यालय का नवीनीकरण तथा जल निकासी की पूर्ण मरम्मत का कार्य तथा वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/लोको/लखनऊ के परिक्षेत्र में अप यार्ड रनिंग रूम, 38 बटालियन की सर्विस बिल्डिंग, बैरक, सामुदायिक शौचालय, ईस्ट आफ जेल रोड एवं वेस्ट आफ जेल रोड कि विभिन्न आवासों इत्यादि की भारी मरम्मत का कार्य। 02 सहायक मण्डल इंजीनियर-मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन लखनऊ में संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ क्षेत्रीय कर्षण वितरण अनुरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना। 03 सहायक मण्डल इंजीनियर-मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/चारबाग/लखनऊ के परिक्षेत्र में चारबाग स्टेशन पर दो लिफ्टों को प्रथम श्रेणी उपरिगामी पुल से लखनऊ मण्डल में किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरण का कार्य | | |
| 2 | अनुमानित लागत | 1. रु. 1, 99, 17, 838.71 2. रु. 93, 76, 757.02 3. रु. 75, 99, 463.00 | |
| 3 | धरोहर राशि | 1. रु. 2, 49, 600.00 2. रु. 1, 87, 500.00 3. रु. 1, 52, 000.00 | |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम.सं..01 से 03 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम.सं..01 से 03 तक के लिए | 19.01.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम.सं..01 से 03 तक के लिए | 02.02.2024 15:00 बजे. |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोट:- 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015

दिनांक 02.01.2024 17/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गेहूं उत्पादन नए रिकॉर्ड स्तर पर जा सकता है

**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यदि सामान्य तापमान रहता है तो भारत का गेहूं उत्पादन 2023-24 में 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है। मुख्य रबी (सर्दियों)



फसल गेहूं की बुवाई का अंतिम चरण चल रहा है और यह अगले सप्ताह तक जारी रहेगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह तक 320.54 लाख हेक्टेयर में गेहूं की बुआई हुई थी। फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.05 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले साल यह 10.77 करोड़ टन था।

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने संवाददाताओं से कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल गेहूं की खेती का कुल रकबा बढ़ेगा और भगवान की इच्छा से अगर मौसम ठीक रहा तो उत्पादन 11.4 करोड़ टन होगा। गेहूं की फसल की बुआई का रकबा भी पिछले साल की तुलना में बढ़ रहा है।

# ग्रेट निकोबार में बंदरगाह के लिए 11 ईओआई आए

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि सरकार को बंगाल की खाड़ी में ग्रेट निकोबार द्वीप पर 41,000 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह परियोजना के लिए 11 कंपनियों से रुचि पत्र मिले हैं। पिछले साल, बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि परियोजना 41,000 करोड़ रुपये (5 बिलियन अमरीकी डालर) के निवेश के साथ पूरी होने की उम्मीद है, जिसमें सरकारी और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) रियायतकर्ताओं दोनों का निवेश शामिल है।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री ने कहा, ग्रेट निकोबार द्वीप में अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह परियोजना के लिए 11 कंपनियों ने रुचि पत्र जमा किए हैं। इसके लिए ईओआई 28 जनवरी, 2022 को मांगा गया था।

गुजरात सरकार ने ऊर्जा, तेल व गैस, रसायन और अन्य क्षेत्रों में 58 कंपनियों के साथ 7.17 लाख करोड़ रुपये या 86.07 अरब डॉलर के प्रारंभिक निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौते एचपीसीएल, आईओसीएल, पावर ग्रिड सहित 58 कंपनियों के साथ किए गए हैं।

# एक जिला और एक उत्पाद देश की विविधता का प्रतीक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश की विदेश नीति, इसकी विदेश आर्थिक नीति और विदेश वाणिज्य नीति के बीच संबंध पर जोर देते हुए कहा कि तीनों अलग-अलग नहीं बल्कि एक ही नीति के चरण हैं। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद पहल की भी सराहना की और कहा कि यह देश की विविधता का बहुत ही अनूठे और ठोस तरीके से प्रतिनिधित्व करती है।

विदेश मंत्री ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में आत्मनिर्भर भारत उत्सव समारोह में ओडीओपी विजेताओं को सम्मानित भी किया। जयशंकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विदेश नीति, विदेश आर्थिक नीति और विदेश वाणिज्य नीति- ये सभी वास्तव में एक ही चीज के तीन चरण हैं... आज वाणिज्य मंत्री और विदेश मंत्री से ज्यादा करीब से काम करने वाले दो मंत्री नहीं हैं।

उन्होंने कहा, इसका परिणाम आप हमारे निर्यात में देख सकते हैं। हमारा निर्यात उच्चतम स्तर की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जोर देकर कहा कि भारत के उच्चतम निर्यात स्तर का बहुत सारा श्रेय वाणिज्य मंत्रालय और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को जाता है।

# सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को टाइप टेस्ट ऐंड स्पेशल टेस्ट प्रमाणन मिला

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन संगठन केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान भोपाल ने सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड को 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन दिया है। इस तरह के उच्च रेटिंग के ट्रांसफॉर्मर पर टाइप टेस्ट और स्पेशल टेस्ट का सफल समापन सर्वोकॉन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो उसकी घरेलू निर्माण एवं बढ़ती इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रमाण है। यह सर्वोकॉन के लिए न सिर्फ एक बड़ी उपलब्धि है जिसे उद्योग में महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है बल्कि यह कंपनी के लिए नए वर्ष का पूरे दिल से स्वागत करने और एक नई शुरुआत और अच्छी संभावनाओं का भी प्रतीक है।

सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेडके संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हाजी



कमरुद्दीन ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा सीपीआरआई-भोपाल से 5एमवीए (33/11किलोवॉट) पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए टाइप टेस्ट्स एंड स्पेशल टेस्ट्स प्रमाणन मिलना भरोसेमंद और उच्च प्रदर्शन वाले विद्युत ट्रांसफॉर्मर पेश करने के लिए हमारे समर्पण का प्रमाण है। इस तरह के प्रमाणन सर्वोकॉन की स्थिति भारत की प्रख्यात पावर कंडीशनिंग इक्विपमेंट एवं ट्रांसफॉर्मर निर्माता के तौर पर मजबूत बनाते हैं। सीपीआरआई से ऐसे प्रमाणन मिलने से खरीदारों का भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा।

उन्होंने कहा इससे हमारे ग्राहकों (राज्य विद्युत बोर्डों, सरकारी पीएसयू,विद्युत ठेकेदारों और परियोजना विशेषज्ञों समेत) में विश्वास बढ़ा है कि हमारे उत्पाद गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और सुरक्षित हैं। प्रमाणित और भरोसेमंद उत्पादों के लिए मांग बढ़ने से सर्वोकॉन उत्पाद दायित्व जोखिम कम करने और नियामक जिम्मेदारियां पूरी करने पर जोर देती है एवं सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलें। अपनी खास पहचान बनाए रखने के लिए हमारा समर्पण एक विश्वसनीय कंपनी के तौर पर सर्वोकॉन की स्थिति और ज्यादा मजबूत बनाता है।'

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने संगठनात्मक बदलावों की घोषणा की

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत में संगठनात्मक बदलावों की घोषणा की। इसका मकसद वरिष्ठ प्रबंधन को पदोन्नत करके उच्च क्षमता,



ग्राहक-केंद्रित और लचीले नेतृत्व को बढ़ावा देना है। 1 जनवरी 2024 से प्रभावी इस निर्णय का उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार संगठन की ओर पारगमन को तेज करके कंपनी के संचालन को और मजबूत करना है। इस तरह टोयोटा के वैश्विक व्यापार परिदृश्य में देश के बढ़ते महत्व को मजबूत करना है।

टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन द्वारा भारत, मध्य पूर्व, पूर्वी एशिया और ओशिनिया÷ क्षेत्र के गठन की हालिया घोषणा के बाद, टीकेएम के एमडी और सीईओ, मसाकाजु योशिमुरा को भी क्षेत्रीय सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। ये संगठनात्मक परिवर्तन रणनीतिक रूप से तालमेल में हैं ताकि कार्यकुशलता को अतिरिक्त बढ़ावा दे और भारत की महत्वपूर्ण भूमिका के अनुसार काम करें।

टीकेएम की नेतृत्व टीम में किये गये नए बदलावों में शामिल हैं-

तदाशी असज़ुमा, मौजूदा वाइस प्रेसिडेंट (कार्यकारी उपाध्यक्ष), को उप प्रबंध निदेशक - बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार टीकेएम और लेक्सस के रूप में पदोन्नत किया गया है। इस भूमिका में, श्री असाज़ुमा टोयोटा और लेक्सस की बिक्री, सेवा और प्रयुक्त कार से संबंधित काम-काज की देख-रेख के लिए जिम्मेदार होंगे, जो विकास को जारी रखने, मजबूत डीलर और ग्राहक संबंधों को समृद्ध करने और ग्राहकों के लिए पसंदीदा मोबिलिटी कंपनी बनने और इसके लिए ग्राहक को केंद्र में रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2001 में टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन से जुड़ने के बाद, असाज़ुमा, जो 2019 में टीकेएम में चले गए, अपने साथ जापान और मध्य पूर्व जैसे क्षेत्रों में टोयोटा के लिए काम करने का एक समृद्ध वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग अनुभव लेकर आए हैं।

स्वप्नेश आर मारू, जो इस समय कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, को उप प्रबंध निदेशक - कॉर्पोरेट योजना, वित्त और प्रशासन तथा विनिर्माण के रूप में पदोन्नत किया गया है। अपनी नई भूमिका में, वे विनिर्माण कार्य के अलावा वित्त और प्रशासन के साथ कॉरपोरेट योजना की देख-रेख करेंगे और वैश्विक बाजार में टीकेएम के बढ़ते महत्व तथा क्षेत्र की विकास क्षमता को तालमेल में रखने और उसका लाभ उठाने के ले काम करेंगे। 25 वर्षों से अधिक के शानदार करियर के साथ, मारू ने पहले भारत के साथ-साथ वैश्विक/क्षेत्रीय कार्यालयों में बिक्री, लेखा, वित्त और कराधान, कानूनी, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन और कॉरपोरेट योजना जैसे कार्यों को संभाला है।

# गुवाहाटी ने टाटा मोटर्स की 100 इलेक्ट्रिक बसों के साथ ग्रीन रूट अपनाया



**गुवाहाटी।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शल वाहन निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज असम स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एएसटीसी) को 100 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करने की घोषणा की है। 9 मीटर की एयरकंडीशंड टाटा अल्ट्रा इलेक्ट्रिक बसें गुवाहाटी की सड़कों पर दौड़ेंगी। इन बसों को शहर में अलग-अलग जगहों पर आने-जाने और यात्रियों को सुरक्षित आरामदायक और सुविधाजनक ढंग से अपनी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली इन बसों को नेक्स्ट जेनरेशन आर्किटेक्चर के आधार पर देश में ही बनाया गया है और यह आधुनिक बैटरी सिस्टम से लैस है। इन बसों को 1 जनवरी 2024 को असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हेमंत बिस्वा सरमा ने लॉन्च किया।

टाटा मोटर्स, सीवी पैसेंजर्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री रोहित श्रीवास्तव ने इस घोषणा पर कहा, ÷पब्लिक ट्रांसपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा प्रभावी और सक्षम बनाना हमारा मिशन है। हम असम सरकार और एएसटीसी के बेहद आभारी है कि उन्होंने हमें अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करने का अवसर दिया। यह बसें आधुनिक तकनीक से निर्मित हैं और अलग-अलग स्थितियों के लिए इनका कठोर परीक्षण किया गया है। यह बसें इको फ्रेंडली है और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुरक्षित, आरामदायक, आधुनिक तकनीक से संचालित और ज्यादा प्रभावी बनाएंगी। हम बेहद उत्साहित हैं कि हमारी टाटा अल्ट्रा इलेक्ट्रिक बसों को गुवाहाटी के लोगों की सेवा के लिए शामिल किया गया है।''

# न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने प्रवेश का पहला दौर शुरू किया

**लखनऊ।** कंप्यूटर सायन्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन-कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से, अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी (न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरू, देश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50त्न से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रोग्राम में नामांकित छात्रों में से एक मुरली माधव ने कहा, मैं नेशनल टेक्निकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर का दौरा करने के लिए उत्साहित हूं और न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने मुझे जो अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। दुनिया भर के संस्थापकों और साथी छात्रों के साथ बातचीत के वैश्विक अनुभव ने मुझे उद्योग विशेषज्ञों के इनपुट और अंतर्दृष्टि के साथ नवीनतम तकनीक में गहराई से उतरने में मदद की है।



तकनीकी एकीकृत प्रोग्राम ने मुझे आईईईई हरियाणा में प्रथम रैंक हासिल करने में मदद करने में प्रमुख भूमिका निभाई, जिससे भविष्य में ढेर सारे अवसर खुले।

सिद्धार्थ माहेश्वरी, को-फाउंडर, न्यूटन स्कूल ने कहा, एनएसटी में, हम तकनीकी शिक्षा के भविष्य को जीवंत बना रहे हैं। हमारे आठ-सेमेस्टर पाठ्यक्रम को विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और कंप्यूटर सायन्स और एआई में नवीनतम को एकीकृत करने के लिए इसे लगातार अद्यतन किया जाता है। यह सक्रिय दृष्टिकोण हमें और हमारे छात्रों को तकनीकी प्रगति में सबसे आगे रखता है, उन्हें फुर्तीला, दूरदर्शी समस्या-समाधानकर्ता में बदल देता है। कोर्स शुरू करने वाले छात्रों के नए बैच के साथ हम उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने और भविष्य के तकनीकी नेता बनने के लिए कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए तत्पर हैं।

# गिफ्ट वार्म्थः रिन्यू द्वारा सर्दियों में दो लाख कम्बल बांटे जायेंगे

**लखनऊ।** अग्रणी डीकार्बनाइजेशन समाधान प्रदान करने वाली कंपनी, रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने 'गिफ्ट वार्म्थ' का 9वाँ संस्करण शुरू करने की घोषणा की है। यह कड़ाके की ठंड में समाज के वंचित वर्गों की सहायता करने की एक पहल है। इस साल, रिन्यू ने दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों में 2,00,000 से अधिक कम्बल बाँटने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया है। यह कम्बल वितरण अभियान जनवरी तक चलेगा, ताकि सबसे अधिक ठंड पड़ने के दौरान इसका अधिकतम फायदा मिल सके। इस वर्ष रिन्यू राजस्थान में 5400 कंबल वितरित करेगा।

हाल के वर्षों में उत्तर भारत के राज्यों में जलवायु परिवर्तन के कारण चिलचिलाती ठंड पड़ती है, जिससे बेघर लोगों पर शीत लहर की भीषण मार पड़ती है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार सर्दियों के दौरान लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है और इसके कारण मौत तक हो जाती है।

रिन्यू के कर्मचारी सरकारी अधिकारियों के सहयोग से निर्दिष्ट जिलों में शीत लहर से प्रभावित



सबसे अधिक ज़रूरतमंद लोगों को चिन्हित करके उनके जीवन में राहत पहुंचाने के लिए कम्बलों का वितरण करेंगे। यह वितरण अभियान जिला स्तर पर आरम्भ किया जाएगा, और आगे तहसील से ग्राम स्तर तक पहुँचेगा। इसके अलावा, कंपनी के कर्मचारी कम्बल वितरण के लिए रात्रिकालीन अभियान चलाएंगे तथा दान के माध्यम से आश्रय स्थलों में योगदान करेंगे। इन कम्बलों को छोटे पैमाने के कारोबारियों से प्राप्त किया गया है जिसका उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

डॉ दया शंकर मिश्रा माननीय आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि, ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास के लिए रिन्यू सीएसआर द्वारा किए जाने वाले कार्य सराहनीय है आज रिन्यू के कंबल वितरण कार्यक्रम में भाग लेकर जरूरतमंदों की सहायता करने का काफी अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ। मैं रिन्यू सीएसआर को धन्यवाद देता हूं।

सस्टेनेबिलिटी की को-फाउंडर और चेयरपर्सन, वैशाली निगम सिन्हा ने कहा कि, हाल के वर्षों में जलवायु संकट के कारण शीत लहर की तीव्रता बढ़ी है। मौसम में होने वाले उतार-चढ़ाव के कारण लाखों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रिन्यू में हम हमेशा समुदायों को लौटाने में यकीन करते आए हैं और गिफ्ट वार्म्थ कड़ाके की ठंड के महीनों में वंचित वर्गों के साथ खड़े होने की दिशा में हमारा एक छोटा कदम है। इस साल, हमने ज्यादा से ज्यादा ज़रूरतमंद लोगों तक पहुँचने की अपनी कोशिशों को तेज किया है। हमें अपने कर्मचारियों पर गर्व है जो इस पहल में पूरी लगन से जुड़कर इस प्रयास को बड़े पैमाने पर सफल बनाने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों के साथ ज़मीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।

गिफ्ट वार्म्थ अभियान की शुरुआत 'भारत में कोई ठंड से पीड़ित नहीं रहे' के विजन के साथ 2015 में हुई थी। तब सेइसके तहत भारत में पड़ने वाली चिलचिलाती ठंड के दौरान स्थानीय समुदायों की ज़रूरतों पर ध्यान दिया जा रहा है। कंपनी अभी तक 6,25,000 कम्बल बाँट चुकी है और वर्ष 2025 तक संवेदनशील वर्गों के बीच 1 अरब कम्बलों का वितरण करने का लक्ष्य हासिल करना चाहती है। रिन्यू ने इस महान उद्देश्य में योगदान के लिए दूसरे निगमों और संस्थानों से साझेदारी और सहयोग का आह्वान किया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रुपे प्रीपेड कार्ड की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) रुपे रीलोडेबल प्रीपेड कार्ड की शुरुआत करने की घोषणा की। वन नेशन, वन कार्ड पहल के अनुरूप, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्लेटिनम ईएमवी चिप-समर्थित संपर्करहित प्रीपेड कार्ड एक इंटर-ऑपरेबल और बहुउद्देश्यीय परिवहन कार्ड है जिसका उपयोग देश भर में सार्वजनिक परिवहन मेट्रो तथा आने वाले समय में बस, ट्रेन, कैब, फेरी, टोल और पार्किंग के भुगतान के लिए किया जा सकता है। कार्ड का उपयोग एटीएम से दैनिक नकदी आहरण तथा पीओएस व ई-कॉमर्स के माध्यम से भुगतान के लिए भी किया जा सकता है।

यह कार्ड ग्राहकों और जो ग्राहक नहीं हैं, दोनों के द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखाओं से प्राप्त किया जा सकता है और यह वास्तविक समय में उपयोग के लिए तुरंत सक्रिय कर दिया जाएगा। कार्ड एनसीएमसी-विशिष्ट टर्मिनलों पर ऑनलाइन लेनदेन के साथ-साथ ऑफ़लाइन लेनदेन को भी सपोर्ट करता है। किसी भी समय पर अधिकतम ऑनलाइन वॉलेट बैलेंस 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपए) और अधिकतम ऑफ़लाइन वॉलेट बैलेंस 2,000/- (केवल दो हजार रुपए) रखने की अनुमति है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री लाल सिंह ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एनसीएमसी रुपे प्रीपेड कार्ड, कैशलेस व ऑन दि गो लेनदेन को एक नई दिशा देने तथा उपयोगकर्ताओं के सार्वजनिक परिवहन में आवागमन के अनुभव को बेहतर बनाने की क्षमता रखता है। बहुत सारे उपयोग के साथ, यह कार्ड कार्डधारकों को असीम सुविधा, फ्लेक्सिबिलिटी और सुरक्षा प्रदान करता है।

बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए एक निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से कार्डधारक, ऑनलाइन वॉलेट में पैसे लोड/रीलोड कर सकते हैं। ऑफ़लाइन वॉलेट को दूरस्थ स्थानों पर मौजूद चयनित एनसीएमसी टर्मिनल ऑपरेटरों के माध्यम से रीलोड किया जा सकता है।

# पी बालाजी बने ग्रुप हेड, एयर इंडिया के कॉरपोरेट मामलों का विभाग संभालेंगे



**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने पी बालाजी को कॉरपोरेट मामलों का ग्रुप प्रमुख नियुक्त किया है। कंपनी के शीर्ष पदों में एक पर नियुक्ति को लेकर एयर इंडिया की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि 30 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पी बालाजी के पास टेलीकॉम सेक्टर के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी सेक्टर में काफी लंबा अनुभव है। उन्होंने उत्पाद प्रबंधन और मार्केटिंग में भी सेवाएं दी हैं। अब वे एयर इंडिया के कॉरपोरेट मामलों का प्रभार संभालेंगे।

बालाजी ने पेशेवर करियर की शुरुआत टाटा प्रशासनिक सेवा से की थी। नई प्रोफाइल में उनके पास कंपनी के गवर्नेंस, नियामक, अनुपालन (जीआरसी) और कॉरपोरेट मामलों का विभाग होगा। इनकी नियुक्ति के लिए एयर इंडिया में ग्रुप हेड का पहली बार सृजित किया गया है।

बालाजी टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनियां- वोडाफोन और आइडिया में लगभग एक दशक तक काम कर चुके हैं। बालाजी एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन को रिपोर्ट करेंगे। विल्सन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) भी हैं। ग्रुप हेड के रूप में पी बालाजी एयर इंडिया के सरकारी मामलों के अलावा कानूनी और नैतिक से जुड़े मामलों का जिम्मा भी संभालेंगे। कॉरपोरेट मामलों के ग्रुप हेड की नियुक्ति के बाद सीईओ विल्सन ने बताया कि उनके अनुभव का खजाना कंपनी में बदलाव के नजरिए से बेहद फायदेमंद होगा। बता दें कि एयर इंडिया विनिवेश के बाद कंपनी का मालिकाना हक टाटा समूह के पास चला गया है। टाटा संस ने 18 हजार करोड़ की बोली लगाई थी। साल 2021 में विनिवेश का प्रोसेस पूरा होने के बाद स्वदेश में संचालित विमान के बेड़े- एयर इंडिया और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन सेवा- एयर इंडिया एक्सप्रेस की कमान टाटा संस को सौंप दी गई थी। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग की निगरानी में पूरी प्रक्रिया हुई थी।

# आईएएस अधिकारी ने भाई के साथ मिलकर दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी के दो कर्मचारियों को पीटा

**नई दिल्ली।** एक प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता के लिए काम करने वाले दो लोगों की नवी मुंबई में एक आईएएस अधिकारी और उसके भाई ने इंटरनेट राउटर के मुद्दे पर उनके आवास पर कथित तौर पर पिटाई कर दी। एक अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि आवासीय सोसायटी के चार सुरक्षा गार्डों ने भी 30 दिसंबर की शाम को दो लोगों पर पाइप और लकड़ी के डंडों से हमला करने में कथित तौर पर अधिकारी के भाई का साथ दिया।


आरोपियों की पहचान आईएएस अधिकारी अमन मित्तल के रूप में हुई है, जो वर्तमान में महाराष्ट्र जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के उप सचिव के रूप में तैनात हैं, और उनके भाई देवेश मित्तल के अलावा चार सुरक्षा गार्ड के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, एयरटेल फाइबर इंटरनेट इंस्टॉलेशन सर्विस के लिए काम करने वाले दो लोग इंटरनेट राउटर की समस्या को ठीक करने के लिए देवेश मित्तल के घर गए थे।

एयरटेल में इंजीनियर के तौर पर काम करने वाले सागर मंधारे (27) द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से अधिकारी ने कहा, दोनों कर्मचारियों और मित्तल दंपति के बीच बहस शुरू हो गई, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें बेडरूम में अपेक्षित इंटरनेट रेंज नहीं मिल रही है।

मंधारे ने कहा कि उन पर अमन मित्तल और उनके भाई देवेश ने हमला किया, उनका साथ इमारत के चार सुरक्षा गार्ड्स जो पाइप और लकड़ी के डंडों से लैस थे ने दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मंधारे के सहयोगी भूषण गुजर की भी पिटाई की जो बिक्री टीम में काम करता है। उन्होंने बताया कि यह घटना इमारत के परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

# बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. साहिल बंसल ने सर्दियों में शिशुओं की देखभाल कें लिए विशेष जानकारी दी

**लखनऊ।** क्लाउडनाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, पंचकुला के प्रसिद्ध सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ और नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. साहिल बंसल ने प्रत्येक बच्चे की शीतकालीन अलमारी के लिए आवश्यक चीजों की जानकारी दी। डॉ. बंसल ने सर्दियों के लिए शिशुओं और बच्चों को कपड़े पहनाने की कला पर जोर दिया,



ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बिल्कुल सही रहें - न बहुत गर्म, न बहुत ठंडा। द हेल्थसाइट.कॉम पर प्रकाशित एक जानकारीपूर्ण लेख के अनुसार, ध्यान देने योग्य कुछ मुख्य बातें यहां दी गई हैं।

**मुख्य विचारः**

लेयरिंग में महारतः सर्दियों में जीवित रहने की कुंजी प्रभावी लेयरिंग में निहित है। डॉ. बंसल माता-पिता को सलाह देते हैं कि वे अपने छोटे बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए कपड़ों की एक और परत पहनाएं, जिससे उनके बीच हवा की जेब बन जाए। नमी सोखने वाली आधार परत, ऊन या बुना हुआ रोम्पर जैसी इन्सुलेशन परत चुनें और विंडप्रूफ शीतकालीन कोट या बंटिंग के साथ समाप्त करें। सुनिश्चित करें कि परतें बहुत तंग न हों, जिससे गति और उचित परिसंचरण हो सके।

डॉ. बंसल नमी को दूर करने के लिए ऊनी या पॉलिएस्टर कपड़ों से बनी एक आरामदायक, शरीर को गले लगाने वाली आधार परत का सुझाव देते हैं। इंसुलेटिंग परत में नरम सूती या ऊन आधारित लंबी आस्तीन और फुल बॉटम शामिल होने चाहिए, साथ ही शिशुओं के लिए सुविधाजनक वन-पीस सूट भी होना चाहिए।

# ग्लेनमार्क भारत में प्रचलित एंटी-डायबिटिक दवा लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बनी

, लगभग 70त्न कम दामों पर उपलब्ध हृद्ब्रश्च चिकित्सा

**नई दिल्ली।** प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने भारत में पहली बार प्रचलित10,11 एंटी-डायबिटिक दवा- लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च किया है। लिराफिट ब्रैंड के नाम से लॉन्च की गई इस दवा की पेशकश ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से मंजूरी मिलने के बाद की गई है। 1.2 मिलीग्राम (प्रति दिन) की मानक खुराक के लिए इस दवा की कीमत लगभग 100 रुपए है, जो कि चिकित्सा की लागत को लगभग 70त्न कम कर देगी। साथ ही, यह डॉक्टर की सलाह पर ही उपलब्ध हो सकेगी। लिराग्लूटाइड, ग्लूकागन जैसे पेप्टाइड 1 रिसेप्टर एगोनिस्ट (जीएलपी-1 आरए) दवाओं के वर्ग के अंतर्गत आता है। यह ग्लूकोज पर निर्भर इंसुलिन स्राव को बढ़ाता है और साथ ही उचित ग्लूकागन स्राव को कम करता है। 12,13 संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ में वयस्क मरीजों में टाइप 2 डायबिटीज़




मेलिटस को प्रबंधित करने के लिए इसे विश्व स्तर पर स्वीकृति मिली है।

इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड- इंडिया फॉर्म्युलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, ग्लेनमार्क में, हमें भारत में पहली बार लिराग्लूटाइड दवा के एक नवीनतम और किफायती बायोसिमिलर लिराफिटइ की पेशकश करने पर गर्व है। क्लिनिकल परीक्षणों में लिराग्लूटाइड मरीजों के बीच हृदय और गुर्दे के सुरक्षा परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव डालने में मददगार साबित हुआ है, जो इसे टाइप 2 डायबिटीज़ के मरीजों के लिए उपचार का एक प्रभावी विकल्प बनाता है। 4,5,7,14,15 इस लॉन्च के साथ, अब हम डायबिटीज़ थेरेपी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इंजेक्टेबल एंटी-डायबिटिक क्षेत्र में कदम रख रहे हैं।

**लिराग्लूटाइड और टाइप 2 डायबिटीज़ के उपचार में इसकी भूमिका**

टाइप 2 डायबिटीज़ के मरीजों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार करने में लिराग्लूटाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है।

टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस वाले भारतीय वयस्क मरीजों पर 24 सप्ताह की अवधि में किए गए नैदानिक परीक्षण यह स्पष्ट करते हैं कि लिराफिटइ प्रभावी, सुरक्षित और सहन करने योग्य है। उक्त परीक्षणों में संदर्भ लिराग्लूटाइड के साथ गैर-हीन प्रभावकारिता और एक सेफ्टी प्रोफाइल भी सामने आई है।16 अपने अतिरिक्त लाभों के रूप में लिराग्लूटाइड, टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस2-5,13,14 के मरीजों में ग्लाइसेमिक मापदंडों को प्रभावी ढंग से कम करता है, वजन कम करता है और हृदय संबंधी सुरक्षा प्रदान करता है।

# तृतीय पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. डॉ हीरालाल कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता



स्व. डॉ हीरालाल कुशवाहा के पुण्यतिथि पर कंबल वितरण करते सांसद विजय दुबे

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विधान सभा कुशीनगर के ग्राम पंचायत विजयपुर खाखर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. डॉ हीरालाल कुशवाहा के तृतीय पुण्य तिथि पर डॉ हीरालाल सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा असहाय व गरीबों में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि स्व. कुशवाहा एक स्वतंत्रता सेनानी थे, इन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन बिता दिया। ऐसे महान पुरुष के पुण्यतिथि पर गरीबों में कंबल वितरण करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के पुनीत कार्य से एक ओर पुण्य आत्मा को शांति मिलती है, वहीं दूसरी ओर वृद्धों का आशीर्वाद मिलता है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्गीय हीरालाल बचपन से ही संघर्षशील एवं मिलनसार थे। वे समाज के हरेक काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने कहा कि अपने लिए तो सब जीते हैं, जो समाज के लिए जीता है उसी को हमेशा याद रखा जाता है। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि किसानो एवं गरीबों के

**पुण्यतिथि पर विजयपुर खाखर में गरीबों में वितरण किया गया कंबल**

हित के लिए दिग्गज मजदूर नेता स्व. हीरालाल हमेशा याद आयेंगे। इस अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप में लगभग 400 मरीज का निशुल्क इलाज हुआ। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक अजय कुमार कुशवाहा एवं ट्रस्टी राजेंद्र कुशवाहा की ओर से सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष रामकली देवी ने किया। इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव पारस नाथ कुशवाहा, राजेंद्र नाथ कुशवाहा, रामविलास यादव, विजय दीक्षित, हरीश पांडेय, विजय सैनी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी दीनानाथ यादव, शंभू राव, अमरनाथ मद्धेशिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रिमझिम बारिश ने बढ़ाई गलन

**अमेठी।** जनपद में बुधवार को भोर से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो दिन में कई चक्र तक जारी रही। रिमझिम बारिश होने के कारण गलन बढ़ गई है लोग सर्दी से ठिठुरन का एहसास कर रहे हैं। बुधवार को भोर में अचानक रिमझिम बारिश शुरू हो गई जबकि रात में भीषण कोहरा था बावजूद इसके मौसम बिगड़ गया बारिश का क्रम रुक-रुक कर दोपहर बाद तक जारी रहा। सुबह स्कूल कालेज जाने वाले बच्चे भीगकर जाते दिखाई पड़े।बारिश के कारण जहां गेहूं की अगेती खेती करने वाले किसानों को लाभ हुआ है वही चना मटर और सरसों की खेती करने वाले किसान भी इसे फसलों के लिए लाभदायक बता रहे हैं। पिछेती खेती करने वाले किसानों को इस बारिश से नुकसान हुआ है। आमतौर पर बारिश ने कड़ाके की सर्दी में इजाफा किया है। ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक अलाव नहीं जले हैं सर्दी भगाने के लिए लोग घास फूस जलाकर इंतजाम करते दिखाई पड़ रहे हैं। शाम ढलने के बाद ही लोग घरों में दुबक गए और अलाव के सहारे बैठ गए।

# हाटा विधायक के प्रयास से क्षेत्र में बिछ रहा सड़को का जाल

अवधनामा संवाददाता



हाटा विधायक मोहन वर्मा

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधायक मोहन वर्मा के लगातार प्रयास से विधान सभा क्षेत्र में सड़को की जाल बिछ रही है। नए वर्ष के मौके पर शासन से 7 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से चार सड़को की मरम्मत के लिए धन की

**7 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से चार सड़को की होगी मरम्मत**

स्वीकृति मिली है। हाटा विधायक के इस प्रयास का क्षेत्र में चहुओर सराहना की जा रही है।

बता दें कि क्षेत्र में विकास को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले हाटा के लोकप्रिय विधायक मोहन वर्मा के अथक प्रयास से लोक निर्माण विभाग के चार प्रमुख संपर्क मार्गो के नव निर्माण के लिए शासन से धन स्वीकृत हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गो की खराब स्थिति के चलते नव निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसके लिए शासन से वित्तिय स्वीकृति मिल गई है। लोकनिर्माण विभाग की लगड़ी से अथरहा तक 3 किलोमीटर लागत 2 करोड 40 लाख, नाऊमुंडा पिच से गिदहा धनहा होते हुए पड़री तक 2.6 किलोमीटर लागत 2 करोड 52 लाख, बलुआ से देवकली होते हुए सिरसिया देवरिया बार्डर तक 1.75 किलोमीटर लागत 1 करोड 38 लाख, महुअवां मस्जिदिया से अहिरौली तुलादास तक 1.2 किलोमीटर लागत 1 करोड 33 लाख का सड़क नव निर्माण के लिए शासन ने कुल रूपये 7 करोड़ 42 लाख धन स्वीकृत हुआ है।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद को धन्यवाद देते हुए श्री वर्मा ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। मोदीङ्ग्योगी के सरकार में योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है जिसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल रहा है। मेरा प्रयास है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को नव निर्माण कराकर आवागमन सुगम कराया जा सके।

# डीआईओएस कार्यालय में तैनात लिपिक की मार्ग दुर्घटना में मौत

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार के पास हुआ हादसा**



**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे बोदरवार व घोघरा के बीच बगहा बीर बाबा स्थान के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय चौकी पुलिस ने घायल व्यक्ति को 108 नम्बर एंबुलेंस से सीएचसी कप्तानगंज भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। कप्तानगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थान के पास सी बी रस्तोगी जो डीआईओएस कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत रहे है। लिपिक रस्तोगी मंगलवार को किसी काम से गोरखपुर गया था जो बुधवार की सुबह बाइक से वापस पड़रौना अपने कार्यालय लौट रहे थे कि वह अभी बोदरवार व घोघरा के बीच बगहा बीर बाबा स्थान के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय चौकी पुलिस ने घायल लिपिक को कप्तानगंज अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान घायल लिपिक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीबी रस्तोगी पडरौना में घर बनाकर पत्नी, बिटिया शालिनी व पुत्र अभिषेक के साथ रहते थे। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार बरवार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

# सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शहर के मिल मैदान के निकट स्थित दिव्य लान में भाजपा की जिला बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री व् क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, हमारे जो तीन कार्यक्रम चल रहे हैं, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नमो ऐप, विश्वकर्मा योजना, इन सभी कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करते हुए आगामी जो भी कार्यक्रम आने वाले हैं उन पर भी चर्चा किया। जिला के जिलाध्यक्ष मिलकर लोक सभा चुनाव प्रबंधन समिति बनाएंगे, जिसमे लोकसभा संयोजक, प्रभारी, विस्तारक, विधानसभा विस्तारक, चुनाव अभिकर्ता, तथा चुनाव कार्यालय सम्मिलित हैं हमारे जितने भी पार्टी के नए पुराने कार्यकर्ता हैं उनको सक्रिय करने की आवश्यकता है क्योंकि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है । हम प्रदेश की लोकसभा की सभी 80 सीटों को जीतेंगे। हमने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों का चुनाव जीता है ये हमारी उपलब्धि है ।

जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 200 करोड़ की लागत से देवरिया का बस स्टेशन विकसित होगा, तथा 25 करोड़ की लागत से पुराने बस स्टेशन की खाली पड़ी



भूमि पर मल्टी स्टोरी बस स्टैंड बनाया जायेगा । उन्होंने बताया कि लगभग 22 हजार लोगो को आवास पिछले योजनाओं में मिला है इन दो सालों में 8 हजार लोगों को आवास मिला है। 500 वर्षो से प्रतीक्षा रात भगवान राम का दिव्य और भव्य मंदिर बनकर तैयार है इस जनपद के सैकड़ों लोगों ने मंदिर की लड़ाई लड़ी है सभी की श्रद्धा का यह फल आगामी 22 जनवरी को प्राप्त होगा जब राम लला मंदिर में विराजमान होंगे। कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि विगत दिनों हम सभी ने संगठनात्मक कार्यो को बहुत ही मजबूती के साथ किया है, सभी बूथों सेक्टरों और मंडलों को सक्रिय करने की आवश्यकता है पिछले चुनावों में हमने तीनो लोकसभा सीटों को जीता इस बार हमे इनको पुनः जितना ही नहीं बल्कि बंपर मतों से जितना

**प्रभारी मंत्री ने दी जिले को सौगात**

है। सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है, सरकार ने 14 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिया है, अपने विकास कार्यो को लेकर पार्टी एक बार पुनः भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। आप सभी सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों को निभाइए। सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमे छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी बड़े पदों पर स्थान दिया जाता है। प्रदेश की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा आज खुशी मानने का समय है इंडिया गठबंधन चाहे जितना इकठ्ठा हो जाए इस बार रिकार्ड मतों से जितना है । जिला प्रभारी संतराज यादव ने संगठनात्मक संरचना की उपस्थिति का वृत्त लेते हुए कहा कि हम जानते हैं कि लोकसभा के चुनाव की तैयारी लगभग लगभग शुरू हो गई है, विकसित भारत संकल्प यात्रा पिछले 15 सितंबर से गांव गांव जा रही है जिसमे क्षेत्र की जनता और सरकारी विभागों के जिम्मेदार और पार्टी के कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं आगामी समय में अन्य कई कार्यक्रम होंगे जिसमे आप सभी को बढ़ चढ़ कर भाग लेना है । सभी मंडलों को सक्रिय करना होगा। आगामी 25 जनवरी से सबसे महत्वपूर्ण अभियान नव वोटर चेतना अभियान है जिसमे नए मतदाताओं को पार्टी में अधिक से अधिक जोड़ने का कार्य करना है।

# चार दिन से गायब किशोर का नहर में मिला शव

अवधनामा ब्यूरो

**कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के जटामपुर के टोला खुशीपट्टी का मामला**



मृतक वारिस का फाइल फोटो

**कुशीनगर।** चार दिन पूर्व घर से गायब एक किशोर का शव नहर में मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि कुबेरस्थान थानाक्षेत्र के गांव पिपरा जटामपुर के टोला खुशिपट्टी निवासी कलीमुल्लाह अंसारी का सात वर्षीय पुत्र वारिस 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे घर से खेलने के लिए बाहर निकला और लौटकर वापस घर नहीं आया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन वारिस का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस अपने स्तर से बालक को ढूढ़ने का प्रयास कर रही थी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था। बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोग जब टहलते हुए गांव के बाहर नहर की तरफ गए। वहां भगड़ा पुल के पास नहर में आधी धंसी हुई लाश दिखाई दी। लाश दिखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया एवं पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त वारिस पुत्र कलीमुल्लाह के रूप में हुई जो पिछले चार दिनों से गायब था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा की अध्यक्षता, सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी की सह अध्यक्षता, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास भवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विकास पर व्यापक विचार विमर्श किया गया तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनपद को विकास में अग्रणी बनाये रखने हेतु कार्य किये जाने की अपेक्षा की गयी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद सलेमपुर ने समिति के महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिशा कमेटी की माध्यम से जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समुचित निगरानी की जाती है। समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, जिससे इसकी प्रासंगिकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के विरोधी नही, बल्कि पूरक हैं। दोनो को मिल कर जनहित में कार्य करना चाहिये। उन्होंने निर्देशित किया कि दिशा की अगली बैठक से पूर्व आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गए सभी बिन्दुओं को परिणामपरक बनाया जाए। सांसद सदर डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि दिशा समिति का उद्देश्य सही अर्थो में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण बैठक कर योजनाओं के प्रगतियों की समीक्षा करते हैं। अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लेते है। समीक्षा में केवल सूचना देना ही निष्कर्ष नही होना चाहिये, अपितु जो भी बिन्दु आये है, उसका शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना ही इसकी सफलता व सभी का कर्तव्य व दायित्व है। बैठक में आये बिन्दुओं का क्रियान्वयन औपचारिकता के साथ नही, बल्कि प्रमाणिकता के साथ होनी चाहिये।

कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि बैठक में उठाये गए बिंदुओं के समाधान किये जाने में अधिकारी अग्रणी भूमिका में रहे, उस पर कार्यवाही करें तथा जिन योजनाओं में बजट अनुपलब्ध हो, उसमें जिलाधिकारी की ओर से डिमाण्ड कर बजट आवंटित कराते हुए उन योजनाओं को पूरा करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गये है उनका आनलाईन आवेदन करायें और उन्हें लाभान्वित भी करें। जिन लाभार्थियों का ईकेवाईसी नही हो पायी

**जनहित के कार्यो में प्राथमिकता बरतने की, की गयी अपेक्षा**

है उस पर भी इस यात्रा शिविरों में विशेष रुप से ध्यान दिया जाये तथा इस दौरान आयुष्मान योजना के गोल्डेन कार्ड भी लाभार्थियों का बने यह सुनिश्चित कराया जाये। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बैठक में आये सुझावो एवं विषयो को गंभीरता से लिया जाये। विकसित भारत यात्रा में संबंधित विभागो के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों में संवाद होते रहना चाहिये इससे समस्याओं के समाधान में काफी उपयोगिता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगाह करते हुए कहा कि विकास के साथ कोई समझौता नही हो सकता है कार्यो में पारदर्शिता होनी चाहिये। सरकार की जीरो टोलरेन्स की नीति है। यदि कहीं शिथिलता/अनियमियता पायी जायेगी तो उस पर सख्त कार्यवाही भी होगी।

# राजनीतिक भागीदारी मिले रौनियार समाज को: विजय कुमार गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी देवरिया।** भाटपार रानी नगर रौनियार सेवा संघ के द्वारा नववर्ष अभिनंदन समारोह नगर के प्रतिष्ठित व्यायसायी विश्राम प्रसाद गुप्त के गुप्त के आवास पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नगर रौनियार सेवा संघ के अध्यक्ष व आदर्श नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त ने किया।

संचालन संगठन के महामंत्री संजय कुमार गुप्त के द्वारा हुआ समारोह के शुभारंभ में रौनियार समाज के कुलभूषण महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुआ, इसके बाद डॉक्टर कन्हैयालाल गुप्त किशन ने संस्कृत वंदना प्रस्तुत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं नगर रौनियार सेवा संघ के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने उपस्थित सभी बंधुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया, इस अवसर पर नव वर्ष अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए विजय कुमार गुप्त ने अपनी शुभकामनाएं पूरे समाज को प्रेषित किया और कहा कि राजनीतिक भागीदारी मिले रौनियार समाज को साथ ही संगठन ही समाज की एकता और ताकत होती जब भी हम संगठित रहेंगे तो हमारा मान सम्मान समाज के द्वारा बना रहेगा संगठन से बड़ा कोई ताकत नहीं होता इस अवसर पर इस अवसर कृष्ण गुप्ता पवन कुमार गुप्ता डॉक्टर



कन्हैयालाल गुप्त किशन राजेश गुप्ता सभासद चंदन कुमार गुप्त पत्रकार प्रमोद कुमार गुप्त सहित लोगो ने नववर्ष अभिनंदन समारोह को संबोधित किया, इसके बाद नगर रौनियार सेवा संघ के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने विश्राम प्रसाद गुप्त पत्रकार पवन कुमार गुप्त चंदन कुमार गुप्त संजय कुमार गुप्तासभासद राजेश गुप्ता अंतरराष्ट्रीय कवि और साहित्यकार डॉक्टर कन्हैया लाल गुप्ता किशन कोअंगवस्त्र से सम्मानित किया, इस दौरान मनोज कुमार गुप्त जितेंद्र कुमार गुप्त पत्रकार प्रमोद कुमार गुप्त कृष्ण गुप्ता राजेश गुप्ता क्रांति रौनियार सिंटू रौनियार अजीत कुमार गुप्त सोमनाथ गुप्ता कन्हैया गुप्ता रवि गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों के लिये साप्ताहिक बन्दी घोषित

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि कैलेण्डर वर्ष-2024 हेतु उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1963 के नियम-06 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों हेतु निर्धारित दिनों को उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 की धारा-08 एवं उपधारा-02 के अन्तर्गत साप्ताहिक बन्दी का दिन घोषित किया है। इस क्रम में जनपद स्थित विभिन्न क्षेत्रों हेतु क्रमशः तहसील अमेठी के तहत नगर पंचायत अमेठी मुंशीगंज विशेसरगंज में मंगलवार व रामगंज में बृहस्पतिवार तथा तहसील गौरीगंज के तहत नगर पालिका गौरीगंज व टिकरिया में मंगलवार एवं जामों में शनिवार तथा तहसील मुसाफिरखाना के तहत वारिशगंज व जगदीशपुर में शुक्रवार एवं नगर पंचायत मुसाफिरखाना व बाजार शुकुल में शनिवार तथा तहसील तिलोई के तहत नगर पालिका जायस में बुधवार एवं इन्हौना में शुक्रवार तथा मोहनगंज में शनिवार को साप्ताहिक बन्दी का दिन निर्धारित किया गया है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** देश में स्त्री शिक्षा की क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले की 192 वीं जयंती बुधवार को मनाई गई। नगर स्थित बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने तीन जनवरी को महिला शिक्षा दिवस घोषित करने की मांग की और सावित्री बाई फुले के नाम से पुरस्कार शुरू करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं रिक्शा चालकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक त्रिसरण पंचशील और माता सावित्री बाई फुले और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। बौद्ध भिक्षु भंते धम्मदीप ने त्रिसरण पंचशील दिया।जयंती के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले दम्पत्ति के जीवन संघर्ष और शिक्षा के आंदोलन पर विस्तार से संवाद हुआ। कवि रामचंद्र सरस ने कविता के माध्यम से सावित्री बाई फुले को नमन किया फुले सावित्री मां फातिमा को नमन ज्ञान की ज्योति से है सजाया चमन देश गम के अंधेरों में डूबे नहीं मरते दम तक किया तीरगी का दमन। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन और फुले दम्पत्ति के शिक्षा के आंदोलन की विस्तार से जानकारी दी। ईट पत्थर कीचड़ की मार सहते हुए माता सावित्री बाई फुले ने गुलाम भारत में अपवंचितों और महिलाओं के लिए शिक्षा की ज्योति जलाई। सेवानिवृत्त प्रवक्ता पलटूराम ने कहा कि सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन और इतिहास का वर्णन शब्दों में सम्भव नहीं है। महिलाओं को अच्छी शिक्षा देना ही माता सावित्री बाई फुले के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। पूजा गौतम ने कहा कि सावित्री बाई फुले को आगे बढ़ाकर ऐतिहासिक महिला बनाने में महात्मा ज्योतिबा फुले का सबसे बड़ा योगदान है। सभी लोग अपने परिवार की बालिकाओं को अच्छी शिक्षा दें और महिलाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में जरूर साथ लेकर जाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री कर्मपती ने कहा कि बहुजन समाज के लिए शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फुले हैं उनके इतिहास को घर- घर पहुंचाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस मौके पर संजय कुमार कोरी रामफल फौजी डॉ उदयराज राव रामचंद्र गुरु प्रसाद राजेश कोरी रामशंकर सोनाली विकास कुमार प्रमोद कुमार त्रिभुवन दत्त शारदा देवी लालती देवी सोना देवी कलावती बच्चा राम वर्मा, कलावती ललित कुमार इश्तियाक अहमद हरिश्चंद्र कोरी आशीष कुमार आदि रहे।


# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने पहुंचे मौनी स्वामी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में लव जेहाद का एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अभय चैतन्य मौनी महाराज पीड़ित परिवार से मिलने बुधवार को उनके गांव सुंदरपुर पहुंचे और परिवार का दर्द जानने के बाद वह काफी आहत हुई उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।इसके लिए वह अनशन करेंगे।मौनी स्वामी ने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुखद विषय है कि जहां सूबे में लोकप्रिय न्याय प्रिय शासक योगी आदित्यनाथ विराजमान है वहां लव जेहाद जैसे प्रकरण आज भी सामने आ रहे हैं। बताया कि उन्हें आशंका है कि इस बालिका का अपहरण करके अपराधी कहीं इसके भी टुकड़े-टुकड़े करके न फेंक दें। बताया कि पिछले 10 दिन से यह बालिका गायब है पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया लेकिन अभी तक बालिका बरामद नहीं की जा सकी है। एक गैर समुदाय के युवक ने उसका अपहरण कर लिया है यदि अपराधी सजा नहीं पाते तो वह इस आंदोलन को बड़ा रूप देंगे। उन्होंने कहा हर तरफ से निराश पीड़ित परिवार उनके आश्रम गया था और न्याय की गुहार लगाई। कहा कि हिंदू समाज की रक्षा का उन्होंने संकल्प लिया है इसके लिए वह आजीवन तत्पर रहेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और प्रशासन के लचर कार्य प्रणाली की निंदा कर रहे थे।



# सावित्री बाई फूले ने महिलाओं को सामाजिक शोषण से मुक्त कराने के लिए पुरजोर प्रयास किया: अयोध्या

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत बोदरवार में स्थित जीके प्वाइंट स्कूल के प्रांगण में बुधवार को में सावित्री बाई फूले जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अयोध्या भाई ने सावित्री बाई फुले और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या भाई ने कहा कि उन्नीसवीं सदी के दौर में भारतीय महिलाओं की स्थिति बड़ी ही दयनीय थी। जहां एक ओर महिलाएं पुरुषवादी वर्चस्व की मार झेल रही थी तो दूसरी ओर समाज की रुढ़ीवादी सोच के कारण तरह-तरह की यातनाएं व अत्याचार सहने को विवश थी। हालात इतने बदतर थे कि घर की देहरी लांघकर महिलाओं के लिए सिर से घूंघट उठाकर बात करना भी आसान नहीं था। लंबे समय तक दोहरी मार से घायल हो चुकी महिलाओं का आत्मगौरव और स्वाभिमान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका था। समाज की ओर से उनके साथ किए जा रहे गलत बर्ताव को वे अपनी किस्मत मान चुकी थीं। ऐसे विकट समय में सावित्रीबाई फुले ने समाज सुधारक बनकर महिलाओं को सामाजिक शोषण से मुक्त करने व उनके समान शिक्षा व अवसरों के लिए पुरजोर प्रयास किया। हरिकेश भाई ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में उनकी ओर से दिए गए योगदान को आजीवन याद किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक शिवचरण ने आए हुई अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्र शेखर बौद्ध ने किया छोटे लाल बौद्ध ने भी सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मोनू कन्नौजिया सुनील कुमार बौद्ध महेंद्र बौद्ध बहन प्रतिभा बौद्ध सुनिता बौद्ध तुफानी प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जाखलौन में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**जाखलौन (ललितपुर)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ सगोरिया ग्राम में पहुंचा। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों से कहा कि आजादी के बाद पहली केन्द्र सरकार है जो आपके दरवाजे पर आई है। ग्रामीण अपनी जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान बड़ी आसानी से अपने गांव में ही करवा सकते हैं। कस्बे के नजदीक स्थित ग्राम पंचायत सगोरिया में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का गारंटी रथ गांव में आया। जिसका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव के ग्राम प्रधान भगवान सिंह निरंजन ने कहा कि आपके गांव में जिन लोगों की जो भी समस्याएं हैं सभी विभागों के अधिकारी यहां उपस्थित हैं। जो आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, वृद्धावस्था विधवा पेंशन सभी योजनाओं का लाभ सीधे-सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके गांव में आई है। जिसमें सभी विभागों के नोडल अधिकारी आपकी समस्याओं और लाभ प्राप्त करने की जानकारी देंगे। सभी ग्रामीण अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करा सकते हैं। ब्लाक प्रमुख ने कहा की आजादी के बाद देश की पहली सरकार है जो भ्रष्टाचार मुक्त है, सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है कि सभी योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो रही है, लाभार्थियों का पैसा सीधे-सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है जिससे किसी तरह के भ्रष्टाचार की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके बाद जो भी ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों के सम्मुख पहुंचे अधिकारी संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने का कार्य करें। आज की भारत विकास संकल्प यात्रा में ग्राम प्रधान भगवान सिंह निरंजन, तुलसी पटेल, पहलवान पटेल, वीरसिंह पटेल, हन्नू सहरिया, अमर दास, अशोक सहरिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। सभी अधिकारियों ने अपने विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

# विभिन्न विषयों पर कार्यक्रमों का तहसीलों पर आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर ने अवगत कराया है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर श्री जय प्रकाश पाण्डेय की संरक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर द्वारा दिनांक 06.01.2024 को समय 12 बजे से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सशक्तिरण के कानून एवं वरिष्ठ नागरिकों पर तहसील क्षेत्र लम्भुआ में, दिनांक 12.01.2024 को समय 12 बजे से ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर तहसील क्षेत्र कादीपुर में, दिनांक 16.01.2024 को समय 12 बजे से कन्य भ्रूण हत्या और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव एवं नालसा द्वारा संचालित योजनाओं पर तहसील क्षेत्र सदर में, दिनांक 18.01.2024 को समय 12 बजे से लैंगिक समानता हेतु प्रावधानों एवं उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजन पर तहसील तहसील क्षेत्र बल्दीराय में, दिनांक 20.01.2024 को समय 12 बजे से विषय पशु क्रूरता और पशुओं की सुरक्षा एवं नशीली दवाओं, धुम्रपान और शराब के उन्मूलन पर तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में, दिनांक 29.01.2024 को समय 12 बजे से उपभोक्ता फोरम एवं स्थायी लोक अदालत पर तहसील क्षेत्र अमेठी जनपद अमेठी एवं दिनांक 31.01.2024 को समय 12 बजे से ''विश्व कुष्ठ रोग दिवस'' पर तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

# पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किये जाएं कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला कौशल समिति एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के युवाओं में स्किल डेवलपमेन्ट में प्रशिक्षण संस्थाओं की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए कौशल विकास से सम्बन्धित सभी स्टेक होल्डर्स बेहतर समन्वय के साथ कड़ी मेहनत व परिश्रम से कौशल विकास को गति प्रदान करने में सहयोग प्रदान करें। डीएम ने प्राधानाचार्य आईटीआई को निर्देश दिया कि विभिन्न शासकीय विभागों यथा विद्युत, सिंचाई इत्यादि विभागों से समन्वय कर अधिक से अधिक बच्चों को अप्रेन्टिस के लिए समायोजित कराये।

डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक युवाओं को रोज़गार मिले सके इसके ज़रूरी है कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार युवक-युवतियों के लिए ट्रेड्स का निर्धारण किया जाय। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों की महिलाओं को कौशल विकास मिशन से लिंकअप करते हुए प्रशिक्षण दिया जाय। डीएम ने कहा कि मोबाइल रिपेयरिंग, प्लम्बरिंग, बुके निर्माण, इलेक्ट्रीशियन तथा कृषि आधारित ट्रेडों में युवकों को प्रशिक्षित किया जाय ताकि उन्हें आसानी के साथ रोज़गार उपलब्ध हो सके। डीएम ने प्रधानाचार्य आईटीआई को निर्देष दिया कि जनपद में एजेन्सीवार संचालित प्रशिक्षण संस्थाओं तथा उनमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं। डीएम ने निर्देश दिया कि वर्ष 2021-22 व 2022-23 में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के प्लेसमेन्ट का विवरण भी उपलब्ध कराया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, ईओ/प्रभारी डूडा प्रमिता सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई स्मृति शर्मा, निदेशक आरसेटी रीति कुमारी, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज किरन देवी सहित अन्य अधिकारी व प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संपत्ति मूल्यांकन की आपत्तियों का हुआ निस्तारण

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (तृतीय संशोधन) नियमावली 2015 के सन्दर्भ में प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पुनरीक्षण हेतु प्राप्त आपत्तियों वं सुझावों पर मूल्यांकन नियमावली 2015 के नियम 4 और 5 के आलोक में प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का अनुशीलन और परीक्षण किया गया। अनुशीलन और परीक्षण में यह पाया गया कि नियम 04 और 05 में मूल्यांकन सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु निर्धारित प्रक्रिया का सम्यक अनुपालन किया गया है, परन्तु पत्रावली पर पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध न होने के कारण प्रस्तावित मूल्यांकन दर सूची के तर्क संगत होने के विषय में निर्णय लिया जाना संभव नहीं है। अतः उक्त विसंगति को ध्यान में रखते हुए न्याय और लोक हित में प्रस्तावित मूल्यांकन सूची को निरस्त कर, अगले आदेश तक सम्प्रति प्रचलित मूल्यांकन दर सूची (प्रभावी दिनांक 21 नवम्बर, 2022) के अग्रिम आदेशों तक प्रभावी माना जायेगा।

## पात्रों को जल्द मिलेगा योजनाओं का लाभः राज्यमंत्री



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत नाराहट सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजन आयोजित किया गया। शुभारंभ करते हुए राज्यमंत्री मनोहर लाल ने विकसित भारत के संकल्प में ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी भूमिका पर जोर दिया। उन्होने कहां कि सरकार द्रारा संचालित विभिन्न जनकल्याणी योजनाए की ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई। कहा कि जो रह गए हैं, उन्हें भी भविष्य में योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुके लाभार्थियों का आव्हान किया। विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका शहरों पर भी जोर गरीब से लेकर संपन्न परिवारों तक इन सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, सोनू, राजू राजा, राव साहब, ग्राम विकास अधिकारी, आलोक दुबे, मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह, लवीराजा, रामसेवक प्रधान सरखडी, राजीव पटेल, गिन्नी राजा, राजेश राजोरिया, नीतेश राठैार, ओमकार दुबे, नरेंद्र दीक्षित, अजय पाठक, जगपाल सिंह, रसिक बिहारी दुबे, अटल बिहारी दुबे आदि मौजूद रहे।

## विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने किया कम्बल वितरण

**बहराइच।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरहिया में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने आस-पास के गांवों के लगभग 350 ग्रामवासियों को कम्बल का वितरण किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्रीमती जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि सभी गृह विहीन, निराश्रित, असहाय, निर्बल तथा कमज़ोर वर्ग के पात्र व्यक्तियों को अत्यधिक ठन्ड व शीतलहरी से राहत पहुॅचाये जाने के लिए रैन बसेरों, कम्बल का वितरण एवं अलाव के माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के निर्देश पर शीतलहर से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर अलाव के साथ-साथ कम्बल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, तहसीलदार सभाराज पाण्डेय, नायब तहसीलदार अल्पिता मिश्रा, बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## घर पहुंच रहे है अक्षत

**ललितपुर।** तालाबपुरा द्वितीय वार्ड नं. 21 में विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व सभी हिन्दू संगठनों ने राम मंदिर अयोध्या से आये अक्षत घर घर पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया और लोगो को अक्षत राममंदिर की फोटो व पत्रक देकर अयोध्या आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। घर पर रह कर अयोध्या जैसा उल्लास मनाए भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखे व घर पर दीपक जलाए दिवाली की तरह घरों को जगमगाये। इस मौके पर नगर समिति सदस्य छककीलाल साहू, वार्ड संयोजक हरनाम सिंह, सह सयोजक आशीष तिवारी, अजय रावत, रमेश नगाइच, रमेश सिंह, आकाश सेन, नीरज तिवारी, हर्ष नामदेव, अभय नामदेव, रामकुमार नामदेव, बृज नारायण कुशवाहा, मनोज साहू, नीरज जैन, इंदर पटेल, लक्ष्मी नारायण सैनी,सचिन साहू आदि मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी महोदया व पुलिस अधीक्षक महोदय सुल्तानपुर के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी सुल्तानपुर के कुशल नेतृत्व में सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम सुल्तानपुर मय स्टाफ श्री साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही, श्री शशि प्रकाश गुप्ता आबकारी सिपाही, श्री अरविंद कुमार वर्मा आबकारी सिपाही, मोहम्मद इरफान आबकारी सिपाही एवं थाना कुड़वार के पुलिस बल के साथ ग्राम गंजेहड़ी थाना कुड़वार में दबिश दी गई। दबिश के दौरान जनपद सुलतानपुर में लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 300 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 02 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्रवाई की गई। दबिश के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर पर दो पहिया की नीलामी हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यावाही करते हुए मा0 न्यायालय से आदेश प्राप्त किया जा चुका है। तथा दिनांक 05.01.2024 को दो पहिया वाहन की नीलामी हेतु तिथि नियत की गयी है। दिनांक 05.01.2024 को थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर में नीलामी की जाएगी।

**थानाध्यक्ष**
**थाना- चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक - 2295779 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**आशीष कुमार पुत्र श्रीप्रकाश**
**ग्राम-मुडिला खुर्द, पोस्ट- चिल्हिया, जनपद-सिद्धार्थनगर।**

## सूचना

अभियुक्त व्यक्ति हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा धारा 82 सीआरपीसी के तहत न्यायालय सी.जे.एम. मु.आ.सं.225/2023 धारा 366 आईपीसी थाना को. बांसी जिला सिद्धार्थनगर। सरकार बनाम महफूज सिद्दीकी पुत्र अकरम सिद्दीकी निवासी बेलगड़ी थाना शिवनगर डिड़ई जिला सि.न. न्यायालय के अधीन दंडनीय अपराध किया/ संदेह किया गया है, और उसे पर जारी किए गये अधिकारपत्र को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान रूप में यह दर्शित किया गया है कि उक्त अभियुक्त महफूज सिद्दीकी फरार हो गया है या उक्त वारंट की तमिला से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है। इसलिए उसके द्वारा उदघोषणा की जाती है निवासी बेलगड़ी के उक्त अभियुक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद की उत्तर देने के लिए किसी भी तिथि को न्यायालय में हाजिर होसूचना प्रसारित होने के बाद जल्द से जल्द न्यायालय में उपस्थित हो।

## कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर

पत्रांक : 822/नि0सू0/न0पं0कच0/2023-24 दिनांक : 02/01/2024

### ई-टेन्डर सूचना

नगर पंचायत कचगॉव जौनपुर के समरत पंजीकृत एवं 3890/नौ-5-19-1491/2019 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि **''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत''** प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो को करने हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेण्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निम्न शेड्यूल के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, नियम/शर्ते वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

### ई-टेण्डर शेड्यूल

| क्र.सं | विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02/01/2024 अपरान्ह 02:00 बजे |
| 2 | ठेकेदार/फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 02/01/2024 अपरान्ह 03:00 बजे |
| 3 | ठेकेदार/फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22/01/2024 अपरान्ह 02:00 बजे |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22/01/2024 अपरान्ह 03:00 बजे |

**(आस्था पाठक)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर।**

**(फिरोज़ अहमद खान)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर।**

## कार्यालय : नगर पंचायत, मथौली जनपद- कुशीनगर (उ.प्र.)

पत्रांक- 281/न.पं.म./2023-2024 दिनांक- 02-01-2024

### अल्पकालिन-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मधौली जनपद-कुशीनगर के सीमान्तर्गत स्थित प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में मुत्रालय निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 09.01.2024 तक मुहरबन्द/लिफाफा बन्द निविदा/कोटेशन आमंत्रित किया जाता है जो उसी दिन प्रातः 02:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं/कोटेशनदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सबसे न्यूनतम दर के निविदा को ही स्वीकृति दी जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र.सं./ कार्य संख्या | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | ठेकेदार/फर्म द्वारा अंकित न्यूनतम दर |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0 विद्यालय लोहेपार मल्ल टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 2 | प्रा0 विद्यालय सिरसियों घुस टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 3 | प्रा0 विद्यालय मथौली धुस टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 4 | पू0मा0 विद्यालय बहुआस टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 5 | प्रा0 विद्यालय केवटान टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 6 | प्रा0 विद्यालय झमई टोला- 1 टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |
| 7 | प्रा0 विद्यालय झमई टोला- 2 टोला में मुत्रालय निर्माण कार्य | 83276.00 रुपये | -- |

**नियम एवं शर्ते :-**

1- फर्म द्वारा जी0एस0टी0 नम्बर व पैन, पंजिकरण प्रमाण पत्र, हैसित प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
2- निविदा फार्मा कार्यालय द्वारा फार्म शुल्क मु0-800.00 रुपये जमा के पश्चात दिया जायेगा।
3- प्रत्येक कार्य हेतु फर्म द्वारा मु0-10000.00 रुपये का जमानत धनराशि नगद, चेक, एफ0डी0आर0 के माध्य से अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बंधन ही मान्य होगा।
4- अन्य नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय के कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
5- इच्छूक फर्म उक्त कार्य का अवलोकन कर ले तथा उपरोक्तानुसार कार्य को समझ ले तदानुसार ही उपरोक्त कार्यो हेतु न्युन्तम दर को कोटेशन में अंकित करें।

**(सीमा राय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मथौली कुशीनगर।**

**(नवरंग सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मथौली कुशीनगर।**

## ग्राम पंचायत- महली वि.खं.-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.01.2024 से 08.01.2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 08.01.2024 को सुबह 11:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**राम स्वरूप गुप्ता**
**सचिव**
**ग्रा.पं. महली**

**गिरजेश चौधरी**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. महली**

## ग्राम पंचायत- सैनुआ वि.खं.-लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 08-01-2024 से 18-01-2024 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 18-01-2024 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**रविन्द्र कुमार जाटव**
**सचिव**
**ग्रा.पं. सैनुआ**

**शोभा देवी**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. सैनुआ**

मुख्यमंत्री के समक्ष गोरखपुर, आजमगढ़, मेरठ, अलीगढ़ तथा मथुरा-वृंदावन की महायोजना-2031 का प्रस्तुतिकरण

# परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किए जाएं: योगी

## सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत व्यापक अध्ययन होना चाहिए, जिससे हम महायोजना में उनका ध्यान रख सकें: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

- सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास किया जाए
- बस स्टेशनों को यथासम्भव शहर से बाहर स्थापित किया जाए: मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष आज उनके सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में गोरखपुर, आजमगढ़, मेरठ, अलीगढ़ तथा मथुरा-वृंदावन की महायोजना-2031 का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत व्यापक अध्ययन होना चाहिए, जिससे हम महायोजना में उनका ध्यान रख सकें। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किए जाएं। सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना होगा। इस इनर रिंग रोड के बगल में विभिन्न लिंक रोड पर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। नगर के अंदर के कंजेशन को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि रिंग रोड के बाहर अलग-अलग मार्गो पर अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों का विकास करने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उदाहरण के लिए कहीं कपड़ा मार्केट के लिए, तो कहीं दवा मार्केट के लिए वेयर हाउस बनाए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसी प्रकार किसी अन्य मार्ग पर एजुकेशन का हब बनाया जाना चाहिए। यह कार्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में प्लानिंग करते समय स्वयं के स्रोतों से आय जेनरेट करने की व्यवस्था हो। बस स्टेशनों को यथासम्भव शहर से बाहर स्थापित किया जाना चाहिए। लोगों को शहर में आने के लिए इलेक्ट्रिक बस की सुविधा दी जानी चाहिए। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। शहर में इलेक्ट्रिक बसों को वरीयता दें। परंपरागत ईंधन वाली बसों को यथासंभव नगर से बाहर ही रखा जाए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के पास ही लॉजिस्टिक हब भी तैयार किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर नगर की महायोजना में हरित क्षेत्र के लिए स्थान आरक्षित हो। जहां कहीं भी ग्रीन बेल्ट है, वहां किसी भी दशा में नई कॉलोनी न बसने पाए। इस निर्देश को महायोजना में शामिल करें। नई कॉलोनी के विकास के साथ, वहां सड़क, सीवर, बिजली, पानी जैसी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण प्रभावित लोगों का पुनर्वास प्राथमिकता के साथ कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़े राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है।

## टीबी मरीजों को नोटिफाई कर प्रदेश ने बनाया रिकार्ड: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश ने 6,24,490 टीबी मरीजों को नोटिफाई कर देश में एक इतिहास रचा है। देश में कार्यक्रम के तहत अब तक एक साल के भीतर किया गया यह सबसे अधिक नोटिफिकेशन है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस उपलब्धि का श्रेय राज्य व जिला स्तरीय अधिकारियों की कड़ी मेहनत के साथ ही ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधानों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी को दिया है। उनका कहना है कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव हो सका है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि सेंट्रल टीबी डिवीजन ने इस साल उत्तर प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया था।

# विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से मतदाताओं को किया जाये जागरूक: सीईओ

अवधनामा ब्यूरो

- जनपद स्तर पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाये

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों व स्वीप नोडल अधिकारियों से बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन, इलेक्ट्रोल लिटेऊसी क्लब द्वारा संचालित गतिविधियों, स्वीप के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों, प्रचार-प्रसार से सम्बंधित योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समस्त शासकीय कार्यालयों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, बूथ स्तर आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण का आयोजन कराया जाये। उन्होंने कहा कि समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्कूल/कॉलेजों में 25 जनवरी को अवकाश की स्थिति में 24 जनवरी, 2024 को शपथ ग्रहण का आयोजन कराया जाय। जनपद के मुख्य आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता आदि के साथ सेल्फी प्वाइंट विशेष रूप से दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाये तथा स्वीप गतिविधियों से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगायी जाय एवं साथ ही क्यूआर कोड का प्रदर्शन किया जाये। सभी सोशल मीडिया हैण्डल्स के माध्यम से सहडूष्ठ 2024 प्रचारित किया जाय। रुमैं हूं ना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण-2024 में 18 वर्ष के पहली बार बने नये मतदाताओं को, दिव्यांगजन, थर्ड जेण्डर तथा 80 से अधिक उम्र वाले मतदाताओं को जनपद स्तर पर बैज लगाकर तथा युवा मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान-पत्र देकर सम्मानित किया जाये। जनपद स्तरीय नामित आइकन के माध्यम से मतदाताओं के लिए मैसेज प्रसारित कराया जाय।

स्कूल व कालेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया जाये। जनपद स्तर पर बैनर व हॉर्डिंग, पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को मतदाता दिवस पर सम्मानित किया जाये।

# संदिग्ध परिस्थितियों में एक्सप्रेसवे की जाली पर लटका मिला शव

अवधनामा ब्यूरो



**काकोरी लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के सरोसा गांव के अंतर्गत आगरा एक्सप्रेस वे के ऊपर नहर के पास सटी जाली में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला।ग्रामीणों ने व्यक्ति को फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी।इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजने के साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव मोफलर के सहारे एक्सप्रेस वे की जाली से लटक रहा है। इस सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को उतार कर उसकी तलाशी लेने पर उसके जेब से ऐसा कुछ नही मिल सका जिससे की पहचान हो सकी। आस पास शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा।

# अमेरिकन यूनिवर्सिटी, ने डीलिट् की मानद उपाधि से किया विभूषित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर राज कुमार सिंह को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ,वाशिंगटन के द्वारा डी लिट् की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। अमेरिकन यूनिवर्सिटी का उपाधि वितरण कार्यक्रम डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।डॉक्टर राज कुमार सिंह जनपद बलिया के किसान परिवार से है।बचपन में ही माताजी स्वर्गीय रामपरी देवी के निधन के बाद इन्होंने अपनी बहन श्रीमती शांति सिंह के पास रह कर माध्यमिक स्तर की शिक्षा ली। डॉ राज कुमार सिंह की उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में संपन्न हुई है। घर में अभावग्रस्त परिस्थितियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्वप्रेरित है।एक आदर्श नागरिक के रूप में अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए भी ये सदैव तत्पर रहते है। उनके द्वारा अर्जित इस उपलब्धि से उनके गृह जनपद में गर्व एवं हर्ष का वातावरण है।

# कानून बनाना और लोगों को परेशान करना मोदी सरकार की आदत: अजय

यूपी जोड़ो यात्रा

अवधनामा ब्यूरो



**सीतापुर/लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में निकाली जा रही यूपी जोड़ो यात्रा पंद्रहवें दिन सीतापुर पहुंची। यात्रा के सीतापुर पहुंचने पर यात्रा का स्वागत जिला इकाई ने नबीनगर में किया। नबीनगर में एआईसीसी सदस्य डॉ. ममता वर्मा ने जनसभा आयोजित की, जिसे सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बिना प्रभावित पक्ष से बात किये कानून बनाने और लोगों को परेशान करने की केन्द्र की मोदी सरकार की आदत हो गयी है। चाहे किसानों का मामला हो या व्यापारियों का फिर ड्राइवरों का। निरंकुशता ही इनके शासन की पद्धति बन गयी है। जनता इनके निरंकुश शासन और झूठ से ऊब चुकी है और अब 2024 में बदलाव तय है। जनसभा के बाद पदयात्रा में तब्दील यात्रा नबीनगर बाजार से लहरपुर, मजाशाह चौराहा नेवादा पहुंची जहां नुसरत अली ने यात्रा में शामिल यात्रियों को जलपान कराया। यहां के बाद यात्रा मेहंदीपुरवा कसरैला होते हुए सीतापुर नैपालापुर चौराहे पहुंची जहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बुधवार को यात्रा में पूर्व विधायक राकेश राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, शरद मिश्रा, संगठन महासचिव अनिल यादव, महासचिव सरिता पटेल, ओमवीर यादव, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम, अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कोआर्डिनेटर शमीम खान, किसान कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष जगदीश सिंह, प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी, पुनीत पाठक, सचिन रावत, सीतापुर जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, सोशल मीडिया उपाध्यक्ष दानिश आजम वारसी, संजीव गुप्ता, पीसीसी सदस्य इं. संदीप वर्मा, लहरपुर कांग्रेस अध्यक्ष ताहिर भाई, बेहटा अध्यक्ष आशीष शुक्ला, लहरपुर प्रत्याशी रहीं अनुपमा द्विवेदी, नदीम इकमाल, कमला रावत, मंजरी राही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

## कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती

**लखनऊ।** देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दिनेश सिंह ने सावित्रीबाई फुले के कृतित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले देश के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक रहीं। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह जिया, जिसका मकसद विधवा विवाह कराना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना था। वे एक कवियत्री भी थीं और उन्हें मराठी की आदि कवियत्री माना जाता है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, डॉ. रिचा कौशिक, संजय शर्मा, सिद्धिश्री, डी.पी. सिंह, विभा त्रिपाठी, बृजेन्द्र सिंह, तनवीर फातिमा, महताब जायसी, आचार्य आर. सौम्या सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## शहीद कासिम सुलेमानी और अबू मेहदी अल मोहंदिस के ईसाले सवाब के लिए मजलिस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहीद कासिम सुलेमानी और अबू मेहदी अल मोहंदिस के ईसाले सवाब के लिए मजलिस उलमा-ए-हिन्द की ओर से मजलिस आयोजित होगी। शुक्रवार को आसिफी मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद मजलिस आयोजित होगी। तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को हौजए इल्मिया हजरत दिलदार अली गुफरानमआब के मौलाना रजा हैदर जैदी खिताब करेंगे। वहीं मेहदियंस ग्रुप की ओर से रविवार को तहसीनगंज स्थित इमामबाड़ा मलका जहां में शहीद कासिम सुलेमानी और अबू मेहदी अल मोहंदिस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित डाक्यूमेंट्री सरबाज-ए-हुसैनी का प्रदर्शन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एक घण्टे की डाक्यूमेंट्री लोगों को निशुल्क दिखाई जाएगी।

# जनाबे फातिमा जहरा की विलादत पर महफिल व मीलाद का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रसूले अकरम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की बेटी जनाबे फातिमा जहरा की विलादत 20 जमादिस्सानी (जन्मदिन) की खुशी में बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों और इमामबाड़ों में महफिल-मीलाद और नज्र-नियाज का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों ने अपने घर-इमामबाड़ों और रौजों में दुख्तरे रसूल की विलादत की खुशी में महफिल-मीलाद नज्र-नियाज करा एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इदारए खादिमाने बुतूल की ओर से सआदतगंज स्थित रौजए काजमैन में महफिल आयोजित हुई। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी और मौलाना गुलाम हुसैन सदफ जौनपुरी ने खिताब करते हुए जनाबे फातिमा जहरा की फजीलत, अजमत और सीरत बयान। मौलाना अब्बास इरशाद ने कहा कि दुख्तरे रसूल एक आदर्श बेटी, पत्नी और आदर्श मां की भूमिका निभाई। इससे पहले महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी नदीम नजफी ने किया। महफिल में शायरों ने अपने कलामों का नजराना पेश किया। ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग में हुई मगरिब की नमाज के बाद मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास की ओर से नज्र कराई गयी। सआदतगंज के रुस्तम नगर स्थित रौजए फातमैन में तरही महफिल आयोजित हुई। महफिल को मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब करते हुए दुख्तरे रसूल की फजीलत और सीरत बयान की। महफिल के बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास की ओर से बुधवार को नक्खास स्थित अवध प्वाइंट पर नज्रे जनाबे फातिमा का आयोजन किया गया। यहां नज्र में मौलाना सैफ अब्बास नकवी, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना तसनीम मेहदी सहित अन्य उलमा ने दस्तरख्वान पर नज्र दी, जिसके बाद अकीदतमंदों ने नज्र चख अपनी दुआएं मांगी। हसनपुरिया स्थित मस्जिद अब्बासिया में हुई महफिल को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने खिताब किया। महफिल का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कलामे पाक से किया। नक्खास स्थित मस्जिद हैदरी में नेशनल हुसैनी कांफ्रेंस की ओर से हुई महफिल को मौलाना मोहम्मद दानिश जैदी ने खिताब किया। वहीं महिलाओं ने भी इमामबाड़ों और घरों में महफिल-मीलाद कर दुख्तरे रसूल की विलादत की खुशी मनायी और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

## जलसा यौमे सिद्दीके अकबर का आयोजन

**लखनऊ।** मरकजी जमीयतुल हुफ्फाज की ओर से शुक्रवार को अकबरी गेट स्थित मस्जिद एक मीनारा में जलसा यौमे सिद्दीके अकबर का आयोजन किया जाएगा। हाफिज अब्दुर्रशीद की सरपरस्ती में आयोजित होने वाले जलसे का आगाज कारी मोहम्मद हिजकील और कारी मोहम्मद नौमान की तिलावते कलामे पाक से नमाज मगरिब के बाद किया जाएगा। जलसे को हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक खिताब करते हुए हजरत अबू बकर सिद्दीक की खिलाफत और सीरत पर रोशनी डालेंगे। मदरसा आलिया फुरकानिया की अंजुमन मक्का-मदनी सलाम पेश करेगी।

## इमामे हसन मुजतबा की याद में दिलाई जायेगी नज्र

**लखनऊ।** हजरत अली के पुत्र और दूसरे इमाम हजरत इमामे हसन मुजतबा की याद में शुक्रवार को दस्तरख्वान की नज्र दिलाई जाएगी। इमामे हसन का दस्तरख्वान के नाम से मशहूर दस्तरख्वान की नज्र शुक्रवार को मगरिब की नमाज के बाद दिलाई जाएगी। नज्र में अकीदतमंद तमाम तरह के व्यंजन और पकवानों पर इमाम हसन की नज्र दिलाएंगे और एक-दूसरे के घर जाकर नज्र चखेंगे और अपनी दुआएं मांगेंगे। मगरिब की नमाज के बाद से शुरू होने वाले नज्र का सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा। इस मौके पर पुराने लखनऊ के मोहल्लों में देर रात तक काफी चहल-पहल रहती है।

## दस्तरखान हजरत इमाम हसन कल

**लखनऊ।** अमीर उल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के बेटे और दूसरे इमाम, इमाम हसन (अ.स.) के नाम मशहूर दस्तरखान का त्योहार शिया समुदाय शुक्रवार को मनायेगा जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस मौके पर मगरिब की नमाज के बाद लोग अपने घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों व फलों पर इमाम हसन (अ.स.) की नज्र देंगे। विशेषकर इस नज्र में पूरी रखी जाती है नज्र के बाद लोग दो पूरी खाकर मन्नत मानते है तथा मन्नत पूरी होने पर अगले वर्ष वह वहां नज्र दिलवाते है। इस मौके पर लोग एक-दूसरे के घर जाकर नज्र चखते है यह सिलसिला देर रात तक चलता है। दस्तरखान के मोके पर पुराने लखनऊ के इलाकों में काफी चहल-पहल रहती है।




# विधायक के नेतृत्व में ग्राम खुर्रमपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- डॉ राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में निकली भव्य विकसित भारत संकल्प यात्रा, सांसद कौशल किशोर समेत कई भाजपा वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश के कोने-कोने में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन - जन तक पहुँचाने व हर लोक कल्याणकारी योजना से लाभान्वित करने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इन्ही संकल्प और मकसद को पूरा करने के लिए सरोजनीनगर में निरंतर विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है, जिसके क्रम में बुधवार को विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में ग्राम खुर्रमपुर पहुंची भव्य विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिसमें सांसद कौशल किशोर, कई भाजपा वरिष्ठ नेता रहे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विधायक राजेश्वर सिंह के साथ भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं समेत हजारों ग्रामीणों नें वर्ष 2047 तक देश को विकसित ओर आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने की शपथ ली साथ ही विधायक नें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी देते हुए योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया। ग्राम पंचायत खुर्रमपुर में सरकारी योजनाओं के 222 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) कार्ड, 567 लाभार्थियों को राशन कार्ड एवं 50 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। वहीं सम्बंधित विभागों जैसे राजस्व, ग्राम विकास, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, बेसिक शिक्षा, अग्रणी जिला बैंक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग,आपूर्ति एवं वितरण विभाग, उद्योग विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के कैंप लगाकर प्रत्येक पात्र को लाभार्थी बनाने के लिए जनसहयोग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्राम खुर्रमपुर में हैण्डपम्प, सोलर लाइट, सड़के और स्कूल में बाउंड्री वाल बनाने के साथ ही स्कूल मे झूले लगाने की घोषणा की तथा बुजुर्गो एवं महिलाओं के पेंशन हेतु विशेष कैंप लगवाने एवं ग्राम पलेंदा निवासी रेखा पाल का दिव्यांग कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित बच्चों को टॉफी चॉकलेट तथा अपना स्नेह भी दिया, विधायक से मिलने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए क्षेत्रीय जनता बहुत ही उत्साहित दिखाई दी जिसका कारण है विधायक द्वारा सभी के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सदैव उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करते रहना। विधायक राजेश्वर सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिन्दुस्तान का अभूतपूर्व विकास हो रहा है, भारत निरंतर सशक्त हो रहा है और अन्त्योदय के संकल्प को पूरा कर रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 9 साल में 4 करोड़ परिवारों को पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ लोगों को 6000 रुपये प्रति वर्ष दिया गया साथ ही सौभाग्य योजना से भारत के हर एक गांव में बिजली पहुंच गई है, 3 करोड़ मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए गए हैं, 50 करोड़ जनधन खाते खुलवाए गये हैं, वहीं 82 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, लगातार उज्वला योजना से गैस कनेक्शन दिया जा रहा है।

